26TH ANNIVERSARY

संबल संस्कार मीडिया

महाकोशल - विंध्य का सर्वाधिक प्रसारित अखबार

# सी SEE टाइम्स

epaper
www.seetimes.in
http://seetim.es/fb
http://seetim.es/tw
http://seetim.es/ins
http://seetim.es/tg

■ वर्ष-26 ■ अंक -52 ■ जबलपुर, बुधवार 12 फरवरी, 2025 ■ पृष्ठ 10 ■ मूल्य-3 रुपये

## महाकुंभ में स्नानार्थियों की संख्या 45 करोड़ के पार, माघ पूर्णिमा और महाशिवरात्रि पर बन सकता है नया रिकॉर्ड



महाकुंभ नगर, (आईएएनएस)। मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब उस शिखर पर पहुंच गया है, जिसकी महाकुंभ से पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उम्मीद जताई थी।

सीएम योगी ने पहले ही अनुमान जताया था कि इस बार जो भव्य और दिव्य महाकुंभ का आयोजन हो रहा है, वह स्नानार्थियों की संख्या का नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा। उन्होंने शुरुआत में ही 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई थी। उनका यह आंकलन महाकुंभ के समापन से 15 दिन पहले ही सच साबित हो गया। मंगलवार की सुबह 8 बजे ही महाकुंभ में 45 करोड़ स्नानार्थियों की संख्या पार हो गई।

मंगलवार को सुबह 8 बजे तक करीब 50 लाख श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई, जिसके साथ ही महाकुंभ में स्नानार्थियों की संख्या 45 करोड़ पार हो गई। अभी महाकुंभ को 15 दिन और दो महत्वपूर्ण स्नान पर्व शेष हैं। पूरी उम्मीद है कि स्नानार्थियों की संख्या 50-55 करोड़ के ऊपर जा सकती है।

प्रयागराज में तीनों अमृत स्नान (मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी) के बाद भी श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों के जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है। देश और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से पवित्र त्रिवेणी में श्रद्धा और आस्था के साथ डुबकी लगाकर पुण्य प्राप्त करने के लिए श्रद्धालु प्रतिदिन लाखों, करोड़ों की संख्या में प्रयागराज पहुंच रहे हैं।

बसंत पंचमी के अंतिम अमृत स्नान पर्व के बाद भी श्रद्धा का जबरदस्त उत्साह लोगों को संगम तट तक खींचकर ला रहा है। मंगलवार को सुबह 8 बजे तक 49.68 लाख लोगों ने त्रिवेणी में स्नान किया। इसके बाद कुल स्नानार्थियों की संख्या 45 करोड़ के ऊपर पहुंच गई। स्नानार्थियों में 10 लाख कल्पवासियों के साथ-साथ देश-विदेश से आए श्रद्धालु एवं साधु-संत शामिल रहे।

यदि अब तक के कुल स्नानार्थियों की संख्या का विश्लेषण करें तो सर्वाधिक 8 करोड़ श्रद्धालुओं ने मौनी अमावस्या पर स्नान किया था, जबकि 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर अमृत स्नान किया था। एक फरवरी और 30 जनवरी को 2-2 करोड़ से ज्यादा और पौष पूर्णिमा पर 1.7 करोड़ श्रद्धालुओं ने पुण्य डुबकी लगाई। इसके अलावा बसंत पंचमी पर 2.57 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई थी।

माघ पूर्णिमा से पहले भी प्रतिदिन एक करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम तट पर पवित्र स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं, महाशिवरात्रि पर भी लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। महाकुंभ का समापन 26 फरवरी को होना है।

## हमेशा ही 20 साल आगे की सोचते हैं प्रधानमंत्री, मोदी आर्काइव पर शेयर किए गए वीडियो से हुई इस बात की पुष्टि



नई दिल्ली, (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो को मोदी आर्काइव अकाउंट से साझा किया गया है। इस वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कैसे पीएम मोदी किसी भी क्षेत्र के लिए 20 साल आगे का विजन रखते हैं। वह जो सोचते हैं उसका फायदा आगे आने वाले समय में देखने को मिलता है। मोदी आर्काइव एक्स अकाउंट पर शेयर पीएम मोदी से जुड़े वीडियो से भी इसी बात का पता चलता है। यह वीडियो पीएम मोदी का 2006 का बताया जा रहा है, जब वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे। इस वीडियो में पीएम मोदी ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोत के बारे में बात करते हुए नजर आते हैं। आज इतने साल बाद जिस गति से सौर ऊर्जा (ऊर्जा के इस नवीकरणीय स्रोत) की डिमांड बढ़ी है उससे साफ पता चलने लगा कि वह हमेशा ही 20 साल आगे की सोचते थे। मोदी आर्काइव ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, ÷2006 का पीएम मोदी का भाषण, जो साबित करता है कि वे हमेशा 20 साल आगे की सोचते थे। आज जब भारत ने 100 गीगावॉट की स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता को पार कर लिया है तो उस व्यक्ति को नजरअंदाज करना असंभव है, जिसने यह सब शुरू किया। वह नेता जिसने सौर ऊर्जा में निवेश करने का साहस किया, जब दूसरे लोग हिचकिचा रहे थे। 2006 का यह भाषण सुनें, जिसमें नरेंद्र मोदी भारत और दुनिया के लिए अपने सौर ऊर्जा के लिए विजन को स्पष्टता से रख रहे हैं। वही सोच आज भारत की उल्लेखनीय सौर सफलता के पीछे की यात्रा को उजागर करता है। मोदी आर्काइव के पोस्ट में आगे लिखा गया, उस समय नरेंद्र मोदी की इस सोच की आलोचना करते हुए कहा गया है कि यह गुजरात को दिवालिया बना देगा!'।

## दिल्ली सीएम को लेकर हलचल तेज, जेपी नड्डा ने 10 विधायकों से की मुलाकात

नई दिल्ली, (आईएएनएस) दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद भाजपा के 10 नवनिर्वाचित विधायकों ने मंगलवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। इन विधायकों में विजेंद्र गुप्ता, रेखा गुप्ता, अरविंदर सिंह लवली, अजय महावर, सतीश उपाध्याय, शिखा राय, अनिल शर्मा और डॉ. अनिल गोयल, कपिल मिश्रा और कुलवंत राणा शामिल हैं। इस विधायकों में 3 से 4 चेहरे मुख्यमंत्री पद के दावेदार बताए जा रहे है।

दिल्ली चुनाव में पार्टी की जीत के बाद भाजपा ने सरकार गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ऐसे में भाजपा विधायकों की जेपी नड्डा से मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है। इससे पहले कुछ नवनिर्वाचित विधायकों ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना से भी मुलाकात की। अरविंद केजरीवाल को हराने वाले नई दिल्ली के विधायक प्रवेश वर्मा, कैलाश गहलोत और अरविंदर सिंह लवली समेत जीते हुए तमाम विधायकों ने एलजी वीके सक्सेना से मुलाकात की थी। वहीं सोमवार शाम भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की। सूत्रों ने मुताबिक दोनों नेताओं की इस बैठक में दिल्ली के अगले सीएम को लेकर चर्चा हुई।

## जबलपुर में सड़क दुर्घटना में सात कुंभ यात्रियों की मौत, सीएम मोहन यादव ने जताया शोक



जबलपुर (आईएएनएस)। मध्य प्रदेश के जबलपुर में मंगलवार की सुबह कुंभ यात्रियों का वाहन एक ट्रक से टकरा गया। इस हादसे में सात लोगों की मौत हुई है। राहत और बचाव कार्य जारी है। मिली जानकारी के अनुसार, नेशनल हाईवे क्रमांक 30 पर मंगलवार को प्रयागराज से लौट रहे श्रद्धालुओं का ट्रैवलर वाहन गलत साइड से चल रहे ट्रक से टकरा गया। इसके बाद दो अन्य कारें भी इस हादसे की चपेट में आई। ट्रैवलर वाहन में सवार सात लोगों की मौत हो गई है और कई लोग घायल हुए हैं।

बताया गया है कि यह हादसा सिहोरा गांव के पास हुआ है। ट्रैवलर वाहन में सवार लोग प्रयागराज से लौट रहे थे, तभी विपरीत दिशा से गलत साइड पर चल रहे ट्रक से श्रद्धालुओं के वाहन की टक्कर हो गई। ट्रैवलर वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ है। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो चुकी है, वहीं कई लोग घायल हुए हैं। इसके अलावा, ट्रैवलर वाहन के पीछे चल रही कार भी हादसे का शिकार हुई। हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया है। हादसे का शिकार हुए लोग आंध्र प्रदेश के निवासी बताए जा रहे हैं।

पुलिस अधिकारी के मुताबिक, जो ट्रैवलर वाहन हादसे का शिकार हुआ है, उसका नंबर आंध्र प्रदेश का है। इस वाहन में सवार लोग भी आंध्र प्रदेश के निवासी हैं। वहीं, ट्रैवलर वाहन के पीछे चल रही कार भी दुर्घटनाग्रस्त हुई, लेकिन एयर बैग की वजह से कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

इस हादसे पर सीएम मोहन यादव ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, ÷जबलपुर जिले के सिहोरा में नागपुर-प्रयागराज नेशनल हाईवे पर प्रयागराज से वापस आ रही ट्रैवलर और ट्रक की भीषण सड़क दुर्घटना में आंध्रप्रदेश राज्य के तीर्थयात्रियों की असामयिक मृत्यु एवं घायल होने का समाचार अत्यंत ही दुखद है, मेरी संवेदनाएं सभी शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। ÷जिला प्रशासन को निर्देशित किया है कि घायलों का समुचित उपचार एवं सभी मृतकों के परिजनों से संपर्क कर पार्थिव देह को पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। बाबा महाकाल से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दु:ख सहन करने की शक्ति देने तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

### मेडिकल कॉलेज में एडमिट है

1.नवीनाचार्य 51वर्ष
2.बालकृष्ण 63 वर्ष

मृतकों के नाम

1.राजू 60 वर्ष
2.बी संतोष 48 वर्ष
3.जी आनंद
4. शशि
5. मल्लेश
6. रवि
7. प्रसाद

प्रारंभिक तौर पर ये जानकारी मिली है, संशोधन होगा तो पृथक से अवगत कराया जाएगा

## उत्तर प्रदेश : सुल्तानपुर एमपी-एमएलए अदालत में राहुल गांधी मानहानि मामले की अगली सुनवाई 24 फरवरी को



सुल्तानपुर, (आईएएनएस)। उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर की एमपी-एमएलए अदालत में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में मंगलवार को सुनवाई हुई। परिवादी विजय मिश्रा से जिरह की कार्रवाई पूरी हो गई है। राहुल गांधी के वकील काशी प्रसाद शुक्ला द्वारा उनके मुवक्किल से बहस पूरी हो गई है। अब 24 फरवरी को गवाह से जिरह होगी। उल्लेखनीय है कि कोतवाली देहात के हनुमानगंज निवासी भाजपा नेता विजय मिश्रा ने वर्ष 2018 में राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा एमपी-एमएलए अदालत में दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि 2018 में कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने अभद्र टिप्पणी की थी जिससे वह आहत हैं। अदालत में पांच साल लंबी प्रक्रिया चली। राहुल गांधी हाजिर नहीं हुए तो दिसंबर 2023 में तत्कालीन न्यायमूर्ति ने वारंट जारी कर उन्हें तलब किया था। फरवरी 2024 में राहुल गांधी ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया था। विशेष मजिस्ट्रेट ने निजी मुचलके पर उन्हें जमानत दे दी थी। इसके बाद उनका बयान दर्ज किया गया था। कई तारीखों के बाद वह जुलाई में अपना बयान दर्ज कराने पहुंचे थे। उन्होंने इस मामले को अपने खिलाफ एक साजिश बताया था।

अब 24 फरवरी को मामले की सुनवाई होगी, जिसमें गवाह से जिरह होगी। राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि आज एमपी-एमएलए कोर्ट में राहुल गांधी के मामले में क्रॉस एग्जामिनेशन पूरा किया गया है। अगली सुनवाई 24 फरवरी को होगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने इस प्रकरण में अंग्रेजी भाषा में प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी, लेकिन परिवादी को यह बात पता ही नहीं थी। उन्होंने अपने जवाब में कहा है कि प्रेस कॉन्फ्रेंस हिंदी भाषा में की गई है। उन्होंने यह जवाब न्यायालय के समक्ष दिया है। उन्हें तथ्यों की जानकारी नहीं है। काशी प्रसाद शुक्ला ने आरोप लगाया कि यह मामला राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की छवि को धूमिल करने के लिए दर्ज किया गया है।

शिकायतकर्ता विजय मिश्रा के अधिवक्ता ने बताया कि

## महाकुंभ : विपक्षियों को भी योगी सरकार की व्यवस्थाओं पर भरोसा...





महाकुंभ नगर, (आईएएनएस)। महाकुंभ की भव्यता और दिव्यता सभी सीमाओं को लांघते हुए पूरे विश्व को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस ऐतिहासिक आयोजन की ऐसी उत्कृष्ट व्यवस्थाएं की गई हैं, जिसने इसे अब तक का सबसे भव्य और सुव्यवस्थित महाकुंभ बना दिया है।

सत्ता पक्ष से लेकर विपक्ष तक, आमजन से लेकर वीवीआईपी तक, हर कोई संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिए उत्सुक दिख रहा है। विपक्ष के नेताओं की जुबान पर भले ही विरोध रहा हो, लेकिन मन में उत्साह लेकर अधिकतर नेताओं को संगम की शरण में आते देखा जा रहा है।

महाकुंभ के महापर्व पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित देश के सभी गणमान्य महाकुंभ नगर पहुंचे। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हो रहे दुनिया के सबसे विशाल कार्यक्रम के गवाह तमाम प्रदेशों के राज्यपाल और मुख्यमंत्री बने। इसी क्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल आस्था की डुबकी लगाने पहुंचे।

सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में समूचे मंत्रिपरिषद ने एक साथ त्रिवेणी में पवित्र अमृत स्नान किया। इसके बाद राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपनी पूरी मंत्री परिषद, सांसदों और विधायकों के साथ संगम में स्नान किया।

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, कर्नाटक के डिप्टी सीएम और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार भी पवित्र त्रिवेणी में स्नान करने पहुंचे। डीके शिवकुमार के साथ उनकी पत्नी उषा भी पहुंची थीं। डीके शिवकुमार से पहले उनकी बेटी ऐश्वर्या ने महाकुंभ में स्नान कर विशेष पूजन किया।

यहां आने से यूपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय भी खुद को नहीं रोक सके। दूसरी ओर वरिष्ठ कांग्रेसी और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह भी महाकुंभ नगर में पवित्र अमृत स्नान की उम्मीद से चले। लेकिन, यहां उमड़े श्रद्धालुओं के अभूतपूर्व जनसमुद्र में फंसकर रह गए।

## प्रदूषण पर लगाम के लिए संसदीय समिति ने की पराली का न्यूनतम मूल्य तय करने की सिफारिश



नई दिल्ली, (आईएएनएस)। संसद की एक समिति ने दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण नियंत्रण के लिए पराली जलाने की घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से पराली का बेंचमार्क न्यूनतम मूल्य तय करने और धान की जल्द तैयार होने वाली फसल को अपनाने की सलाह दी है। साथ ही, समिति ने कहा है कि ÷रेड एंट्री÷ वाले किसानों के लिए एक निश्चित समय बाद इससे बाहर निकलने का भी प्रावधान होना चाहिए। अधीनस्थ विधान संबंधी समिति के अध्यक्ष मिलिंद मुरली देवड़ा ने मंगलवार को राज्यसभा में एनसीआर और आसपास के इलाकों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए गठित आयोग पर अपनी रिपोर्ट में यह बात कही है। समिति की अनुशंसा में कहा गया है कि आयोग को राज्य सरकारों से मशविरा कर पराली के लिए एक मानक न्यूनतम मूल्य तय करना चाहिए जो एमएसपी की तरह किसानों को पराली की बिक्री पर एक निश्चित आय की गारंटी प्रदान करे। इसकी हर साल समीक्षा का भी सुझाव दिया गया है। अनुशंसा में कहा गया है कि जिन इलाकों में पराली के अंतिम उपभोक्ता नहीं हैं, वहां 20-50 किलोमीटर पर भंडारण की सुविधा उपलब्ध कराई जाए ताकि किसानों पर पराली की ढुलाई का ज्यादा बोझ न पड़े। समिति ने कहा है कि पराली जलाने की एक प्रमुख वजह यह है कि धान की कटाई के बाद किसानों के पास रबी की फसल की बुवाई के लिए 25 दिन से ज्यादा का समय नहीं रहता है। ऐसे में पूसा-44 जैसी धान की जल्द तैयार होने वाली फसल को प्रोत्साहित कर इस समस्या का हल निकाला जा सकता है।

विभिन्न मंत्रालयों और विभागों से रायशुमारी के बाद तैयार इस रिपोर्ट में कृषि अपशिष्ट से जैव ऊर्जा उत्पादन के लिए एक एकीकृत राष्ट्रीय नीति बनाने की भी सिफारिश की गई है। इस नीति को तैयार करने में कृषि मंत्रालय के साथ नवीन एवं नवीनीकृत ऊर्जा मंत्रालय, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, उद्योग, स्वास्थ्य और पर्यावरण मंत्रालयों के साथ विचार-विमर्श का सुझाव दिया गया है।

## EVM से मत हटाना डेटा, सुप्रीम कोर्ट का चुनाव आयोग को आदेश

ईवीएम के वेरिफिकेशन से जुड़ी एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट न चुनाव आयोग से जवाब दाखिल करने को कहा है. एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (‹ष्ठक्र) की इस याचिका में मांग की गई है कि सुप्रीम कोर्ट चुनाव आयोग को ईवीएम की बर्न्ट मेमोरी की जांच के लिए स्पष्ट प्रोटोकॉल बनाने के लिए कहे. सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने मार्च के पहले सप्ताह में सुनवाई की बात कही है. कोर्ट ने यह भी कहा है कि जिन जगहों पर हाल ही में चुनाव हुए हैं, उनके ईवीएम का डेटा चुनाव आयोग फिलहाल न मिटाए, न ही उसमें नया डेटा लोड करे. याचिका में पिछले साल आए सुप्रीम कोर्ट के अहम फैसले का हवाला दिया गया है. इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने बैलेट पेपर यानी मतपत्र के ज़रिए चुनाव की पुरानी व्यवस्था बहाल करने से मना कर दिया था. साथ ही, वीवीपैट की सभी पर्चियों को गिनने की मांग को भी ठुकरा दिया था. लेकिन कोर्ट ने बेहतर पारदर्शिता के लिए चुनाव परिणाम घोषित होने के 1 सप्ताह के भीतर ईवीएम के बर्न्ट मेमोरी की जांच की अनुमति दी थी.

26 मार्च 2024 को दिए इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि परिणाम आने के 1 सप्ताह के भीतर दूसरे या तीसरे नंबर का उम्मीदवार दोबारा जांच की मांग कर सकता है. ऐसे में इंजीनियरों की टीम किसी 5 माइक्रो कंटोलर की बर्न्ट मेमोरी की जांच करेगी. इस जांच का खर्च उम्मीदवार को उठाना होगा. अगर गड़बड़ी साबित हुई तो उम्मीदवार को पैसा वापस मिल जाएगा. ADR की याचिका में कहा गया है कि चुनाव आयोग के मौजूदा स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर में ईवीएम की बेसिक जांच और मॉक पोल्स का ही निर्देश है.

# परीक्षा पे चर्चा : मानसिक स्वास्थ्य पर छात्रों से बात करने के लिए दीपिका ने पीएम मोदी का जताया आभार

**मुंबई, (आईएएनएस)। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने 'परीक्षा पे चर्चा' के 8वें संस्करण में 'मानसिक स्वास्थ्य' पर छात्रों से बात करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि वह इसे लेकर काफी उत्साहित हैं।**



दीपिका पादुकोण मानसिक स्वास्थ्य को लेकर अक्सर लोगों को जागरुक करती नजर आती हैं। ऐसे में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया। 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का आयोजन प्रधानमंत्री मोदी करते हैं, जिसमें छात्रों को शिक्षा, तनाव और परीक्षा के बारे में चर्चा करने के लिए शामिल किया जाता है।

अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर दीपिका ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया कि इस एपिसोड में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में महत्वपूर्ण बातचीत होगी, खासकर शिक्षा के संदर्भ में। वीडियो शेयर करते हुए अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, परीक्षा पे चर्चा अपने 8वें संस्करण के साथ वापस आ चुका है ! इस बार हम मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर भी चर्चा करेंगे। इस उद्देश्य के प्रति प्रतिबद्धता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद। मैं अपने एपिसोड को लॉन्च करने के लिए उत्सुक हूं। 'परीक्षा पे चर्चा 2025।

वहीं, एपिसोड के प्रोमो वीडियो की शुरुआत एक छात्र के पादुकोण से यह सवाल पूछने से होती है कि वे अपने मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए क्या महत्वपूर्ण काम कर सकते हैं?

अभिनेत्री ने छात्रों को सलाह दी कि वे हमेशा खुद को अभिव्यक्त करें वह परिवार के साथ हो या दोस्तों के साथ अपनी भावनाओं को कभी ना दबाएं।

अभिनेत्री ने आगे कहा, मैं हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देना चाहती हूं कि उन्होंने हमें योद्धा के रूप में सामने आने का यह मंच दिया, ना कि चिंता करने वालों के रूप में। मैं आप सभी को शुभकामनाएं देना चाहती हूं।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को दिल्ली में परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी) 2025 के आठवें संस्करण का शुभारंभ किया। पहले एपिसोड में, उन्होंने दिल्ली के सुंदर नर्सरी में छात्रों के साथ बातचीत की, जिसमें परीक्षा के तनाव को कम करने पर चर्चा की गई।

दूसरे एपिसोड में दीपिका पादुकोण शामिल होंगी, जो छात्रों के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत करेंगी। अभिनेत्री अपने व्यक्तिगत अनुभव और नजरिए को भी शेयर करेंगी।

'परीक्षा पे चर्चा' का दूसरा एपिसोड 12 फरवरी को जारी किया जाएगा।

# जीवन भर वीवीआईपी ट्रीटमेंट लेने वाले महाकुंभ को लेकर कर रहे दुष्प्रचार : सीएम योगी

लखनऊ, (आईएएनएस)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों की प्रासंगिकता को रेखांकित किया। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की अंत्योदय की सोच आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार हो रही है।



उन्होंने गरीबी उन्मूलन के खोखले नारों पर विपक्ष को घेरा, साथ ही सीएम योगी ने महाकुंभ को लेकर दुष्प्रचार करने वालों पर भी करारा प्रहार किया। सीएम योगी ने कहा कि जीवन भर वीवीआईपी ट्रीटमेंट लेने वाले लोग आज महाकुंभ को लेकर दुष्प्रचार में जुटे हैं।

भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य, अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद दर्शन के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पंडित उपाध्याय के आदर्शों को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति का कल्याण और विकास पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का सपना था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की डबल इंजन सरकार पंडित उपाध्याय के सपनों को पूरा कर रही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का यह मत था कि किसी भी देश की प्रगति का मापदंड ऊंचे पायदान पर खड़े व्यक्ति की समृद्धि से नहीं बल्कि सबसे अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के जीवन स्तर से किया जाना चाहिए। उनकी इसी सोच को केंद्र में रखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'सबका साथ, सबका विकास' का नारा दिया।

सीएम योगी ने कहा कि पिछली सरकारों ने गरीबी हटाने के बड़े-बड़े नारे दिए, लेकिन गरीबों की संख्या लगातार बढ़ती रही। वहीं, मोदी सरकार ने बीते 11 वर्षों में गरीबों को सशक्त बनाने का कार्य किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, शौचालय निर्माण, जल जीवन मिशन और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं की चर्चा की।

# शनिवार दोपहर तक होनी चाहिए सभी बंधकों की रिहाई, नहीं तो मचेगी तबाही : ट्रंप ने क्यों दी हमास को चेतावनी ?

वाशिंगटन, (आईएएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि हमास को शनिवार दोपहर तक बंधक बनाए गए सभी लोगों को रिहा कर देना चाहिए। अगर फिलिस्तीनी ग्रुप ऐसा नहीं करता है तो वह इजरायल-हमास युद्धविराम को रद्द करने का प्रस्ताव रखेंगे।

ओवल ऑफिस में पत्रकारों के साथ विस्तृत चर्चा में ट्रंप ने 8 जनवरी को हमास द्वारा रिहा किए गए तीन बंधकों की कमजोर शारीरिक हालत और फिलिस्तीनी ग्रुप की तरफ से बंधकों की रिहाई रोकने की घोषणा पर निराशा व्यक्त की।



बता दें गाजा युद्धविराम समझौते के तहत हमास को इजरायली बंधकों को रिहा करना है जिसके बदले में इजरायल फिलिस्तीनी कैदियों को छोड़ेगा। अब तक पांच बार बंधकों-कैदियों की अदला-बदली हो चुकी है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, जहां तक मेरा सवाल है, अगर शनिवार 12 बजे तक सभी बंधकों को वापस नहीं लौटाया जाता है, तो मैं कहूंगा कि इसे रद्द कर दिया जाए और सभी दांव बंद कर दिए जाएं और तबाही मचने दी जाए। उन्हें शनिवार 12 बजे तक बंधकों को वापस लौटा दिया जाना चाहिए।

ट्रंप ने कहा कि वे चाहते हैं कि बंधकों को एक साथ रिहा किया जाए, न कि कुछ को एक बार में, %हम चाहते हैं कि सभी वापस आ जाएं।

ट्रंप ने यह भी कहा कि अगर जॉर्डन और मिस्र गाजा से हटाए जाने वाले फिलिस्तीनी शरणार्थियों को नहीं लेंगे तो वे उन्हें दी जाने वाली सहायता रोक सकते हैं। वह मंगलवार को जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला से मिलने वाले हैं।

यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब ट्रंप के इस प्रस्ताव पर कुछ असमंजस की स्थिति है कि एक बार लड़ाई बंद हो जाने के बाद गाजा पर अमेरिका का कब्जा हो जाएगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उनके प्रस्ताव के तहत फिलिस्तीनियों को गाजा पट्टी पर वापस लौटने का अधिकार नहीं होगा। इस तरह उन्होंने अपने ही अधिकारियों के उस बयान का खंडन किया, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि गाजा के लोगों को केवल अस्थायी रूप से ही हटाया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सोमवार को एक इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि उन्हें लगता है कि वह विस्थापित फिलिस्तीनियों को लेने के लिए जॉर्डन और मिस्र के साथ एक समझौता कर सकते हैं, उन्होंने कहा कि अमेरिका दोनों देशों को %सालाना अरबों डॉलर देता है।

यह पूछे जाने पर कि क्या फिलिस्तीनियों को गाजा में वापस लौटने का अधिकार होगा, ट्रंप ने कहा÷ नहीं, उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए क्योंकि उन्हें बेहतर आवास मिलेगा। उन्होंने कहा, मैं उनके लिए एक स्थायी स्थान बनाने की बात कर रहा हूं।÷ उन्होंने यह भी कहा कि गाजा को फिर से रहने लायक बनाने में कई साल लगेंगे।

बता दें 4 जनवरी को वाशिंगटन में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपना गाजा प्लान पेश किया।

ट्रंप ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका युद्ध से तबाह गाजा पट्टी पर कब्जा करेगा और फिलिस्तीनियों को कहीं और बसाए जाने के बाद इसे आर्थिक रूप से विकसित करेगा। उन्होंने गाजा का विकास करने का प्रस्ताव रखते वक्त यह स्पष्ट कहा था कि फिलिस्तीनियों का विस्थापन स्थायी होगा। हालांकि बाद में व्हाइट हाउस में इस पर सफाई दी थी कि गाजा से कोई भी विस्थापन अस्थायी होगा।

हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हमला करके 251 बंधकों को पकड़ लिया और लगभग 1,200 लोगों को मार डाला था जिसके बाद युद्ध शुरू हो गया।

गाजा के हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजरायल के हमले में कम से कम 48,208 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि इजरायल के हमलों से गाजा की लगभग दो-तिहाई इमारतें क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गई हैं।

# माघ पूर्णिमा स्नान पर प्रयागराज महाकुंभ में होगा विशेष यातायात प्रबंध

महाकुंभ नगर । प्रयागराज महाकुंभ में माघ पूर्णिमा के स्नान पर्व को देखते हुए प्रशासन ने विशेष यातायात योजना बनाई है। इसके अंतर्गत, 11 फरवरी 2025 की सुबह 4ः00 बजे से संपूर्ण मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम स्नान के लिए केवल आवश्यक एवं आकस्मिक सेवाओं को ही प्रवेश की अनुमति होगी।



प्रयागराज आने वाले श्रद्धालुओं के निजी व सार्वजनिक वाहनों को 11 फरवरी को सुबह 4ः00 बजे के बाद संबंधित रूट की पार्किंग में पार्क कराया जाएगा। इससे शहर में यातायात अव्यवस्था न हो और श्रद्धालु पैदल सुगमता से स्नान घाटों तक पहुंच सकेंगे।

श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाने के लिए प्रशासन ने 11 फरवरी की शाम 5ः00 बजे से पूरे प्रयागराज शहर को भी नो व्हीकल जोन घोषित किया है। केवल आपातकालीन सेवाओं को इस प्रतिबंध से छूट दी जाएगी।

मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षित निकासी सुनिश्चित करने के लिए यह विशेष यातायात योजना 12 फरवरी को स्नान संपन्न होने तक लागू रहेगी।

महाकुंभ में कल्पवास कर रहे श्रद्धालुओं के वाहनों पर भी यह नियम लागू रहेगा। प्रशासन ने सभी कल्पवासियों से अनुरोध किया है कि वे नियमों का पालन करें और अधिकृत पार्किंग स्थलों का उपयोग करें। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सहयोग दें, ताकि महाकुंभ का यह महत्वपूर्ण स्नान पर्व सुगमतापूर्वक संपन्न हो सके।

## माघ पूर्णिमा पर संगम स्नान के साथ पूरा होगा महाकुंभ का कल्पवास

महाकुंभ नगर, (आईएएनएस)। महाकुंभ में व्रत, संयम और सत्संग का कल्पवास करने का विशिष्ट विधान है। इस वर्ष महाकुंभ में 10 लाख से अधिक लोगों ने विधिपूर्वक कल्पवास किया है। पौराणिक मान्यता है कि माघ मास पर्यंत प्रयागराज में संगम तट पर कल्पवास करने से सहस्त्र वर्षों के तप का फल मिलता है। महाकुंभ में कल्पवास करना विशेष फलदायी माना जाता है। परंपरा के अनुसार 12 फरवरी, माघ पूर्णिमा के दिन कल्पवास की समाप्ति हो रही है। सभी कल्पवासी विधिपूर्वक पूर्णिमा तिथि पर पवित्र संगम में स्नान कर कल्पवास का पारण करेंगे। पूजन और दान के बाद कल्पवासी अपने अस्थाई आवास त्याग कर पुनः अपने घरों की ओर लौटेंगे।

आस्था और अध्यात्म के महापर्व, महाकुंभ में कल्पवास करना विशेष फलदायी माना जाता है। इस वर्ष महाकुंभ में देश के कोने-कोने से आए लोग संगम तट पर कल्पवास कर रहे हैं। शास्त्रों के अनुसार कल्पवास की समाप्ति 12 फरवरी, माघ पूर्णिमा के दिन होगी। पद्मपुराण के अनुसार पौष पूर्णिमा से माघ पूर्णिमा तक एक माह संगम तट पर व्रत और संयम का पालन करते हुए सत्संग का विधान है। कुछ लोग पौष माह की एकादशी से माघ माह में द्वादशी के दिन तक भी कल्पवास करते हैं। 12 फरवरी के दिन कल्पवासी पवित्र संगम में स्नान कर कल्पवास के व्रत का पारण करेंगे। पद्मपुराण में भगवान दत्तात्रेय के बनाए नियमों के अनुसार कल्पवास का पारण किया जाता है। कल्पवासी संगम स्नान कर अपने तीर्थपुरोहितों से नियम अनुसार पूजन कर कल्पवास व्रत पूरा करेंगे।

शास्त्रों के अनुसार कल्पवासी माघ पूर्णिमा के दिन संगम स्नान कर व्रत रखते हैं। इसके बाद अपने कल्पवास की कुटीरों में आकर सत्यनारायण कथा सुनने और हवन पूजन करने का विधान है। कल्पवास का संकल्प पूरा कर कल्पवासी अपने तीर्थपुरोहितों को यथाशक्ति दान करते हैं।

# एयरो इंडिया 2025 : अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने दिखाई मेक इन इंडिया की ताकत, प्रदर्शित किए आधुनिक हथियार




नई दिल्ली, (आईएएनएस)। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने सोमवार को बेंगलुरु में चल रहे एयरो इंडिया 2025 में अपनी क्षमता दिखाई और कई आधुनिक हथियार प्रदर्शित किए। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के लैंड सिस्टम के प्रमुख, अशोक वधावन ने कहा कि हम अपनी क्षमताएं विकसित कर रहे हैं। हम किसी भी खतरे को पता लगाने वाले डिफेंस प्रोडक्ट्स पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इस क्षेत्र में हमारे पास छोटे ड्रोन से लेकर बड़े ड्रोन हैं, जिसके जरिए हम कमरे से लेकर हवा में टारगेट कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम अनमैन्ड अंडरवाटर व्हीकल (यूयूवी) भी बना रहे हैं, जो कि 15 दिनों तक पानी में रहकर खतरे का पता लगा सकता है। इसके अलावा हम काउंटर ड्रोन भी बना रहे हैं।

एयरो इंडिया 2025 में अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने व्हीकल माउंटेड काउंटर ड्रोन सिस्टम प्रदर्शित किया है। यह डिफेंस उपकरण 15 किलोमीटर तक डिटेक्ट कर सकता है, जबकि 10 किलोमीटर तक न्यूट्रलाइज कर सकता है। इसके अलावा अदाणी ग्रुप की डिफेंस कंपनी ने कामिकेज ड्रोन भी प्रदर्शित किया है। यह काफी घातक ड्रोन माना जाता है। इसकी रेंज 200 किलोमीटर है और यह 16 किलो तक का वारहेड ले जा सकता है और 8 घंटे हवा में रह सकता है। अदाणी डिफेंस और एयरोस्पेस पैवेलियन एयरो इंडिया 2025 में कई रक्षा हथियारों, मानव रहित वाहन, उपकरण और कई अन्य चीजों को प्रदर्शित करने वाले सबसे आकर्षक पैवेलियन में से एक है। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस भारत के रक्षा और एयरोस्पेस विनिर्माण क्षेत्र में अग्रणी खिलाड़ियों में से एक है। अदाणी डिफेंस और एयरोस्पेस ने लगातार तीसरी बार एयरो इंडिया में भाग लिया है।

एशिया के सबसे बड़े एयर शो एयरो इंडिया का 15वां संस्करण 10-14 फरवरी तक बेंगलुरु के येलहंका स्थित एयरफोर्स स्टेशन पर आयोजित किया जा रहा है।

# जयशंकर ने फ्रांस के विदेश मंत्री से की मुलाकात, एआई और इनोवेशन पर की चर्चा

पेरिस, (आईएएनएस)। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को पेरिस में अपने फ्रांसीसी समकक्ष जीन-नोएल बैरोट से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), इनोवेशन, कनेक्टिविटी और स्वच्छ ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत-फ्रांस द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की जयशंकर ने बैठक का ब्योरा शेयर करते हुए कहा, आज शाम पेरिस में विदेश मंत्री जीन-नोएल बरोट से मिलकर खुशी हुई। एआई और इनोवेशन, कनेक्टिविटी और स्वच्छ ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करते हुए हमारे व्यापक सहयोग पर चर्चा हुई। क्षेत्रीय और वैश्विक विकास के बारे में भी बात हुई।



फ्रांसीसी विदेश मंत्री ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, भारत के साथ, एआई हमारी रणनीतिक साझेदारी का नया क्षेत्र है। 2026 में, हम मिलकर इनोवेशन का एक फ्रेंको-भारतीय वर्ष लिखेंगे !

यह बैठक पेरिस में एआई शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत रात्रिभोज के दौरान हुई।

प्रधानमंत्री मोदी अपने दो देशों के दौरे के पहले चरण के तहत सोमवार को फ्रांस पहुंचे. फ्रांस के बाद पीएम मोदी संयुक्त राज्य अमेरिका जाएंगे।

अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान, वे फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ एआई एक्शन शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे, द्विपक्षीय चर्चा करेंगे और व्यापार जगत के नेताओं को संबोधित करेंगे। पेरिस पहुंचने पर, उनका भारतीय प्रवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

शाम को, पेरिस के एलीसी पैलेस में आयोजित रात्रिभोज में राष्ट्रपति मैक्रों ने प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया, जहां दोनों नेताओं ने एक-दूसरे से मित्रतापूर्ण तरीके से गले मिलकर अभिवादन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, पेरिस में अपने मित्र राष्ट्रपति मैक्रों से मिलकर बहुत खुशी हुई।

रात्रिभोज के दौरान प्रधानमंत्री ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस से भी मुलाकात की, जो एआई शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए फ्रांस में हैं।

# सांसद विजय कुमार ने आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों को लेकर दिया स्थगन प्रस्ताव, चर्चा की उठाई मांग

नई दिल्ली, (आईएएनएस)। संसद सदस्य विजय कुमार उर्फ विजय वसंत ने मंगलवार को लोकसभा में एक स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया है। इसमें उन्होंने आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों और मुद्रास्फीति पर चर्चा की मांग की। संसद सदस्य ने अपने नोटिस में कहा कि यह समस्या लाखों लोगों को प्रभावित कर रही है। इसके लिए सरकार को तत्काल प्रभावी कदम उठाने चाहिए।



विजय कुमार ने अपने नोटिस के माध्यम से सरकार से आग्रह किया कि वह दूध, सब्जियों, खाना पकाने के तेल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में हो रही निरंतर वृद्धि पर कड़ी निगरानी रखे और इसे नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाए। जीवन की बढ़ती लागत आम आदमी के लिए बड़ा बोझ बन चुकी है। इसके बावजूद, सरकार ने इस समस्या से निपटने के लिए कोई प्रभावी योजना नहीं बनाई है।

सांसद ने अपने नोटिस में कहा कि पिछले कुछ महीनों में दूध की कीमतों में 5-10 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है, जो लाखों भारतीय परिवारों के लिए चिंता का कारण बन गई है। इसके अलावा, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी से परिवहन लागत में वृद्धि हुई है, जिससे अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें भी बढ़ रही हैं। सरकार ने इन समस्याओं को नियंत्रित करने के लिए कोई महत्वपूर्ण कदम नहीं उठाया है।

विजय कुमार ने यह भी बताया कि औसत भारतीय श्रमिक की वास्तविक मजदूरी पिछले कुछ वर्षों में या तो स्थिर रही है या घट गई है, जिससे आम लोगों की क्रय शक्ति कम हो रही है। इसके साथ ही, सरकार की कर नीतियों और जीएसटी ने रोजमर्रा की वस्तुओं को महंगा बना दिया है। इस स्थिति का असर देश की आर्थिक वृद्धि पर पड़ रहा है, क्योंकि घरेलू खपत में कमी आ रही है और लोग खर्च में कटौती करने के लिए मजबूर हो रहे हैं। विजय कुमार ने मांग की कि सरकार को इन बढ़ती कीमतों और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए त्वरित और प्रभावी कदम उठाने चाहिए, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके।

इस मुद्दे पर चर्चा के लिए उन्होंने अध्यक्ष से सदन की कार्यवाही स्थगित करने की अनुमति मांगी है।

# दिल्ली चुनाव में हार के बाद केजरीवाल पंजाब के मुख्यमंत्री और विधायकों से करेंगे मुलाकात

**नई दिल्ली, (आईएएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में हार का सामना करने के बाद अब आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल मंगलवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और पार्टी के अन्य विधायकों से मुलाकात करेंगे। यह बैठक दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप की हार और पंजाब इकाई में बढ़ते आंतरिक असंतोष को लेकर हो रही है।इस बीच, जैसे ही भगवंत मान रविवार को चौहल वन विश्राम गृह की दो दिन की यात्रा पर रवाना हुए, सरकार ने सोमवार को होने वाली अपनी कैबिनेट बैठक रद्द कर दी। यह बैठक अब गुरुवार को होगी। हालांकि, आप सांसद मालविंदर सिंह कांग ने असहमति की खबरों को नकारते हुए मंगलवार की बैठक को नियमित रणनीति सत्र बताया।**

उन्होंने कहा, पार्टी में यह एक निरंतर प्रक्रिया है। पार्टी की भावी रणनीतियों को तय करने के लिए सभी इकाइयों से फीडबैक लिया जाता है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, आप विधायकों के साथ आगे की रणनीति पर चर्चा करने के लिए अरविंद केजरीवाल से मिलेंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार, बैठक में दिल्ली चुनाव के परिणामों का विश्लेषण और 2027 में होने वाले पंजाब चुनाव के लिए रणनीति बनाने पर चर्चा होगी। एक दशक तक दिल्ली की सत्ता में रही आप को 5 फरवरी के चुनावों में बड़ा झटका लगा और 70 सदस्यीय विधानसभा में केवल 22 सीटें मिलीं। 48 सीटों के साथ भाजपा ने राजधानी में आप का शासन खत्म कर दिया।सूत्रों ने कहा कि केजरीवाल ने पंजाब के नेताओं के साथ बैठक करने की योजना बनाई है, क्योंकि पार्टी में यह चर्चा है कि राज्य के कुछ विधायक अन्य दलों से संपर्क कर सकते हैं। हालांकि, आप पंजाब के अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने कहा कि मंगलवार की बैठक में चर्चा करने के लिए कुछ भी खास नहीं है। अरोड़ा ने कहा, यह एक सामान्य बैठक है। पार्टी प्रमुख दिल्ली चुनाव के बाद हम सभी को संबोधित करेंगे। इसके अलावा, हमें किसी से डर नहीं है। हम एकजुट हैं। ऐसी बैठकें पहले भी हो चुकी हैं। इसमें कुछ नया नहीं है, चूंकि केजरीवाल ने हमें लंबे समय से संबोधित नहीं किया है, इसलिए हम उनसे मिलने जाएंगे। आप के सूत्रों ने यह भी कहा कि मंगलवार की बैठक दिल्ली की हार के बाद एक सामान्य बैठक होगी।

# माघ पूर्णिमा - आज है मां लक्ष्मी के पूजन का खास दिन

**सी टाइम्स जबलपुर।** हिंदू धर्म में माघ पूर्णिमा का खास महत्व है। हर माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि के दिन जगत के पालनहार भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना और व्रत किया जाता है,

पं सौरभ दुबे के अनुसार मान्यता है कि ऐसा करने से साधक को सुख और समृद्धि की प्राप्ति होती है। मान्यता है कि इस दिन स्नान करने के साथ-साथ दान करने से 31 गुना अधिक पुण्य की प्राप्ति होती है। हिंदू पंचांग के अनुसार, माघ मास की पूर्णिमा तिथि 11 फरवरी को शाम 6 बजकर 36 मिनट पर शुरू होगी, जो 12 फरवरी को शाम 6 बजकर 42 मिनट पर होगा। उदय तिथि के अनुसार, माघ मास की पूर्णिमा का व्रत 12 फरवरी 2025 को मनाई जाएगी। माघी पूर्णिमा पर स्नान एवं दान का



शुभ मुहूर्त सुबह 5 बजकर 19 मिनट से सुबह 8 बजकर 20 मिनट तक रहेगा।

बुधवार 12 फरवरी को श्रद्धालु सूर्योदय के साथ ही तीर्थ स्थानों पर नदियों में स्नान करेंगे। माघ पूर्णिमा पर चंद्रमा और धन की देवी मां लक्ष्मी की पूजा का विधान है। इस दिन मां लक्ष्मी की पूजा करने से सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। साथ ही माघ पूर्णिमा पर रात में चंद्रोदय के समय चंद्रमा की पूजा करने से चंद्र दोष दूर होता है।

माघ पूर्णिमा को इस दिन तिल, गुड़, वस्त्र, घी, अनाज, फल का दान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। माघ पूर्णिमा पर स्नान, दान, हवन, व्रत और जप किये जाते हैं। साथ ही, इस दिन भगवान विष्णु का पूजन, पितरों का श्राद्ध और गरीब व्यक्तियों को दान देना चाहिए। इस दिन प्रातः काल सूर्योदय से पूर्व किसी पवित्र नदी, जलाशय, कुआं या बावड़ी में स्नान करें और स्नानादि के बाद सूर्य मंत्र का उच्चारण करते हुए सूर्य देव को अर्घ्य दें। फिर, व्रत का संकल्प लेकर भगवान मधुसूदन की पूजा करनी चाहिए। और अंत में गरीब व्यक्तियों को दान जरूर से देना चाहिए।

# ट्रांसमिशन लाइन मैनटेनेन्स् कर्मियों के लिये आयोजित हुई प्रदेश स्तरीय कार्यशाला

**एम.पी. ट्रांसकों में टीम लीडर तैयार करना प्रशिक्षण कार्यशालाओं का मुख्य उद्देश्य -एम.डी. इंजी. सुनील तिवारी-**

**सी टाइम्स जबलपुर।** मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के ट्रांसमिशन लाइन मैनटेनेन्स (टी.एल.एम.) कर्मियों की दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला मुख्यालय जबलपुर में आयोजित की गई। इस कार्यशाला में प्रदेश के टी.एल.एम. उपसंभाग के 40 कर्मियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में लाइन कर्मियों को नेतृत?व कौशल, टीम वर्क के साथ सहायक एवं समावेशी तरीके से कार्य करने के अलावा अन्य महत्वपूर्ण तकनीकी विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण शिविर के समापन सत्र को संबोधित करते हुये प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने कहा कि इस तरह की प्रशिक्षण कार्यशालाओं का मुख्य उद्देश्य ट्रांसमिशन कंपनी में नये टीम लीडर तैयार करना है, जो पावर सेक्टर में बदलती परिस्थितियां और बढ़ती चुनौतियों का सफलता पूर्वक सामना कर सकें। उन्होंने कहा कि एम.पी. ट्रांसको को देश की सर्वश्रेष्ठ ट्रांसमिशन कंपनी बनाये रखने के लिये वर्तमान कार्यशैली में बदलाव की आवश्यकता है, इस तरह की प्रशिक्षण



कार्यशालाएं कर्मियों के आत्मविश्वास और मनोबल बढ़ाने में सहायक हो रही है।

उन्होंने कहा कि सभी ट्रांसमिशन लाइन मैनटेनेन्स कर्मियों को बेयरहेंड मैनटेनेन्स कार्य के साथ-साथ हॉट लाइन मैनटेनेन्स की भी ट्रेनिंग भी लेना चाहिए, ताकि वो लाइन मैनटेनेन्स की सभी विधाओं में पारंगत हो सके।

उन्होंने कर्मियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं के बारे में जाना और उन्हें दूर करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने एम.पी. ट्रांसको में प्रशिक्षण कार्यशालाओं के सतत् संचालन के सूत्रधार अधीक्षण अभियंता श्री सुनील यादव को उनकी उत्कृष्ट कार्य शैली के लिए सम्मानित किया।

पहली बार वरिष्ठ लाइन कर्मियों ने भी दिया प्रशिक्षण- मुख्य अभियंता श्री संदीप गायकवाड़ की परिकल्पना पर एम.पी. ट्रांसको के ट्रांसमिशन लाइन मैनटेनेन्स कर्मियों के लिये पहली बार इस तरह की कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें मुख्य बात यह रही कि श्री गायकवाड़ की प्रेरणा से वरिष्ठ लाइन कर्मियों श्री गप्पू सिहं इटारसी एवं जबलपुर के श्री मंगल पनीका, श्री राजेन्द्र कुशवाहा आदि ने न केवल प्रशिक्षण प्राप्त किया बल्कि उन्होंने बीच सत्र में अपने अन्य साथियों को जीरो एक्सीडेंट लक्ष्य के साथ किस तरह विभिन्न परिस्थितियों में संयम के साथ कार्य निष्पादित करना है ,इस संबंध में अपने अनुभव साझा करते हुये मैनटेनेन्स के अति महत्वपूर्ण गुर भी सिखाये।

ये थे आमंत्रित विषय विशेषज्ञ -

लाइन कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान करने में आमंत्रित विशेषज्ञों में अति. मुख्य अभियंता श्री एस.के. दुबे भोपाल, श्री ए पी एस चौहान,श्री विकास भारिया सिवनी, श्री रवेन्द्र पटेल, श्री कुमार सचिन्द्र, श्री अमित कुमार, श्री जितेन्द्र तिवारी, आदि शामिल थे।

## ओ एफ के को-ऑपरेटिव सोसायटी में चल रही अंधाधुंध मनमानी।

**सी टाइम्स जबलपुर।** पिछले तीन वर्ष पूर्व ओएफके को-ऑपरेटिव सोसायटी तीन यूनियन के समझौते एवं एसोसिएशन के समर्थन से बनी थी। किंतु आंतरिक कलह के कारण पिछले छः महीने बिना अध्यक्ष के सोसायटी चली जिसके चलते सोसायटी के कर्मचारियों ने अंशधारियों के फर्जी हस्ताक्षर कर लोन पास कराएं और अब उनकी मनमानी कटौती की जा रही है, कुछ कर्मचारियों ने इसकी शिकायत उप पंजीयक कार्यालय में भी की है। अतिसंवेदनशील एवं प्रतिबंधित क्षेत्र से सिलेंडरों के चोरी होने की घटना भी अंशधारियों को आश्चर्यचकित कर रही है जिसकी शिकायत कर उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है।

गौरतलब है कि सोसायटी में कर्मचारियों की भर्ती के विरोध में तीन यूनियन एवं एसोसिएशन ने मिलकर एक साथ चुनाव लडा था और कई वादे अंशधारियों से किए थे, वादे तो कोई पूरे नहीं हुए लेकिन बिना नियमों के सात से आठ कर्मी को मोटी रकम लेकर भर्ती कर लिया गया है।

सुरक्षा कर्मचारी यूनियन इंटक खमरिया ने आरोप लगाते हुए मुख्य महाप्रबंधक एवं उप पंजीयक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है एवं जल्द कार्यवाही न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

## यूटीएस ऑन मोबाइल टिकटिंग से जनवरी माह में 1 लाख 12 हजार से अधिक रेल टिकट बुक

**01 करोड़ 20 लाख रुपए से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ**

**सी टाइम्स जबलपुर।** रेलवे में यात्रियों की सुविधा हेतु यूटीएस मोबाइल एप्प से ऑनलाइन अनारक्षित टिकट बनाई जा रही है। इसके लिए प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशन में पश्चिम मध्य रेल में तीनों मण्डलों के वाणिज्य विभाग द्वारा जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। जिसके परिणामस्वरूप माह जनवरी 2025 में यूटीएस एप्प से बुक कुल 01 लाख 12 हज़ार 52 टिकटों से 6 लाख 31 हजार 259 यात्रियों ने यात्रा की, जिससे रेलवे को 01 करोड़ 20 लाख 47 हजार 195 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ। यह सुविधा स्टेशनों पर लंबी लाइन से बचने के लिए रेलवे द्वारा यूटीएस ऑन मोबाइल एप्प सर्विस शुरू की गई। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल के सभी स्टेशनों पर ऑनलाइन जनरल टिकट के लिए यूटीएस मोबाइल एप्प की सुविधा दी जा रही है। यात्रियों के बीच इस एप्प की लोकप्रियता बढ़ने के साथ-साथ अनारक्षित टिकट लेने के आंकड़ों में भी काफी वृद्धि हुई है। इस एप्प के माध्यम से माह नवम्बर 2024 में मण्डल वाइस जानकारी इस प्रकार है।

जबलपुर मंडल - यूटीएस मोबाइल एप्प के द्वारा कुल 32,682 बुक टिकट से 02 लाख 87 हजार 2 यात्रियों ने यात्रा की जिससे रेलवे को 40 लाख 42 हज़ार 950 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

भोपाल मंडल- यूटीएस मोबाइल एप्प के द्वारा कुल 37,574 बुक टिकट से 02 लाख 3 हजार 551 यात्रियों ने यात्रा की, जिससे रेलवे को 43 लाख 43 हजार 155 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

कोटा मंडल - यूटीएस मोबाइल एप्प के द्वारा कुल 41,716 बुक टिकट से 01 लाख 40 हजार 305 यात्रियों ने यात्रा की, जिससे रेलवे को 36 लाख 53 हजार 700 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

# नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा भेड़ाघाट में आज

**कल्पवासियों की विदाई एवं छप्पन भोग लगेगा**



**सी टाइम्स जबलपुर।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में पिछले 10 वर्षों से निशुल्क माघ मास कल्पवास का आयोजन आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास जी महाराज के सानिध्य में किया जा रहा है जिसमे भक्तों को रहना एवं भोजन की व्यवस्था निशुल्क रहती है आज 30 वे दिन आश्रम में हवन यज्ञ की आहुति दी गई सभी कल्पवासियों ने हवन कर लाभ लिया माघ पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार सुबह 7ः00 से 463 वी नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा भेड़ाघाट में संपन्न होगी विशाल भंडारे के साथ बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण होगा एक माह से चल रहा निशुल्क कल्पवास में कल्पवासियों की विदाई एवं छप्पन भोग का आयोजन होगा उपस्थिति की अपील नर्मदा महाआरती डॉ सुधीर अग्रवाल डॉ शिव शंकर पटेल पं मनमोहन दुबे पप्पू चौबे श्याम मनोहर पटेल डॉ शिव शंकर पटेल विशाल पड्या सुरेश विश्वकर्मा मोहित तिवारी आदि उपस्थित रहे

# भंडारे के लालच ने आरोपी को पहुंचाया सलाखों के पीछे




**सी टाइम्स जबलपुर।** पुलिस ने सात साल से फरार चल रहे बलात्कार के आरोपी आशीष झारिया को गिरफ्तार करने के लिए अनोखी रणनीति अपनाई। वर्ष 2018 में दर्ज मामले के बाद से आरोपी मुंबई और पुणे में फरारी काट रहा था। पुलिस के पास कोई ठोस सुराग नहीं था, लेकिन एक पुराने दोस्त की मदद से उसे पकड़ने की योजना बनाई गई। संस्कारधानी जबलपुर में धार्मिक आयोजनों और भंडारों की विशेष मान्यता है। पुलिस ने इसी कमजोरी का फायदा उठाते हुए आरोपी को जाल में फंसाया। पुलिस ने उसके पुराने दोस्त के नाम से फोन कर भंडारे में बुलाया, जहां स्वादिष्ट प्रसाद वितरण का लालच दिया गया। प्रसाद चखने के लिए आरोपी जबलपुर पहुंचा, लेकिन वहां पुलिस पहले से ही घात लगाए बैठी थी। जैसे ही आरोपी पहुंचा, क्राइम ब्रांच की टीम ने उसे दबोच लिया। एडिशनल एसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि मदन महल थाना में दर्ज इस गंभीर मामले में पुलिस की कार्यशैली की हर तरफ तारीफ हो रही है। सात साल बाद इस सफलता से पीड़िता को न्याय मिलने की उम्मीद जगी है। इस ऑपरेशन ने जबलपुर पुलिस की सूझबूझ और रणनीतिक कौशल को फिर से साबित किया है।

*सूर्यकांत शर्मा एडिशनल एसपी*

## छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहा महाविद्यालय

**एनएसयूआई ने आत्माराम महाविद्यालय का किया घेराव**



**सी टाइम्स जबलपुर।** एनएसयूआई के पदाधिकारियों द्वारा सर आत्माराम महाविद्यालय का घेराव किया जहां संगठन ने प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय पर फर्जीवाड़े व छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया एनएसयूआई के अनुराग शुक्ला ने बताया कि बीते महाविद्यालय द्वारा स्क्र फाइनल ईयर के लगभग एक दर्जन विद्यार्थियों को महाविद्यालय द्वारा सिर्फ इसलिए फेल कर दिया गया क्योंकि उनकी फीस जमा नहीं थी। संगठन ने आरोप लगाया कि इन सभी विद्यार्थियों को पहले तो महाविद्यालय द्वारा स्कॉलरशिप बेस पर एडमिशन देने की बात कही गई थी पर जब इनमें से अधिकांश बच्चों की स्कॉलरशिप नहीं आई तब महाविद्यालय इन पर फीस देने का दबाव बनाने लगा। छात्रों द्वारा फीस जमा करने के लिए समय मांगा गया था। परंतु महाविद्यालय द्वारा समय पर फीस जमा न किए जाने के उपरांत विद्यार्थियों को एक विषय में 100 में से 1 अंक देकर फेल कर दिया गया जो कि ने केवल अनैतिक व नियम विरुद्ध भी है वही घेराव के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं तथा महाविद्यालय प्रबंधन में झड़प की स्थिति भी देखने को मिली जहां दोनों के बीच हल्की नोक झोंक भी हुई जिसके बाद पुलिस ने मामला शांत कराया। इसके बाद ठ्ह्यह्व्ठ्ठ ने महाविद्यालय को 72 घंटे के भीतर छात्रों की समस्याओं का समाधान करने का अल्टीमेटम दिया वहीं समाधान न होने की स्थिति में उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी। इस दौरान संगठन की देवकी पटेल, सागर शुक्ला, प्रतीक गौतम,सक्षम यादव, अनुज यादव, राहुल यादव, वकार खान, अंकित कोरी, शफी खान,अमन गौतम, अनमोल आदि उपस्थित रहे।

## सड़कों पर भीख मांगने पर प्रतिबंध लगाया जाए

**सी टाइम्स जबलपुर।** श्री गुरुनानक देव जी के 550 वें प्रकाश पर्व पर मैंने तत्कालीन म.प्र. सरकार से 2019 में मांग की थी कि म.प्र. एक ऐसा राज्य हो जहां भीख मांगने वाले न हो। उनके लिए एक आश्रम बनवाए जहां रहकर काम करे।



पोडक्ट बनवाये। जिसके एवज में उनके रहने खाने की अच्छी व्यवस्था हो। मैंने अनुरोध किया था कि सड़कों पर भीख मांगने पर प्रतिबंध लगाया जाए। बर्तमान सरकार ने इसकी शुरुआत क्रमशः इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर से की जाए। म.प्र. सरकार ने इस योजना को जनवरी 2025 से एवं 3 फरवरी 2025 से प्रतिबंध लगाई है। इस संबंध में जबलपुर माननीय कलेक्टर साहब से अनुरोध किया है कि अब जबलपुर की बारी है इस प्रतिबंध को जबलपुर में किया जाए। जिससे चौराहों पर एवं अन्य सडकों पर भीख मांगने वालों और देने वालों पर इंदौर, भोपाल की तर्ज पर कार्यवाही की जाए। माननीय कलेक्टर साहब श्री दीपक सक्सेना जी ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही शहर में इंदौर, भोपाल की तरह प्रतिबंध लगाया जाएगा।

# क्राईम ब्रांच तथा थाना गढा एवं पनागर पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

- **अवैध हथियार के साथ 17 वर्षिय विधिविवादित बालक सहित 3 पकड़े गये**
- **1 पिस्टल, 1 रिवाल्वर, 3 कट्टा एवं 6 कारतूस जप्त**

**सी टाइम्स जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सम्पत उपाध्याय (भा.पु.से.) द्वारा सभी राजपत्रित अधिकारियो एवं थाना प्रभारियो को अवैध हथियार एवं मादक पदार्थो की तस्करी मे लिप्त आरोपियों की पतासाजी कर उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया है।

आदेश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री आनंद कलादगी (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री समर वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार शेण्डे तथा नगर पुलिस अधीक्षक गढा श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान, नगर पुलिस अधीक्षक अधारताल श्रीमति प्रियंका करचाम एवं नगर पुलिस अधीक्षक कैंट/ उप पुलिस अधीक्षक अपराध श्री उदयभान बागरी के मार्गदर्शन में क्राईम ब्रांच तथा थाना पनागर एवं थाना गढा की टीम द्वारा 1 विधि विवादित बालक एवं 2 आरोपियों को 1 पिस्टल, 1 रिवाल्वर, 3



कट्टा एवं 6 कारतूस सहित रंगे हाथ पकडा गया है।

आज दिनांक दिनांक 11-2-25 को काईम ब्रांच को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि 2 लड़के देवताल गार्डन तालाब के पास खड़े हैं जो अपने पास अवैध हथियार पिस्टल रखे हुये हैं कोई भी गम्भीर घटना कर सकते हैं सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर क्राईम ब्रांच एवं थाना गढा की संयुक्त टीम द्वारा दबिश दी देवताल गार्डन तालाब के किनारे 2 लड़के संदिग्ध अवस्था में खड़े दिखे जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर एक ने अपना नाम एवं उम्र 17 वर्ष 8 माह बतायी तथा दूसरे ने अपना नाम माजिद मूसा उम्र 18 वर्ष निवासी सूपाताल गढा बताया तलाशी लेने पर 17 वर्षिय किशोर कमर मे एक देशी रिवाल्वर एवं 2 कारतूस तथा माजिद मूसा कमर मे एक देशी कट्टा एवं एक कारतूस तथा पिट्ठू बैग में देशी 2 कट्टा एवं 2 कारतूस रखे मिला। दोनों के कब्जे देशी 1 रिवाल्वर, 3 कट्टा तथा 5 कारतूस जप्त करते हुये दोनों के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये उक्त हथियार कहॉ से और कैसे प्राप्त किये के सम्बंध में पूछताछ जारी है।

उल्लेखनीय भूमिका- अवैध फायर आर्म्स जप्त करने में उप निरीक्षक अनिल कुमार, उप निरीक्षक योगेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक सत्यनारायण, आरक्षक अनिल, पुष्पराज थाना प्रभारी अपराध श्री शैलेष मिश्रा के निर्देशन मे क्राईम ब्रॉच के उप निरीक्षक चंद्रकांत झा, सहायक उप निरीक्षक धनंजय सिह, प्रधान आरक्षक संजय मिश्रा, आरक्षक राजेश मिश्रा, त्रिलोक पारधी की सराहनीय भूमिका रही।

इसी प्रकार थाना प्रभारी पनागर श्री अजय बहादुर सिंह ने बताया कि क्राईम ब्रांच को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि जितेन्द्र यादव नाम का व्यक्ति जिसकी उम्र लगभग 30-35 वर्ष होगी अपने घर के पास द्वारिका परिसर के सामने अपने पास पिस्टल कारतूस रखे हुये कोई घटना करने की फिराक में खड़ा है, सूचना पर क्राईम ब्रांच एवं थाना पनागर की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई , मुखबिर के बताये हुलिये का व्यक्ति पुलिस को देखकर का भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसने नाम पता पूछने पर अपना नाम जितेन्द्र यादव उम्र 38 वर्ष निवासी भरदा द्वारिका परिसर के सामने पनागर बताया तलाशी लेने पर एक देशी पिस्टल, एक कारतूस रखे मिला, आरोपी के कब्जे से देशी पिस्टल एवं कारतूस जप्त करते हुये धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

उल्लेखनीय भूमिका- आरोपियों को अवैध फायर आर्म्स के साथ रंगे हाथ पकड़ने में उप निरीक्षक जी.सी.चौधरी, ब्रजेश मिश्रा, आरक्षक कुलदीप साहू, इंद्रजीत यादव तथा थाना प्रभारी अपराध श्री शैलेष मिश्रा के निर्देशन मे क्राईम ब्रॉच के सहायक उप निरीक्षक मोहन तिवारी, कैलाश मिश्रा, प्रधान आरक्षक हितेन्द्र रावत, मोहन सिंह, आरक्षक प्रमोद सोनी, सायबर सेल के सहायक उप निरीक्षक कपून सिंह मरावी की सराहनीय भूमिका रही।

### आज की चुटकी



सम्पादकीय

सी टाइम्स का नमन आपको, मंगलमय प्रभात ।।
सच्ची सार्थक निष्पक्ष खबर हम जागृत दिन रात ।।
हाट, सिनेमा, धर्म, राजनीति, क्रीड़ा हो या क्राइम ।।
देश, जगत, घर प्रांत, नगर की खबरें दे सी टाइम्स ।।

डॉ. हरिशंकर दुबे

## राहत की बड़ी सौगात

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने सुस्त पड़ती आर्थिक वृद्धि को रफ्तार देने के लिए बजट में मध्यम वर्ग के लिए राहत की बड़ी सौगात दी है। यह कि 12 लाख रुपये तक की सालाना आय पर कर नहीं लगेगा जिससे लोगों के हाथ में ज्यादा पैसा बच सकेगा। फलस्वरूप घरेलू उपभोग, बचत और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। आर्थिक गतिविधियों में रवानी आने से अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। वित्त मंत्री ने शनिवार को लोक सभा में वर्ष 2025-26 का आम बजट पेश किया जो उनका लगातार आठवां बजट रहा, जो कीर्तिमान है। इस राहत से करीब एक करोड़ लोग आयकर के दायरे से बाहर हो जाएंगे। बीमा क्षेत्र में एफडीआई सीमा बढ़ाने समेत अगली पीढ़ी के सुधारों को तेज करने का भी प्रस्ताव है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आम बजट को ऐतिहासिक' करार देते हुए कहा है कि यह हर भारतीय के सपनों को पूरा करेगा, विकसित भारत के मिशन को आगे ले जाएगा और विकास, निवेश और उपभोग को कई गुना बढ़ाएगा'।

बेशक, बजट में जिस प्रकार से आयकर से राहत दी गई है, वह बाकी सभी बजट प्रावधानों से ज्यादा महत्त्वपूर्ण दिखलाई पड़ रही है। हालांकि हर बजटीय प्रावधान खासे विमर्श के बाद किया जाता है।लेकिन आयकर में राहत महत्त्वपूर्ण है क्यों कि अरसे से इस बाबत मांग की जा रही थी। अब यह राहत मिली है, तो इसे कुछ लोग चुनाव के मद्देनजर किया गया बदलाव करार दे रहे हैं। इस साल के आखिर में बिहार और इसी फरवरी में दिल्ली में विधानसभा के चुनाव हैं। बिहार के लिए भी पैकेज घोषित किया है, और आयकर में राहत से एक अनुमान के मुताबिक, दिल्ली के 85 प्रतिशत करदाताओं को अब आयकर नहीं देना पड़ेगा। बहरहाल, आम बजट से चुनावी से इतर अनेक लाभ मिलने तय हैं।महंगाई कम करने के साथ ही बजट रोजगार सृजन में सहायक होगा। रक्षा क्षेत्र और पूंजीगत व्यय में वृद्धि करने के साथ ही नियामक सुधारों पर बल दिया गया है। वरिष्ठ जन की एक लाख रुपये तक की ब्याज आय को कर-मुक्त रखा गया है, जो यकीनन सराहनीय है। परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के लिए भी उत्साहजनक ऐलान है।स्वास्थ्य क्षेत्र और ईवीएम से जुड़ खचरे के लिए भी खासा आवंटन है। वित्त मंत्री ने रेल बजट में कोई बढ़ोतरी नहीं की है और इस वर्ष भी पिछले वर्ष की भांति ही 2.52 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। बेशक, बजट की आलोचना करने के लिए तमाम तर्क गढ़े जा सकते हैं, लेकिन इतना तो कहना होगा कि बजट समाज के व्यापक वर्ग के हित में दिख रहा है।

# काले साहब तो लूट के मामले में गोरों के भी बाप

" टीवी सीरियलों और उपभोक्त ावाद के चंगुल से बाहर निकल कर अपने इर्द-गिर्द की बदहाली पर निगाह डालनी होगी ताकि हमारा खून खौले और हम बेहतर बदलाव के निमित्त बन सकें।विनाश के मूक द्रष्टा नहीं। तब ही हम सही मायने में आजाद हो पाएंगे। फिलहाल तो उन्हीं अंग्रेजों के गुलाम हैं जिनसे आजादी हासिल करने का मुगालता लिए बैठे हैं। हमारे दिमागों पर उन्हीं का कब्जा है जो घटने की बजाय बढ़ता जा रहा है। ये बातें या तो शेखचिल्ली के ख्वाब जैसी लगती हैं या किसी संत का उपदेश। पर ऐसा नहीं है। इन्हीं हालात में बहुत कुछ किया जा सकता है। देश के हजारों लाखों लोग रात दिन निष्काम भाव से समाज के हित में समर्पित जीवन जी रहे हैं। हम इतना त्याग न भी करें तो भी इतना तो कर ही सकते हैं कि अपने इर्द-गिर्द की गंदगी को साफकरने की ईमानदार कोशिश करें। चाहे वह गंदगी हमारे दिमागों में हो, हमारे परिवेश में हो या हमारे समाज में हो। हम नहीं कोशिश करेंगे तो दूसरा कौन आकर हमारा देश सुधारेगा?

विनीत नारायण

कई दशकों से देखने में आया है कि गणतंत्र या स्वतंत्रता दिवस पर शहीदों को नमन कर देशवासियों को लंबे-चौड़े वादों की सौगात देकर देश का भला करने के संकल्प लिए जाते हैं परंतु इन सब से क्या देश का भला हो सकता है?कई देशों में प्रवासी भारतीयों ने कई क्षेत्रों में बुलंदियों को छुआ है। इसका मतलब हुआ कि भारतीयों में योग्यता की कोई कमी नहीं है। यदि सभी को सही मौका और प्रोत्साहन मिले तो कठिन से कठिन लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।अगर यह बात सही है तो फिर क्या वजह है कि खिलाडियों पर खर्चा करने की बजाय खर्चीले खेल आयोजनों पर अरबों रुपया बर्बाद किया जाता है?

कुछ हजार रुपये का कर्जा लेने वाले किसान आत्महत्या करते हैं और लाखों करोड़ का बैंकों का कर्जा हड़पने वाले उद्योगपति ऐश। आधी जनता भूखे पेट सोती है और एफसीआई के गोदामों में करोड़ों टन अनाज सड़ता है। विधायिका, न्यायपालिका, कार्यपालिका और मीडिया भी ऐसी अव्यवस्था का नंगा नाच दिखाने में पीछे नहीं रहते।

नतीजतन, आतंकवाद और नक्सलवाद चरम सीमा पर पहुंचता जा रहा है। सरकार के पास विकास के लिए धन की कमी नहीं है पर धन का सदुपयोग कर विकास के कामों को ईमानदारी से करने वाल पैसे-पैसे के लिए धक्के खाते हैं और नकली योजनाओं पर अरबों रुपया डकारने वाले सरकार का धन बिना रुकावट खींच ले जाते हैं। ऐसे में स्वतंत्रता दिवस या गणतंत्र दिवस का क्या अर्थ लिया जाए? यही न कि हमने आजादी के नाम पर गोरे साहबों को धक्का देकर काले साहबों को बिठा दिया। पर काले साहब तो लूट के मामले में गोरों के भी बाप निकले। स्विटजरलैंड के बैंकों में सबसे ज्यादा काला धन जमा करने वालों में भारत काफी आगे है। इसलिए जरूरत है हमारी सोच में बुनियादी परिवर्तन की।



सब चलता है' और ऐसे ही चलेगा' कहने वाले इस लूट में शामिल हैं। जज्बा तो यह होना चाहिए कि देश सुधरेगा क्यों नहीं?' हम ऐसे ही चलने नहीं देंगे'। अब सूचना क्रांति का जमाना है। हर नागरिक को सरकार के हर कदम को जांचने-परखने का हक है। इस हथियार का इस्तेमाल पूरी ताकत से करना चाहिए। सरकार चाहे किसी भी दल की क्यों न हो उसमें में जो लोग बैठे हैं, उन्हें भी अपना रवैया बदलने की जरूरत है। एक मंत्री या मुख्यमंत्री रात के अंधेरे में मोटा पैसा खाकर उद्योगपतियों के गैर- कानूनी काम करने में तो एक मिनट की देर नहीं लगाता। पर यह जानते हुए भी कि फलां व्यक्ति या संस्था राज्य के बेकार पड़े संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल कर सकती है, उसके साथ वही तत्परता नहीं दिखाता।आखिर क्यों? जब तक हम सही और अच्छे को बढ़ावा नहीं देंगे, उसका साथ नहीं देंगे, उसके लिए आलोचना भी सहने से नहीं डरेंगे तब तक कुछ नहीं बदलेगा।

नारे बहुत दिए जाएंगे पर परिणाम केवल कागजों तक सीमित रह जाएंगे। सरकारों ने अगर अपने अधिकारियों के विरोध की परवाह करते हुए अपने कार्यकालों में कई सक्षम लोगों को यदि खुली छूट न दी होती तो अमूल और मेट्रो जैसे हजारों करोड़ के साम्राज्य कैसे खड़े होते? आम आदमी के लिए रोजगार का सृजन करना हो या देश की गरीबी दूर करना हो, सरकार की नीतियों में बुनियादी बदलाव लाना होगा। केवल आंकड़े ही नहीं साक्षात परिणाम देख कर भी नीति बननी चाहिए।खोजी पत्रकारिता के चार दशक के मेरे अनुभव यही रहे कि बड़े से बड़ा भ्रष्टाचार बड़ी बेशर्मी से कर दिया जाता है पर सच्चाई और अच्छाई का डट कर साथ देने की हिम्मत हमारे राजनेताओं में नहीं है। इसीलिए देश का सही विकास नहीं हो रहा। खाई बढ़ रही है। हताशा बढ़ रही है।

हिंसा बढ़ रही है। पर नेता चारों ओर लगी आग देख कर भी कबूतर की तरह आंखें बंद किये बैठे हैं। इसलिए फिर से समाज के मध्यम वर्ग को समाज के हित में सक्रिय होना होगा। मशाल लेकर खड़ा होना होगा। टीवी सीरियलों और उपभोक्तावाद के चंगुल से बाहर निकल कर अपने इर्द-गिर्द की बदहाली पर निगाह डालनी होगी ताकि हमारा खून खौले और हम बेहतर बदलाव के निमित्त बन सकें।विनाश के मूक द्रष्टा नहीं। तब ही हम सही मायने में आजाद हो पाएंगे। फिलहाल तो उन्हीं अंग्रेजों के गुलाम हैं जिनसे आजादी हासिल करने का मुगालता लिए बैठे हैं। हमारे दिमागों पर उन्हीं का कब्जा है जो घटने की बजाय बढ़ता जा रहा है।

ये बातें या तो शेखचिल्ली के ख्वाब जैसी लगती हैं या किसी संत का उपदेश। पर ऐसा नहीं है। इन्हीं हालात में बहुत कुछ किया जा सकता है। देश के हजारों लाखों लोग रात दिन निष्काम भाव से समाज के हित में समर्पित जीवन जी रहे हैं। हम इतना त्याग न भी करें तो भी इतना तो कर ही सकते हैं कि अपने इर्द-गिर्द की गंदगी को साफ करने की ईमानदार कोशिश करें। चाहे वह गंदगी हमारे दिमागों में हो, हमारे परिवेश में हो या हमारे समाज में हो। हम नहीं कोशिश करेंगे तो दूसरा कौन आकर हमारा देश सुधारेगा?




**नयी दिल्ली, भारतीय एवं विश्व इतिहास में 12 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार हैं।**

1502 - वास्को द गामा भारत की दूसरी यात्रा के लिए लिस्बन से रवाना हुआ।

1762 - ब्रिटेन की नौसेना ने कैरेबियाई द्वीप मार्टिनिक पर कब्ज़ा किया।

1809 - ब्रिटिश वैज्ञानिक चार्ल्स डार्विन का जन्म।

1818 - दक्षिण अमेरिकी देश चिली को स्पेन से स्वतंत्रता मिली।

1824 - आर्य समाज के प्रवर्तक और प्रखर सुधारवादी सन्यासी दयानंद सरस्वती का जन्म।

1920 - हिन्दी फिल्मों के जाने-माने नायक, खलनायक प्राण कृष्ण सिकंद का जन्म।

1922 - महात्मा गांधी ने कांग्रेस कार्यकारिणी समिति की असहयोग आन्दोलन को समाप्त करने के लिये राजी किया।

1953 - सूडान के बारे में ब्रिटेन और मिस्र के बीच समझौता हुआ।

1979 - ईरान के तत्कालीन प्रधानमंत्री शाहपुर बख्तियार ने सेना का समर्थन खोने के बाद अपने पद से इस्तीफा दिया।

1994 - भारतीय मुक्केबाज मोहम्मद हुसामुद्दीन का जन्म।

1999 - बिहार में राष्ट्रपति शासन लागू।

2008 - उत्तर प्रदेश सरकार ने संगठित अपराध नियन्त्रण विधेयक को दोबारा ध्वनिमत से पारित किया।

2013 - उत्तर कोरिया ने तीसरा भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।

2017 - 70वें ब्रिटिश अकादमी फ़िल्म पुरस्कार में आई, डैनियल ब्लेक ने सर्वश्रेष्ठ ब्रिटिश फिल्म का पुरस्कार जीता।

2022 - भारत के सबसे सफल उद्योगपतियों में से एक राहुल बजाज का निधन।

# राशिफल

इस सप्ताह आपको क्या-कुछ मिलने वाला है; आपके लिए क्या-क्या करना फायदेमंद रहेगा; और परेशानियों से बचने के लिए आपको कौन-कौन सी सावधानियां बरतनी चाहिए।

### मेष राशि

आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपके ऊपर भगवान की कृपा बनी रहेगी और आप अच्छे काम करेंगे। आज आपका मन भावनत्मक तौर पर अधिक मजबूत रहेगा। आपका दिन परोपकार के कार्यों में लग सकता है। आज आप अपने किसी सहकर्मी या मित्र की सहायता कर सकते हैं.

### वृष राशि

आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज आप किसी प्रकार की किसी लंबी यात्रा पर जा सकते हैं, जहां आपको व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए नए अवसर प्राप्त होंगे और कोई बड़ी डील भी प्राप्त हो सकती है, जिससे आपकी आर्थिक समस्याएं समाप्त हो जाएंगी। आज का दिन अच्छा रहेगा, यात्रा संभव।

### मिथुन राशि

आप का मन आज किसी बात को लेकर बहुत अधिक प्रसन्न रहेगा। आध्यात्मिकता से अपने मन को बहुत अधिक शांत रखने की कोशिश करेंगे। आज अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें। आज का दिन विद्यार्थियों के लिए थोड़ा सा उलझनों भरा हो सकता है। विद्यार्थियों का ध्यान पढ़ाई से भटक सकता है।

### कर्क राशि

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपका आपके जीवन साथी के साथ किसी बात को लेकर चल रहा वाद विवाद आज समाप्त हो सकता है। अपने परिवार के किसी सदस्य की सेहत को लेकर आप थोड़ा सा चिंतित हो सकते हैं। आप अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखेंगे।

### सिंह राशि

आज का दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। मान सम्मान मिलेगा जिससे आपका मन बहुत ही संतुष्ट रहेगा। आपका मन धार्मिक कार्यक्रमों में लगा रहेगा। आप किसी मंदिर में दान पुण्य का सामान बांट सकते हैं। छात्रों की बात करें, तो छात्रों को आगे बढने के लिए प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करनी चाहिए।

### कन्या राशि

आज कार्यस्थल की व्यवस्था में कुछ परिवर्तन लाने की भी जरूरत है। टूर एंड ट्रेवल्स और मीडिया संबंधी व्यवसाय में सुधार आएगा। आज कार्यभार अधिक होने की वजह से ओवरटाइम करन पड़ेगा। मजबूत बनने के लिए मेडिटेशन का सहारा लेंगे। नजदीकी लोगों से बातचीत करते समय सावधान रहें।

### तुला राशि

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। व्यापार बढ़ाने की योजनओं पर एक बार फिर से विचार करेंगे। कोई भी छोटा-बड़ा फैसला लेते समय किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनफा होगा। आपकी मदद कारगर साबित होगी.

### वृश्चिक राशि

आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। घर में सुखद और अच्छा माहौल रहेगा, शाम का समय बड़े बुजुर्गों के साथ बिताएंगे। यदि किसी कारण से कुछ खोने का डर है तो आप निश्चिंत हो जाए ऐसा कुछ नही होने वाला क्योंकि आज आपका दिन आपके फेवर में है। आपके प्रति पूर्ण सहयोग रहेगा।

### धनु राशि

आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपको अपने खर्चों के प्रति सावधान रहन होगा। आप व्यर्थ के खर्चो पर अधिक ध्यान न दें, अपने सामानों को खरीदने से पहले एक आवश्यक कार्यों के लिस्ट बनएं कि किस समान की अधिक आवश्यकता है, केवल उसी समान को अधिक खरीदे।

### मकर राशि

आपके घर के खर्च आपके लिए बहुत बड़ी परेशानी बन सकते हैं। व्यापार करने वाले लोगों को थोड़ा सा सावधान रहन होगा। संतान की सेहत को लेकर आप परेशान रहेंगे।शुभ रंग- नीलाशुभ अंक-1मकर राशि : आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपका धन आज किसी शुभ काम में अधिक खर्च होगा.

### कुंभ राशि

आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। अगर आपका किसी कारण से मन परेशान है, तो उसे शांत रखने के लिए आप अपने बच्चों के साथ थोड़ा सा समय बताएं, तो आपका मन अच्छा हो जाएगा। आप अपने संतान की सेहत को लेकर लापरवाही न बरते बाद में पछताना पड़ सकता है।

### मीन राशि

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। काम क्षेत्र में आपके कामों की वाहवाही होगी और आपको आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा, लेकिन आपका कोई धन संबंधित मामला आपके लिए समस्या लेकर आ सकता है। आप अपनी माताजी से आज अपने मन की किसी इच्छा को जाहिर कर सकते हैं।

प्रस्तुति : कलाशांति ज्योतिष- मोबाइल नं. 91-6261231618, मेल : कलाशांतिज्योतिष एटदरेट जीमेल डॉट कॉम, वेबसाइट : एचटीपी//डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट कलाशांतिज्योतिष डॉट कॉम

# कैब चालक-डिलीवरी ब्वाय कामगारों की स्थिति पर चिंता

कुमार समीर

भारतीय कामगारों का वर्किंग कल्चर, स्टाइल, काम करने के घंटे हमेशा से बहस का मुद्दा रहे हैं। इस कड़ी में स्किल्ड, अन-स्किल्ड को केंद्र में रखकर विभेद की भी बात सामने आती रहती हैं।हाल में जारी राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की एक रिपोर्ट भी इस बात की तस्दीक करती है। काम के घंटे को लेकर कुछ दिनों पहले काफी विवाद देखा गया। इससे इतर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की हाल में जारी कैब चालक-डिलीवरी ब्वाय जैसे कामगारों (गिग वर्कर्स) की स्थिति पर चिंता व्यक्त की गई है। रिपोर्ट में साफसाफशब्दों में माना गया है कि गिग वर्कर्स यानी ऐप आधारित कैब चालक, डिलीवरी ब्वाय या इसी तरह का अन्य काम करने वाले 83 फीसद कामगार रोजाना चुनौतियों का सामना करते हुए औसतन दस घंटे से भी अधिक काम कर रहे हैं। नतीजतन इन कामगारों को न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक तनाव का भी सामना करना पड़ता है। रिपोर्ट में टारगेट डिलीवरी को खतरनाक माना गया है और कहा गया है कि गिग वर्कर्स को एक निश्चित समयावधि में समान की डिलीवरी करनी होती है। समय पर टारगेट पूरा नहीं होने से शारीरिक, मानसिक रूप से तनाव बढ़ता है। रिपोर्ट में गिग वर्कर्स के लिए मौजूदा रेटिंग प्रणाली पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की गई है और इसे मनमानी करार देते हुए इसकी समीक्षा पर बल दिया गया है। कई बार बेहतर काम करने के बावजूद इन गिग वर्कर्स को खराब रेटिंग मिलती है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने इन गिग वर्कर्स की चुनौतियों को दूर करने व सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए नियामक ढांचा तैयार करने और इसके जरिए लक्षित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया गया है।इनकी चुनौतियों में लंबे समय तक काम करना, वित्तीय तनाव और शारीरिक थकावट शामिल है। इनके लिए थोड़ी राहत वाली बात यह है कि झारखंड, कर्नाटक और राजस्थान जैसे कुछ राज्य इन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, लेकिन स्वास्थ्य बीमा, न्यूनतम मजदूरी, तनाव मुक्त कार्य स्थितियों से संबंधित उनकी अन्य चिंताओं को दूर करने के लिए और अधिक प्रयास करने की जरूरत है। हालांकि केंद्र सरकार ने इस आगामी 2025-26 वित्तीय वर्ष के बजट में देश के गिग वर्कर्स जिनकी संख्या एक करोड़ से भी अधिक है, उन सभी कामगारों को पहचान देने के लिए पंजीकरण करने और आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। इससे उम्मीद जगी है और इसी तरह की उम्मीद कारपोरेट जगत के कामगारों में जगाने की जरूरत है क्योंकि यहां के कर्मचारी भी जबरदस्त तनाव में रहते हैं। ये लोग औसतन दस घंटे से कहीं अधिक समय तक काम करने को मजबूर हैं। इनके नारायण मूर्ति, एस.एन. सुब्रमण्यम जैसे मालिकानों की सोच बदलनी होगी और उन्हें अहसास दिलाना होगा कि उनकी इस तरह की सोच, नजरिया से न तो उनका और ना ही कामगारों का भला होने वाला है। आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस के दौर में जब दुनिया बड़े पैमाने पर बेरोजगारी के खतरे को महसूस कर रही है, तब काम के घंटे बढ़ाने के कारण देश में और भी बेरोजगारी बढ़ेगी, यह तय है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि अर्थनीति की दिशा बदली जाए काम के घंटे घटाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार दिया जाए और रोजगार को संवैधानिक अधिकार बनाकर राज्य की जिम्मेदारी तय की जाए कि वह नौजवानों के लिए रोजगार/नौकरी को सुनिश्चित करे। स्वीडन ने छह घंटे कार्यदिवस की नीति अपनाई, जिससे कर्मचारियों की उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई और उनके जीवन की गुणवत्ता बेहतर हुई। जर्मनी ने भी कार्य घंटों को सीमित कर कर्मचारियों को दक्षता और कुशलता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इन उदाहरणों से स्पष्ट होता है कि कार्य घंटों को घटाने से कर्मचारियों की संतुष्टि और उत्पादकता दोनों में सुधार होता है, जो संगठनों की दीर्घकालिक प्रगति के लिए भी फायदेमंद है। भारत में इस दिशा में सुधार के लिए व्यापक नीतिगत बदलावों की आवश्यकता है। श्रम कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए.

## सू- दोकू क्र. 323

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.322 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

## शब्द सामर्थ्य -323

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**
1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**
1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | | ■ | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | ■ | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | 12 | ■ | 13 | | | |
| 14 | | ■ | 15 | | | | ■ | ■ |
| ■ | 16 | | | ■ | ■ | ■ | 17 | 18 |
| 19 | ■ | ■ | 20 | 21 | 22 | ■ | 23 | |
| | ■ | 24 | ■ | 25 | | 26 | | ■ |
| 27 | | | | | ■ | 28 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 322 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | ■ | फा | य | दा | ■ | स |
| प | ■ | ल | ला | ट | ■ | य | ती | म |
| ति | ल | क | ■ | क | न | क | ■ | झ |
| ■ | क्ष्म | ■ | ■ | ■ | रे | ■ | ■ | ■ |
| ग | ण | क | ■ | सं | श | य | ■ | सौ |
| ह | ■ | या | च | क | ■ | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | ■ | र | क्ष | क | ■ | न |
| ■ | त्रि | ■ | ■ | ■ | मि | ■ | ■ | ■ |
| शा | य | री | ■ | का | त | र | ■ | गो |

# गिलक्रिस्ट ने पोंटिंग से असहमति जताई, वॉर्न को अब तक का सबसे महान क्रिकेटर घोषित किया

नई दिल्ली. ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के दिग्गज एडम गिलक्रिस्ट ने महानतम ऑलराउंडर की बहस में अपना पक्ष रखा है, उन्होंने रिकी पोंटिंग के इस दावे को चुनौती दी है कि जैक्स कैलिस अब तक के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर हैं। जबकि पोंटिंग ने हाल ही में कैलिस की बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन के लिए प्रशंसा की, गिलक्रिस्ट का मानना है कि केवल आंकड़े ही महानता को परिभाषित नहीं करते हैं और इसके बजाय उन्होंने दिवंगत शेन वॉर्न को क्रिकेट के सर्वकालिक शीर्ष खिलाड़ियों में शीर्ष पर रखा। न्यूज डॉट कॉम डॉट एयू के साथ एक साक्षात्कार में गिलक्रिस्ट ने कहा, ÷मैं समझता हूं कि रिकी किस बात पर जोर दे रहे हैं - आंकड़ों के हिसाब से, रन, विकेट और कैच - लेकिन इसमें सिर्फआंकड़ों से कहीं अधिक है।मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि शेन वॉर्न अब तक खेले गए सबसे महान खिलाड़ी हैं। पोंटिंग ने पहले कैलिस को क्रिकेट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बताया था और उनके 13,289 टेस्ट रन, 45 शतक और 292 विकेट को बेजोड़ उपलब्धियां बताया था। हालांकि, गिलक्रिस्ट ने जोर देकर कहा कि गेंदबाज और रणनीतिकार दोनों के रूप में वॉर्न का खेल पर प्रभाव बेजोड़ था। गिलक्रिस्ट ने कहा, ÷वॉर्न ने जो हासिल किया, खासकर जिस तरह से उन्होंने जीवन जिया और फिर भी उस स्तर पर प्रदर्शन करने में सफल रहे, यह दर्शाता है कि वह एक सच्चे चैंपियन थे।अपनी गेंदबाजी के अलावा, वह एक अविश्वसनीय बल्लेबाज भी थे। जब वह खेलते थे तो बहुत सारे रन आउट हो जाते थे। मुझे नहीं लगता कि उन्हें अपनी बल्लेबाजी प्रतिभा का पता था। जब शुद्ध क्रिकेट प्रतिभा की बात आती है - बल्लेबाजी, गेंदबाजी, कैचिंग और सामरिक प्रतिभा - तो मेरे लिए वॉर्न नंबर 1 हैं। गिलक्रिस्ट की टिप्पणी विश्व क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के प्रभुत्व के बीच आई है, जिसके कारण इंग्लैंड के समर्थकों ने आलोचना की है। ऑस्ट्रेलिया द्वारा श्रीलंका के खिलाफ 2-0 की सीरीज जीतने के बाद, इंग्लैंड की बार्मी आर्मी ने उन पर अपने रिकॉर्ड को बढ़ाने के लिए कमजोर विरोधियों का चयन करके ÷आंकड़ों में हेराफेरी÷ करने का आरोप लगाया।

## जहीर खान ने गंभीर के 'अत्यधिक लचीलेपन' के खिलाफ चेतावनी दी

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने टीम इंडिया के मुख्य कोच गौतम गंभीर के सफेद गेंद वाली टीम में 'अत्यधिक लचीले दृष्टिकोण' पर अपनी चिंता व्यक्त की है, उन्होंने आगाह किया है कि बहुत अधिक प्रयोग और लगातार बदलाव खिलाड़ियों में असुरक्षा की भावना पैदा कर सकते हैं।

यह स्वीकार करते हुए कि लचीलापन महत्वपूर्ण है, जहीर ने टीम की स्थिरता बनाए रखने के लिए स्पष्ट संचार और संरचित दिशा-निर्देशों की आवश्यकता पर जोर दिया।

जहीर ने क्रिकबज पर कहा, ÷आपने कहा है कि आपके पास लचीलापन होना चाहिए। नंबर एक और दो तो होंगे ही, लेकिन अन्य भी लचीले होने जा रहे हैं। उस लचीलेपन के भीतर, कुछ नियम भी लागू होते हैं।÷

उन्होंने कहा, ÷कुछ प्रोटोकॉल हैं जिनका आपको पालन करना होगा। कुछ संचार होने की जरूरत है, जो चीजों को सुव्यवस्थित करने जा रहा है। अन्यथा, आप असुरक्षा पैदा कर रहे हैं, जो किसी न किसी स्तर पर वापस आकर आपको नुकसान पहुंचाएगी।''

ज़हीर ने आगे जोर दिया कि टीम के सुचारू रूप से काम करने और आधुनिक क्रिकेट की उभरती मांगों के अनुकूल होने के लिए एक अच्छी तरह से संरचित प्रणाली आवश्यक है।

इसलिए मैंने कहा कि हालिया पूर्वाग्रह अभी बहुत मजबूत है। यदि आप राहुल द्रविड़ के दृष्टिकोण और गौतम गंभीर के दृष्टिकोण की तुलना करते हैं तो स्थिति गतिशील हो गई है। आप कह सकते हैं कि यह अच्छा है, बुरा है या बदसूरत है - या आप कह सकते हैं कि हम कैसे अनुकूलन करते हैं? प्रत्येक व्यक्ति, चाहे वह वरिष्ठ प्रबंधन हो, थिंक टैंक हो, खिलाड़ी हों या चयनकर्ता हों, उन्हें इसका आकलन करना होगा और पहिया ठीक से घूमने के लिए सिस्टम को सुव्यवस्थित करना होगा।''

इन चिंताओं के बावजूद, टीम इंडिया गंभीर के नेतृत्व में जबरदस्त फॉर्म में है। उन्होंने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में 4-1 से जीत हासिल की और वर्तमान में चल रही तीन मैचों की वनडे सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बनाए हुए हैं। अंतिम वनडे बुधवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा अहमदाबाद, जहां भारत सीरीज में क्लीन स्वीप करने की कोशिश करेगा।

## बुमराह भारत के रोनाल्डो हैं, जब तक जरूरत न हो, आप उनकी जगह किसी और को नहीं ले सकते : हार्मिसन



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टीव हार्मिसन ने भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और फुटबॉल सुपरस्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बीच एक शानदार समानता बताई है, जिसमें तेज गेंदबाज की अपूरणीय प्रकृति पर जोर दिया गया है। हार्मिसन का मानना है कि अगर बुमराह चोट के कारण आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो जाते हैं, तो यह रोनाल्डो के बिना फीफा विश्व कप जैसा होगा।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की टेस्ट सीरीज में अहम भूमिका निभाने वाले बुमराह अपनी पीठ की सूजन से जूझ रहे हैं और उनके चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप चरण से बाहर होने की संभावना है। हालांकि, हार्मिसन ने जोर देकर कहा कि भारत को नॉकआउट दौर के लिए उनकी वापसी की उम्मीद में उन्हें आखिरी संभव क्षण तक टीम में रखना चाहिए।

टॉकस्पोर्ट क्रिकेट पर बोलते हुए, हार्मिसन ने 'अपने प्रमुख तेज गेंदबाज के साथ भारत के धैर्य के लिए' एक आकर्षक तर्क दिया। हार्मिसन ने कहा, ÷वह जसप्रीत बुमराह है। मेरे हिसाब से, आप कभी भी जसप्रीत बुमराह की जगह नहीं ले सकते और मेरा मतलब है, मैं उसे इतना आगे ले जाने के लिए फाइनल की सुबह तक भी जा सकता हूं क्योंकि वह जसप्रीत बुमराह है। वह दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है। भारतीय दृष्टिकोण से मेरा यही मानना है। इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज ने बुमराह की संभावित अनुपस्थिति की तुलना फुटबॉल विश्व कप से की, जिसमें अब तक के सबसे महान फॉरवर्ड में से एक रोनाल्डो नहीं था। यह अपने सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बिना फुटबॉल विश्व कप में जाने जैसा है। पंद्रह साल पहले, आप रोनाल्डो की जगह तब तक नहीं लेते जब तक आपको ऐसा करना न पड़े। मुझे लगता है कि भारत बुमराह के साथ ऐसा ही करेगा। हार्मिसन ने मज़ाक में यहां तक कहा कि भारत पूरे टूर्नामेंट में उसे ÷एक पालकी में लेकर घूम सकता है÷ और उम्मीद कर सकता है कि वह सेमीफ़ाइनल या फ़ाइनल तक उपलब्ध हो जाए। यह 14 सदस्यीय टीम है। यह मेरे लिए ग्रुप गेम में आगे बढ़ने के लिए काफी है। हम उसे सेमीफाइनल से पहले ही निकाल सकते हैं, सेमीफाइनल से भी ज्यादा। अगर वह फिट नहीं है, तो हम उसे बदल देंगे, ताकि अगर हमें कोई और चोट लग जाए तो हम उसे बदल दें। लेकिन वह जसप्रीत बुमराह है। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरू होने वाली है, जिसमें दुनिया की शीर्ष आठ वनडे टीमें हिस्सा लेंगी। भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा.

## गुप्टिल ने कहा, 'रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग करना मुझे अच्छा लगता था'

**रायपुर, 11 फरवरी (आईएएनएस)।** व्हाइट बॉल क्रिकेट के दिग्गज न्यूजीलैंड के मार्टिन गुप्टिल ने सोमवार को लीजेंड 90 लीग में सिर्फ 49 गेंदों पर नाबाद 160 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने आईपीएल में रोहित शर्मा के साथ बल्लेबाजी की शुरुआत करने के अपने दिनों को याद किया। गुप्टिल, जिन्होंने अपनी तूफानी बल्लेबाजी से बिग बॉयज यूनिकरी को अकेले ही ध्वस्त कर दिया। उन्होंने पारी के दौरान कुछ शानदार शॉट्स लगाए। दिलचस्प बात यह है कि गुप्टिल ने 2016 आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए रोहित शर्मा के साथ बल्लेबाजी की थी। अपने शानदार प्रदर्शन के बाद गुप्टिल से पूछा गया कि वह किस क्रिकेटर के साथ पारी की शुरुआत करना चाहेंगे, तो न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज ने जवाब दिया, ÷मैंने पहले भी उनके साथ पारी की शुरुआत की है, मुझे रोहित शर्मा के साथ बल्लेबाजी करना अच्छा लगता है। गुप्टिल ने भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का सामना करने के लिए अपनी उत्सुकता भी जाहिर की। ÷मैं हार्दिक पंड्या का सामना करना चाहूंगा। हमने पिछले कुछ सालों में कई शानदार मुकाबले खेले हैं। छत्तीसगढ़ वॉरियर्स के लिए गुप्टिल की रिकॉर्ड-तोड़ पारी, जिसमें 16 गगनचुंबी छक्के और 12 चौके शामिल थे।उनकी तूफानी पारी ने वॉरियर्स को 89 रनों की शानदार जीत दिलाई।

## टाइगर वुड्स ने मां के निधन के बाद जेनेसिस इनविटेशनल से नाम वापस लिया



**नई दिल्ली, 11 फरवरी (आईएएनएस)।** टाइगर वुड्स इस सप्ताह जेनेसिस इनविटेशनल में नहीं खेलेंगे, जहां वे टूर्नामेंट के मेजबान हैं, क्योंकि अमेरिकी खिलाड़ी ने कहा कि वे अपनी मां के निधन को ÷अभी भी भूल रहे हैं÷। वुड्स ने कहा, ÷मैंने इस सप्ताह खेलने की योजना बनाई थी, लेकिन मैं अभी तैयार नहीं हूं। मैंने तैयारी करने की पूरी कोशिश की, यह जानते हुए कि मेरी मां यही चाहती होंगी, लेकिन मैं अभी भी उनके निधन को भूल रहा हूं।'' सभी का धन्यवाद जिन्होंने मुझसे संपर्क किया। मुझे उम्मीद है कि मैं इस सप्ताह के अंत में टॉरी में रहूंगा और अपनी मां के निधन के बाद से निरंतर दयालुता की सराहना करता हूं,÷ वुड्स, जिनकी मां कुल्टिडा का पिछले सप्ताह 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया था, ने सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक बयान में कहा। जेक नैप मैदान में 82 बार के पीजीए टूर विजेता की जगह लेंगे। नैप की सबसे पुरानी गोल्फ मेमोरी 2006 डब्ल्यूजीसी-एक्सेंचर मैच प्ले चैंपियनशिप में वुड्स को स्टीफन एम्स को 9 और 8 से हराते हुए देखना और वुड्स के कैडी स्टीव विलियम्स द्वारा उन्हें मैच की एक गेंद फेंकना है। वुड्स की पीजीए टूर पर आखिरी प्रतिस्पर्धी शुरुआत रॉयल ट्रून गोल्फ क्लब में 2024 ओपन चैंपियनशिप में हुई थी, जहां वह कट से चूक गए थे। वुड्स ने इस साल जुपिटर लिंक्स गोल्फ क्लब के लिए नई तकनीक से भरपूर टीजीएल गोल्फ लीग में दो बार खेला है, जिसकी स्थापना उन्होंने रोरी मैक्लॉय और माइक मैककार्ले के साथ मिलकर की थी। 49 वर्षीय वुड्स ने किशोर बेटे चार्ली के साथ दिसंबर में हुए इवेंट में 36-होल में खेला था। जेनेसिस इनविटेशनल गुरुवार से शुरू हो रहा है और वुड्स के टीजीआर फाउंडेशन को इसका लाभ मिलेगा। यह रिवेरा कंट्री क्लब में होने वाला था.



## ट्रंप ने निलंबित किया यूएस फॉरेन करप्शन एक्ट, अदाणी ग्रुप के शेयरों में आई तेजी

**वाशिंगटन।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विदेशी यूएस फॉरेन करप्शन एक्ट (एफसीपीए) के प्रवर्तन को आसान बनाने के लिए एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत अब इस कानून का कार्यान्वयन रुक गया है, जो अमेरिकी कंपनियों को विदेशी अधिकारियों को रिश्वत देने से रोकता है।

इसके साथ ही ट्रंप प्रशासन ने दावा किया कि इस प्रतिबंध से अमेरिकी कंपनियों को नुकसान होता है।

ट्रंप के इस फैसले के बाद अदाणी ग्रुप के शेयरों में मंगलवार को मजबूती देखने को मिली।



व्हाइट हाउस की ओर से जारी बयान में कहा गया कि 1977 में लागू होने के बाद से फॉरेन कफ्शन एक्ट (एफसीपीए) में व्यवस्थित रूप से मापदंड बढ़ाया जाता रहा है और अब यह उचित सीमा से परे बढ़ाया गया है और इस तरह से दुरुपयोग किया गया है जो अमेरिका के हितों को नुकसान पहुंचाता है।

बयान में आगे कहा गया कि वर्तमान एफसीपीए कानून अमेरिका की विदेश नीति के उद्देश्यों में बाधा डालता है और इसलिए विदेशी मामलों पर राष्ट्रपति के अनुच्छेद द्वद्व के अधिकार को प्रभावित करता है।

एफसीपीए अमेरिकी संबंधों वाली किसी भी कंपनी या व्यक्ति को विदेशों में व्यापार सुरक्षित करने के लिए विदेशी अधिकारियों को धन या उपहार देने से रोकता है। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान इस कानून को खत्म करने पर विचार किया था।

इस डेवलपमेंट के बाद अदाणी ग्रुप के सभी शेयरों में तेजी देखने को मिल रही है।

अदाणी एंटरप्राइजेज और अदाणी पावर के शेयर में 4-4 प्रतिशत, अदाणी ग्रीन एनर्जी के शेयर में 3 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखी जा रही है।

नई दिल्ली टेलीविजन लिमिटेड का शेयर में 3 प्रतिशत की बढ़त बनी हुई है। इसके अलाना अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड, अदाणी टोटल गैस लिमिटेड, अदाणी पोर्ट्स के शेयरों में हरे निशान में कारोबार हो रहा है।

## भारत में 2047 तक कोयले की मांग 1,755 मिलियन टन पहुंचने का अनुमानः केंद्र



**नई दिल्ली।** भारत में कोयले की मांग 2030 तक 1,462 मिलियन टन (एमटी) और 2047 तक 1,755 एमटी तक पहुंचने का अनुमान है। यह जानकारी सोमवार को सरकार द्वारा दी गई। वैश्विक स्तर पर पांचवें सबसे बड़े भूगर्भीय कोयला भंडार और दूसरे सबसे बड़े उपभोक्ता के रूप में, कोयला एक मुख्य ऊर्जा स्रोत बना हुआ है, जो राष्ट्रीय ऊर्जा मिश्रण में 55 प्रतिशत का योगदान देता है।
पिछले दशक में मुख्य रूप से कोयले से चलने वाली ताप विद्युत संयंत्रों ने कुल बिजली उत्पादन में 74 प्रतिशत से अधिक का योगदान दिया है।

कोयला मंत्रालय के कहा, रिन्यूएबल स्रोतों में मजबूत प्रगति के बावजूद बिजली की मांग में तीव्र वृद्धि के कारण ताप विद्युत पर निर्भरता जारी रखना आवश्यक हो गया है। अनुमान है कि 2030 तक इसकी हिस्सेदारी 55 प्रतिशत और 2047 तक 27 प्रतिशत हो जाएगी।

आठ कोर उद्योगों के सूचकांक (आईसीआई) के अनुसार, कोयला क्षेत्र ने दिसंबर 2024 में 5.3 प्रतिशत की उच्चतम वृद्धि दर्ज की, जो दिसंबर 2023 में 204.3 अंकों की तुलना में 215.1 अंक पर पहुंच गया।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-दिसंबर 2024 के दौरान, कोयला उद्योग सूचकांक पिछले वर्ष के 167.2 अंकों से बढ़कर 177.6 अंक हो गया, जो 6.2 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है, जो सभी कोर उद्योगों में सबसे अधिक है। आठ मुख्य उद्योगों के संयुक्त सूचकांक ने पिछले वर्ष की तुलना में दिसंबर 2024 में 4 प्रतिशत की समग्र वृद्धि दिखाई है। इसके अतिरिक्त कोयला क्षेत्र भारतीय रेलवे के माल ढुलाई आय का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा है और लगभग 4.78 लाख व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करता है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का कोयला उत्पादन 997.82 मिलियन टन (एमटी) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो वित्त वर्ष 2014-15 में 609.18 एमटी से मजबूत वृद्धि दर्शाता है।

अकेले वित्त वर्ष 2023-24 में पिछले वर्ष की तुलना में उत्पादन में 11.71 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2020 में वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी की शुरुआत के साथ एक ऐतिहासिक नीतिगत सुधार आया, जिसने निजी क्षेत्र की भागीदारी और आधुनिक तकनीकी अपनाने को प्रोत्साहित किया।

## एयरो इंडिया 2025 : अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने दिखाई 'मेक इन इंडिया' की ताकत, प्रदर्शित किए आधुनिक हथियार

**नई दिल्ली।**

अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने सोमवार को बेंगलुरु में चल रहे एयरो इंडिया 2025 में अपनी क्षमता दिखाई और कई आधुनिक हथियार प्रदर्शित किए।

अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के लैंड सिस्टम के प्रमुख, अशोक वधावन ने कहा कि हम अपनी क्षमताएं विकसित कर रहे हैं। हम किसी भी खतरे को पता लगाने वाले डिफेंस प्रोडक्ट्स पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इस क्षेत्र में हमारे पास छोटे ड्रोन से लेकर बड़े ड्रोन हैं, जिसके जरिए हम कमरे से लेकर हवा में टारगेट कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम अनमैन्ड अंडरवाटर व्हीकल (यूयूवी) भी बना रहे हैं, जो कि 15 दिनों तक पानी में रहकर खतरे का पता लगा सकता है। इसके अलावा हम काउंटर ड्रोन भी बना रहे हैं। एयरो इंडिया




2025 में अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने व्हीकल माउंटेड काउंटर ड्रोन सिस्टम प्रदर्शित किया है। यह डिफेंस उपकरण 15 किलोमीटर तक डिटेक्ट कर सकता है, जबकि 10 किलोमीटर तक न्यूट्रलाइज कर सकता है।

इसके अलावा अदाणी ग्रुप की डिफेंस कंपनी ने कामिकेज ड्रोन भी प्रदर्शित किया है। यह काफी घातक ड्रोन माना जाता है। इसकी रेंज 200 किलोमीटर है और यह 16 किलो तक का वारहेड ले जा सकता है और 8 घंटे हवा में रह सकता है। अदाणी डिफेंस और एयरोस्पेस पैवेलियन एयरो इंडिया 2025 में कई रक्षा हथियारों, मानव रहित वाहन, उपकरण और कई अन्य चीजों को प्रदर्शित करने वाले सबसे आकर्षक पैवेलियन में से एक है।

अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस भारत के रक्षा और एयरोस्पेस विनिर्माण क्षेत्र में अग्रणी खिलाड़ियों में से एक है। अदाणी डिफेंस और एयरोस्पेस ने लगातार तीसरी बार एयरो इंडिया में भाग लिया है।

## अमेरिकी टैरिफसे भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में खुला, मिडकैप और स्मॉलकैप में बिकवाली

**मुंबई, 11 फरवरी (आईएएनएस)।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में खुला। सुबह 9:30 बजे सेंसेक्स 172 अंक या 0.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,138 और निफ्टी 69 अंक या 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,315 पर था। बाजार के गिरने की वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से आयातित स्टील और एल्युमिनियम उत्पादों पर 25 प्रतिशत का टैरिफलगाना है। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखने को मिल रही है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 648 अंक या 1.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 51,855 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 250 अंक या 1.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,398 पर बना हुआ है। बाजार में उतार-चढ़ाव दर्शाने वाला इंडेक्स इंडिया विक्स 1.66 प्रतिशत बढ़कर 14.69 पर बना हुआ है। चॉइस ब्रोकिंग के आकाश शाह के मुताबिक, निफ्टी के लिए 23,260 एक अहम सपोर्ट है। अगर यह इसे तोड़ता है तो 23,000 के स्तर तक जा सकता है। वहीं, तेजी की स्थिति में 23,460 एक रुकावट का स्तर है। अगर यह टूटता है तो 23,550 और 23,700 के स्तर देखने को मिल सकते हैं। सेंसेक्स पैक में अदाणी पोर्ट्स, इन्फोसिस, मारूति सुजुकी, एचसीएल टेक, इंडसइंड बैंक, एचयूएल, टेक महिंद्रा, भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक और आईटीसी टॉप गेनर्स हैं। जोमैटो, पावर ग्रिड, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फिनसर्व, टाटा मोटर्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, एलएंडटी, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक टॉप लूजर्स हैं।

## अदाणी ग्रुप ने मेयो क्लिनिक के साथ मिलाया हाथ, भारत में हेल्थ कैंपस बनाने के लिए दान किए 6,000 करोड़ रुपये

**अहमदाबाद।** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने सोमवार को अमेरिका स्थित मेयो क्लिनिक के साथ साझेदारी में अदाणी हेल्थ सिटी (एएचसी) शुरू करने की घोषणा की, जिसका उद्देश्य विश्वस्तरीय चिकित्सा अनुसंधान, किफायती स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा में अग्रणी बनना है। अदाणी परिवार अहमदाबाद और मुंबई में पहले दो एकीकृत स्वास्थ्य परिसरों के निर्माण के लिए 6,000 करोड़ रुपये से अधिक का दान देगा। इसमें मुंबई और अहमदाबाद में दो 1,000 बिस्तरों वाले मल्टी-सुपर-स्पेशलिटी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज बनेंगे। 6,000 करोड़ रुपये का यह दान अरबपति उद्योगपति द्वारा अपने बेटे जीत अदाणी की शादी में की गई 10,000 करोड़ रुपये की सामाजिक दान की हाल की घोषणा का हिस्सा है, जिसे विभिन्न सामाजिक कार्यों में लगाया जाएगा। कंपनी ने बताया कि गौतम अदाणी ने देश भर के शहरों और कस्बों में ऐसी और अधिक एकीकृत अदाणी हेल्थ सिटीज बनाने की योजना बनाई है। अदाणी समूह के चेयरपर्सन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ÷मेयो क्लिनिक के साथ साझेदारी में अदाणी हेल्थ सिटी को लॉन्च करने पर गर्व है।

## शिविर के पांचवें दिन पर्यावरण एवं वन्य जीव संरक्षण पर हुआ कार्यक्रम




तिरोड़ी (सी-टाइम्स)

वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय तिरोड़ी के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के पांचवें दिन प्रतिदिन की तरह सुबह 5:00 बजे जागरण करने के पश्चात वॉलिंटियर्स ने जागरूकता रैली निकाली तत्पश्चात स्वल्पाहार के बाद पर्यावरण एवं वन्य जीव संरक्षण हेतु जागरूकता रैली निकाली एवं नारेबाजी करते हुए व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीण जनों को जागरूक किया। भोजन के पश्चात उनकी कार्यशाला हुई तत्पश्चात बौद्धिक चर्चा में श्रीराम धरते जी वनरक्षक तिरोड़ी द्वारा छात्र-छात्राओं को पर्यावरण स्वच्छता एवं वन्य जीव सुरक्षा के विशेष निर्देश दिए जो बहुत ही महत्वपूर्ण थे एनएसएस के कार्यकताओं ने उनसे कई संबंधित प्रश्न किया जिसका उन्होंने संतोषप्रद उत्तर दिया तत्पश्चात शाम 4:00 बजे चाय नाश्ते के बाद खेलकूद किए गए।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ समापन

### पर्यावरण एवं नदियों के संरक्षण में स्वयंसेवक करे पहल - विधायक गौरव सिंह पारधी

कटंगी (सी-टाइम्स)

शहर के राजा भोज शासकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन 10 फरवरी को क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी की मुख्य उपस्थिति के अलावा जन भागीदारी समिति सदस्य संदीप शर्मा, टेलेंद्र वाघमारे, वैभव गुप्ता एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संरक्षक प्रभारी प्राचार्य अनिल कुमार शेंडे की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम अधिकारी पवन सोनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती एवं प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र का पूजन अर्चन दीप प्रज्वलित कर किया गया स्वयंसेवकों द्वारा सभी



अतिथियों का स्वागत भारतीय परंपरा अनुसार तिलक वंदन कर किया गया आगे उन्होंने बताया विधायक गौरव सिंह पारधी का नाता राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई से पिछले 5 वर्षों से लगातार बना हुआ है जिसमें विधायक महोदय ने समय-समय पर स्वयंसेवकों की विभिन्न समस्याओं का निराकरण किया है । मुख्य अतिथि विधायक गौरव सिंह पारधी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए अधिक से अधिक प्रयास किये जाने के लिए स्वयंसेवकों को प्रेरित किया गया उन्होंने कहा पर्यावरण एवं पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए हमें अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए वृक्षारोपण का तात्पर्य यह नहीं होना चाहिए कि हम वृक्ष लगाकर उसे छोड़ दे वृक्षारोपण का तात्पर्य यह होना चाहिए हम वृक्ष लगाए एवं उसकी पुरी देखभाल भी करें। प्रत्येक स्वयंसेवक को कम से कम 10 पौधों का वृक्षारोपण कर उन्हे गोद लेना चाहिए पर्यावरण संरक्षण के लिए अपना अमूल्य योगदान देने के लिए कहा साथ ही साथ हमारे जीवन दायिनी नदियों के संरक्षण की आवश्यकता पर भी विधायक महोदय द्वारा स्वयंसेवकों से कार्य करने के लिए कहा।

## अनजान लिंक पर क्लिक न करें, साइबर अपराध संबंधी 1930 पर शिकायत कराएं दर्ज

शहडोल (सी-टाइम्स)

सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर आज कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में साइबर अपराधों के संबंध में अधिकारियों को जानकारी दी गई। साइबर अपराधों के बारे बताया गया कि साइबर अपराध इंटरनेट एवं डिजीटल माध्यमों द्वारा किये जाने वाले अवैध कार्य, व्यक्तिगत जानकारी चोरी, वित्तीय धोखाधड़ी और हैकिंग जैसी अन्य गतिविधियां शामिल है, अनजान लिंक पर क्लिक न करें, वेबसाइट के यूआरएल को ध्यान से देखें, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग करे, सुरक्षित पासवर्ड बनाए और समय-समय पर बदलें, संवेदनषील जानकारी किसी के साथ साझा न करें, साइबर अपराधों के संबंध में राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर षिकायत दर्ज करा सकते है। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, डिप्टी कलेक्टर भागीरथी लहरें,डीआईओ मधुकर सिंह, ओम जायसवाल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थें।

# माता रमाई जयंती एवं अंधश्रद्धा शिविर सम्पन्न

बालाघाट (सी-टाइम्स)

नगर मुख्यालय में बोधिसत्व डा. बाबासाहेब की जीवन संगीनी त्यागमूर्ती माता रमाई की जयंती एवं अंधश्रद्धा निर्मुलन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बडे हर्षोउल्लास एवं धूमधाम से संस्था के तहसील कार्यालय तक्षशीला वाचनालय में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष डा.चरनदास ढेंगरे द्वारा विगत 25 वर्षो से अधिक समय से निष्ठा से अनवरत सामाजिक एवं धार्मिक कार्यो में उनके समर्पित योगदान के लिये डॉक्ट्रेट की मानक उपाधि मिलने पर तहसील एवं नगर शाखा द्वारा सम्मान एवं वारासिवनी के सभी समर्पित पदाधिकारीयो का भी सम्मान किया गया। समारोह की अध्यक्षता आर.डी.बंसोड तहसील अध्यक्ष द्वारा की गई थी। मुख्य अतिथि लताताई वरिष्ठ केन्द्रित शिक्षीका भुसावल, प्रमुख अतिथि एम.डी.सरोदे गुरूजी



केन्द्रिय सदस्य एवं केंद्रीय शिक्षक मुंबई,आर.के.कठाने प्रदेश सचिव म.प्र., बी.आर.बेलेकर संगठक थे सफल संचालन अभिराज मेश्राम तहसील महासचिव एवं आभार प्रदर्शन धमेन्द्र घोडेसवार सचिव वारासिवनी द्वारा किया गया था। सरोदे गुरूजी ने बताया कि माता रमाई के जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में आगे बढना चाहिए। प्रशिक्षण शिविर में लताताई तायडे जी ने प्रयोग एवं वैज्ञानिक तथ्य के द्वारा बताया की अंधश्रद्धा को कैसे दूर किया जा सकता। उन्होने आगे कहा कि संस्था के 24 प्रकार के धम्म प्रशिक्षण शिविरो के आयोजनों से ही समाज अंधश्रद्धा,व्यसन मुक्त ,शीलवान नितिवान बनेगा।

# ओबीसी को 27 % आरक्षण लागू है,कोर्ट ने स्टे आर्डर नहीं दिया: पटेल

भोपाल (सी-टाइम्स)

मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा के संरक्षक भुवनेश पटेल, मप्र महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती विभा पटेल, एडवोकेट तुलसीराम पटेल प्रदेश अध्यक्ष मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं अल्पसंख्यक अधिवक्ता संघ और एडवोकेड रामेश्वर ठाकुर ने कहा कि पिछड़ा वर्ग आरक्षण को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है। दरअसल किसी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने कोई स्टे आर्डर नहीं दिया है। तथ्यों को तोड़मरोड़कर प्रचारित किया जा रहा है। इसके लिए महाधिवक्ता दोषी है। उन्होंने सरकार को गलत जानकारी दी है। उनकी लापरवाही के कारण लाखों ओबीसी युवा का भविष्य खतरे में पड़ गया क्योंकि उन्हें 27 फीसदी आरक्षण का लाभ भर्ती में नहीं मिल रहा है। मोर्चा नेताओं ने बताया कि पिछड़ा वर्ग आरक्षण मामले में वैधानिक स्थिति स्पष्ट की है। मोर्चा नेताओं भुवनेश पटेल, मप्र महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती विभा पटेल, एडवोकेड रामेश्वर ठाकुर और तुलसीराम यादव ने कहा कि वस्तुस्थिति यह है कि वस्तु स्थिति यह है कि याचिका क्रमांक 3668/2022 पीएससी के एक अनुसूचित जाति वर्ग का अभ्यर्थी है जिसने पीएससी 2020 के रिजल्ट 13% होल्ड अनारक्षित वर्ग की वैधानिकता को चुनौती दी गई थी जिसे जस्टिस शील नागू ने खारिज कर दिया। याचिका क्रमांक 3368/2022 में पारित अन्तरिम आदेश 4 मई 2022 का हवाला दिया जा रहा है जबकि उक्त याचिका की केस स्टेटस डिस्पोजाफ है तथा उक्त याचिका सुप्रीम कोर्ट ट्रांसफर ही चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण लागू नहीं किए जाने के संबंध में कोई भी आदेश जारी नही किया गया है इसलिए सरकार या प्रशासन उक्त याचिका के आदेश के कारण ओबीसी का आरक्षण हिल्ड नही कर सकती है। उक्त याचिका का यदि सूक्ष्मता से अध्ययन किया जाए तो हाईकोर्ट ने वर्टिकल आरक्षण 50% से ज्यादा लागू नही करने का उल्लेख किया है। यदि ओबीसी का बड़ा हुआ 13% आरक्षण अलग कर भी कर दिया जाए तो फिर भी सरकार 60% आरक्षण लागू कर रही है (उदाहरण : एससी का 16% एसटी का 20% ओबीसी का 14% ईडबल्यूएस का 10% कुल 60% ) अर्थात याचिका क्रमांक 3368/2022 में हाईकोर्ट द्वारा पारित अन्तरिम आदेश 04मई 2022 महाधिवक्ता ओबीसी के प्रति दुर्भावना रखते हुए केवल ओबीसी का 13% आरक्षण लागू नही करने हेतु सरकार को गलत अभिमत बनाकर ओबीसी के लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे है जिन्हें अब पद पर रहने का नैतिक अधिकार नही हैं मोर्चा नेताओं भुवनेश पटेल, मप्र महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती विभा पटेल, एडवोकेड तुलसीराम पटेल और रामेश्वर ठाकुर ने आरोप लगाते हुए कहा कि महाधिवक्ता अपनी नियुक्ति दिनांक से ही आरक्षण कानूनों तथा अन्तरिम आदेशों की ओबीसी हितों के विपरीत गलत व्याख्या करके पिछड़े वर्ग को सामाजिक न्याय से वंचित करने का काम कर रहे है। जनहित में महाधिवक्ता प्रशांत सिंह को तत्काल पद से हटाया जाना उचित होगा। मध्यप्रदेश सरकार को संविधानप्रिय एवं सामाजिक न्यायप्रिय योग्य अधिवक्ता को महाधिवक्ता नियुक्त करना चाहिए।

# कमिश्नर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

शहडोल (सी-टाइम्स)

कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता की उपस्थिति में आज कमिश्नर कार्यालय शहडोल के अमरकंटक सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने शहडोल संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और



समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में राजस्व से संबंधति, पीएम किसान, पीएम आवास, सीएम किसान, आर्थिक सहायता, सहित शासन द्वारा संचालित अन्य योजनाओं से संबंधित शिकायतों के आवेदन प्राप्त हुए जिनका निराकरण हेतु कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

# स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहे दवाइयां, डॉक्टर समय पर पहुंचे अस्पताल

### कमिश्नर में लोक स्वास्थ एवं चिकित्सा शिक्षा के कार्यो की समीक्षा की

शहडोल (सी-टाइम्स)

संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने आज कमिश्नर कार्यालय के अमरकंटक कक्ष में संभाग स्तरीय लोक स्वास्थ एवं चिकित्सा शिक्षा के कार्यों की समीक्षा की। कमिश्नर ने बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए की शहडोल संभाग के स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले मरीजों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों में मरीज को वितरित करने हेतु दवाइयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहे, दवाइयो की कमी न रहे यह भी सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने बैठक में निर्देश दिए कि स्वास्थ्य केंद्रों में निर्धारित समय के अनुसार डॉक्टर समय पर पहुंचे और आने वाले मरीजों का बेहतर उपचार करे। कमिश्नर ने कहा कि स्वास्थ्य अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों एवं योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाए तथा निर्धारित लक्ष्य को समय सीमा में पूरा करें। कमिश्नर ने शहडोल संभाग के जोखिम वाली गर्भवती माता, टीकाकरण, एएनसी पंजीयन सहित स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे अन्य कार्यों की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.राजेश मिश्रा सहित शहडोल संभाग के अन्य स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय का संपूर्ण जीवन राष्ट्र समाज सेवा के लिए समर्पित रहा



शहडोल (सी-टाइम्स)

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्धारित कार्यक्रम के तहत भारतीय जनसंघ के प्रेरणा स्त्रोत एक एकात्म मानववाद के विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिले के समक्ष 19 मंडलों के प्रत्येक बूथ पर समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई और उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए आजीवन सहयोग निधि का शुभारंभ किया गया और कार्यकताओं ने संकल्प लिया की आजीवन सहयोग निधि के लक्ष्य को समय सीमा में पूर्ण करते हुए हर कार्यकताओं को समर्पित भाव से आर्थिक राशि को पार्टी संचालन के लिए अपने श्रद्धा भाव अनुसार अर्पण करेंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए मंगलवार को बताया है कि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर कहा कि भारतीय जन संघ के प्रेरणा स्त्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का संपूर्ण जीवन संगठन और राष्ट्र समाज सेवा के लिए पूर्ण रूप से समर्पित रहा। उन्होंने भारतीय जन संघ से लेकर भाजपा के संगठन को मजबूत करने के लिए गांव-गांव में निष्ठावान कार्यकताओं का वटवृक्ष बनाकर तैयार किया आज पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी है उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का विचार था की गरीब से गरीब व्यक्ति का विकास और उन्हें किस किस तरह आगे की पंक्ति में खड़ा किया जाए आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व वाली भाजपा की सरकारों ने उनके अंत्योदय की विचारधारा को लेकर गरीब कल्याणकारी योजनाओं के साथ आत्मनिर्भर विकास की दिशा से जोड़ने का काम कर रही है उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का व्यक्तित्व और कृतित्व और उनके विचार सिद्धांत के अनुकरणीय अंशु को कार्यकरता अपने हृदय में उतरकर संगठन को मजबूत बनाने का काम करें उन्होंने कहा कि आजीवन सहयोग की निधि एक पार्टी का महत्वपूर्ण अभियान है इस अभियान को हमें मजबूत प्रदान करने के लिए हर व्यक्ति से सहयोग राशि लेकर उनका सम्मान करें। पार्टी जिला अध्यक्ष नरवरिया ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने अपने विचारों व कर्तव्यनिष्ठा से भारतीय राजनीति में आ अद्धितीय आदर्श स्थापित किये। भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी, जयसिंह नगर क्षेत्र की विधायक श्रीमती मनीषा सिंह जी, पूर्व जिला अध्यक्ष अनुपम अनुराग अवस्थी जी भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह भूपेंद्र मिश्रा भाजपा जिला महामंत्री संतोष लोहानी मनोज सिंह आर्मो, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता मंचासीन रहे।

# किराना स्टोर से किया गया कोबरा सर्प का रेस्क्यू



अनूपपुर (सी-टाइम्स)

नगर परिषद डोला के वार्ड न. 7 में स्थित रमेश किराना दुकान में उस समय हड़कंप मच गया जब दीवाल पर चढ़ रहें 4 फिट लम्ब कोबरा दुकान के आँगन के अंदर गिर पड़ा. दुकान में 4 फीट लंबा कोबरा सांप दिखाई देने के बाद हड़कंप मच गया. सांप को देखते ही दुकान के मालिक ने समझदारी से आँगन में पड़े बस्तुकों को किनारे करते हुए गेट पर बैठकर सर्प पर नजर रखी साथ ही बड़े भाई को भी सूचित किया वही मौके पर पहुचे बड़े भाई पवन अग्रवाल द्वारा सर्पप्रहरी ताजिम अंसारी निवासी खोगापानी छत्तीसगढ़ को सुचना दी गई जिस पर सर्प प्रहरी द्वारा सर्प पर नजर बनाये रखने कि सलाह दी गई। आधा घंटे मशक़्क़त के बाद किया गया जहरीले सर्प का रेस्क्यु जहाँ मौके पर पहुंचकर सर्प प्रहरी द्वारा करीब आधा घंटे की मशक्कत के बाद सांप को पकड़ कर डिब्बे में बंद कर अपने साथ ले जया गया।

### जीपी पुष्पेंद्र मिश्रा संयुक्त सचिव बने

# मध्यप्रदेश शासकीय अधिवक्ता (जीपी /एजीपी )संघ गठित

अनूपपुर (सी-टाइम्स)

प्रदेश भर के शासकीय अधिवक्ता जीपी एवं एजीपी की समस्याओं के समाधान के निमित्त संगठन संरचना का प्रस्ताव विगत दिनों शासकीय अधिवक्ताओं की वर्चुअल बैठक मे स्वीकृत हुआ था उसी अनुक्रम मे प्रदेश स्तरीय मध्यप्रदेश शासकीय अधिवक्ता (जीपी /एजीपी )संघ का गठन किया जाकर प्रदेश कार्यसमिति के 01अध्यक्ष सहित 05 उपाध्यक्ष 01 महासचिव



01कोषाध्यक्ष 01संयुक्त सचिव 04 प्रचार सचिव 01सदस्यता सचिव 06 विधि सलाहकार 06 विशेष आमंत्रित सदस्य तथा 03 संरक्षक मण्डल सदस्य के नामो की घोषणा की गई है जिसमे अध्यक्ष सुखेद्र द्विवेदी जीपी सीधी,उपाध्यक्ष पी एन राजपूत जीपी भोपाल,अभिजीत सिंह राठौर जीपी इंदौर,मनोज सिंह चौहान जीपी दतिया,अजय पालीवाल जीपी छिंडवाडा,मदन मोहन द्विवेदी जीपी बालाघाट,महासचिव रमेश मिश्रा जीपी सतना कोषाध्यक्षः रजनीश सोनी जीपी कटनी संयुक्त सचिव पुष्पेंद्र मिश्रा जीपी अनूपपुर प्रचार सचिवः संजय गौर जीपी हरदा,नितिन मिश्रा जीपी बैतूल,श्रवण खरे जीपी टीकमगढ़,सुरेश वर्मा जीपी रतलाम सदस्यता सचिव।

## डिण्डौरी पुलिस ने मेकलसुता महाविद्यालय डिण्डौरी में चलाया साइबर सुरक्षा जागरूकता



डिण्डौरी (सी-टाइम्स)

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निदेर्शानुसार देश मे बढते सायबर क्राईम के मामलो को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस महानिदेशक के आदेश के पालन मे सेफ इंटरनेट दिवस के परिप्रेक्ष्य मे संपूर्ण प्रदेश मे साइबर सुरक्षा जागरूकता(सेफ क्लिक अभियान) चलाया जा रहा है । संपूर्ण कार्यक्रम का उद्देश्य सुरक्षित इंटरनेट के महत्व को प्रोत्साहित करना और साइबर फ्रॉड जैसे बडे अपराधो के प्रति जागरूक करना है । उक्त अभियान के तारतम्य में मेकलसुता महाविद्यालय डिण्डौरी में वाहिनी सिंह द्वारा सायबर अपराधों की राकेथाम हेतु छात्र-छात्राओं को जानकारी देते हुये सर्तक रहें सुरक्षित रहने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के छात्र,छात्राये, शिक्षक उपस्थित थे, पुलिस अधीक्षक संवाद के माध्यम से डिजिटल अरेस्ट, अनजान लिंक, व्हाटसअप एपीके फाईल, सिम स्वैप धोखाधडी, फेक कॉल, फर्जी लोन एप्लीकेशन, केबीसी फ्रॉड, केवाईसी फ्रॉड इत्यादि सायबर फ्रॉड के बारे मे जानकारी दी जाकर, बचाव के उपायो के बारे मे अवगत कराया गया ।

## सामाजिक आर्थिक चिंतन के सर्वश्रेष्ठ चिंतक थे दीनदयाल -चमरू सिंह नेताम

डिण्डौरी (सी-टाइम्स)

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय डिण्डौरी मे भाजपा के प्रेरणापुंज महामना पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक के पूर्व सर्वप्रथम भारतमाता, पं. दीनदयाल उपाध्याय जी एवं डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी के तेलीय चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए नमन कर बैठक का शुभारंभ किया। आयोजित कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष चमरूसिंह नेताम ने संबोधित करते हुए बताया कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जी का जन्म 25 सितंबर 1916 मे नगला चंद्रभान गांव मे हुआ था। देश मे जब भी सामाजिक-आर्थिक चिंतन की बात की जाती है तो पं.दीनदयाल जी का आज प्रमुखता से लिया जाता है। पं.दीनदयाल जी स्वदेशी आधारित सामाजिक- आर्थिक चिंतन के सर्वश्रेष्ठ चिंतक हैं। दीनदयाल जी का प्रमुख शब्द अंत्योदय रहा है। अंत्योदय मिशन को आधार मानकर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव जनहितेषी कार्य कर रहें। केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की गरीबउन्मुखी योजनाऐं दीनदयाल के विचारों से ओतप्रोत हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष अवध राज बिलैया ने संबोधित करते हुए कहा कि दीनदयाल जी में संगठन का अद्वितीय और अद्भुत कौशल था। समय बीतने के साथ भारतीय जनसंघ की विकास यात्रा में वह ऐतिहासिक दिन भी आया जब सन 1968 में विनम्रता की मूर्ति इस महान नेता को दल के अध्यक्ष के पद पर प्रतिष्ठित किया गया। अपने




उत्तरदायित्व के निर्वहन और जनसंघ के देशभक्ति का सन्देश लेकर दीनदयाल जी ने दक्षिण भारत का भ्रमण किया। 11 फरवरी, 1968 का दिन देश के राजनीतिक इतिहास में एक बेहद दुरूखद और काला दिन है। इसी दिन अचानक पंडित दीनदयाल जी की आकस्मिक मृत्यु हुई। वे मुगलसराय रेलवे स्टेशन (वर्तमान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन) के निकट चलती रेलगाड़ी में संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी मौत हो गयी। पंडित दीनदयाल जी के चाहने वाले और अनुयायी आज भी उस दुर्घटना से आहत हैं। इसी कड़ी में पूर्व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह राजपूत ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल जी की पुस्तक एकात्म मानववाद में जीवन के हर पहलू पर गहन चिंतन कर समाहित किया गया है। उन्होंने कहा कि देश के चिंतन में अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति का उदय ही हमारी सरकारों की प्राथमिकता है। आजादी के बाद ज्यादातर कांग्रेस की सरकार रही है परंतु अन्त्योदय मिशन से कोसो दूर रही है। दीनदयाल जी कहा करते थे कि ह्य जब तक अंतिम पंक्ति मे खडे. व्यक्ति का उदय नही होगा, भारत का उदय संभव नही है।

# भगवान परशुराम भवन निर्माण में बाधक एवं विरोध करने वालों के विरुद्ध जिला विप्र समाज सौपेगा ज्ञापन



अनूपपुर (सी-टाइम्स)

विप्र समाज द्वारा एक आवश्यक बैठक अत्यंत अल्पावधि सूचना में संयोजक पंडित रामनारायण द्विवेदी मानस मर्मज्ञ द्वारा आहूत किया गया जिसमें निर्णय पारित किये गए ।आर्यावर्त ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष युवा सरस्वती पूजा कर्म के धनी पंडित चैतन्य मिश्रा ने सदन को परिमार्जित शैली में अवगत कराया कि कोतमा में जन कल्याण एवं सामाजिक आवश्यकताओ की पूर्ति हेतु लोकप्रिय विधायक एवं राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल द्वारा भगवान परशुराम भवन निर्माण की सौगात कोतमा नगर को दिलाया गया है,जिसका निर्माण कार्य नगरपालिका कोतमा द्वार पूरे नियमानुसार और समस्त औपचारिकता की पूर्ति करते हुए कराया जा रहा है। सोशल मीडिया एवं समाचार पत्रो से प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त भगवान परशुराम भवन का निर्माण कुछ विघ्न संतोषियों को रास नहीं आया ।प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक कांग्रेस के कथित नेता श्याम कुमार गुड्डू चौहान के द्वारा अन्य साथियों के साथ जिसका विरोध किया गया,जिसके खिलाफ ज्ञापन दिया जाना है । दिनांक 17 फरवरी को सौंपा जाएगा ज्ञापन सदन द्वारा एकसाथ निर्णय लिया गया है कि 17 दिन फरवरी सोमवार को 12 बजेअधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर सशक्त रूप से कलेक्टर को पूरी जानकारी देते हुए ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिसके लिए सभी विप्र समाज के एकत्रीकरण हेतु अनूपपुर में सामतपुर मंदिर के पास ही सुबह 11 बजे का समय निर्धारित किया गया है ।परशुराम कल्याण बोर्ड के साथ समाज ने निर्णय लिया है कि दूरगामी और परिणाम कारी और निर्णयों में हम सदैव साथ साथ है। गरिमामयी उपस्थित के साथ रखे अपने विचार सर्व पंडित विद्याधर पांडेय अध्यक्ष एकीकृत ब्राह्मण समाज,जनार्दन मिश्रा,जीतेन्द्र पांडे,संदीप मिश्रा,शेष नारायण शुक्ला,सुधीर द्विवेदी,लवकुश तिवारी,रोहणी तिवारी,मधुसूदन द्विवेदी,संतोष मिश्रा,देवानंद शुक्ला,श्रीनिवास तिवारी,मधुकर चौबे,अयोध्या तिवारी,बाबूलाल पाठक,संदीप गर्ग,विनोद पांडेय,सुरेन्द्र मिश्रा,विजय पांडे,अजय मिश्रा,राजमणि पांडे,सुरेन्द्र शुक्ला,महेश प्रसाद तिवारी एवं विजय तिवारी सभी ने बैठक में उपस्थित होकर उक्त सम्बन्ध में अपने अपने विचार रखें।

# पुलिस द्वारा कराया गया सायबर सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन


कटनी (सी-टाइम्स)

पुलिस लाईन झिंझरी में सायबर सुरक्षा अभियान में जन-जागरुकता (सेफ इंटरनेट दिवस का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के करकमलों से दिप प्रज्ज्वलन एवं विस्तृत उद्बोधन के साथ हुई। पुलिस अधीक्षक द्वारा वर्तमान में प्रचलन में चल रहे विभिन्न सायबर फ्रॉड की विस्तृत जानकारी उपस्थित जनसमूह को दी। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया की सायबर फ्रॉड से बचने के लिए जागरूकता होने के साथ - साथ लालच व डर पर भी काबू पाने की आवश्यकता है । कार्यक्रम के दौरान ओटीपी फ्राड, बैंक फ्राड, सेक्सटॉर्शन कॉल फ्रॉड, इलेक्ट्रिसिटी बिल फ्रॉड, फेक लोन एप फ्रॉड, जॉब फ्रॉड, मेट्रीमोनियल साइट फ्रॉड, डीप फेक फ्रॉड, ए.आई. वॉइस क्लोनिंग फ्रॉड, मोबाइल चोरी, फेक सोशल मिडिया प्रोफाइल फ्रॉड, स्क्रीन शेयरिंग एप फ्रॉड, डछ फ्रॉड, फेक ट्रेडिंग फ्रॉड, गूगल कस्टमर केयर नंबर फ्रॉड, फेक वेबसाइट/ इमेल फ्रॉड, रैन्समवेयर फ्रॉड आदि प्रकार के विभिन्न फ्रॉड के संबंध में पुलिस द्वारा पीपीटी एवं वीडियो के माध्यम से उपस्थित जन समूह को जानकारी दी गई । । कार्यक्रम में एसीसी कटनी में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा नुकड़ -नाटक के माध्यम से डिजीटल अरेस्ट फ्राड के बारे में समझाया गया एवं साथ ही स्कूल कालेज की छात्राओ द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्मय से समझाया गया कि कैसे हम सायबर फ्राड से बच सकते है । कार्यक्रम में छात्र एवं छात्रायें, कोचिंग सेन्टर के छात्र एवं छात्राएं, समाज सेवी संस्थाए सहित शहर एवं ग्रामीण थाना क्षेत्रों से आये स्थानीय लोग, लेक्चरर एवं शिक्षक गण सहित शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी सहित विशाल जन समूह उपस्थित रहा और लाभान्वित हुआ । पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यक्रम में अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र एवं छात्राओं को सर्टिफिकेट प्रदान किये गये । कार्यक्रम पुलिस मुख्यालय के निदेर्शानुसार पुलिस अधीक्षक कटनी के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में क्रियान्वित कराया गया । कार्यक्रम के सफल आयोजन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटनी व रक्षित निरीक्षक कटनी तथा पुलिस लाईन में पदस्थ अधि./ कर्म. की सक्रिय भूमिका रही ।

## मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में प्राप्त 56 आवेदनों की हुई सुनवाई


डिंडौरी (सी-टाइम्स)

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी गई। आवेदकों द्वारा विभिन्न समस्याओं के 56 आवेदन प्रस्तुत किये गए, जिनका त्वरित निराकरण किया गया। जिन आवेदन पत्रों का निराकरण नहीं हो पाया, उनके लिए आवेदकों को समय सीमा दी गई। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अनिल कुमार राठौर, एसडीएम डिंडौरी भारती मेरावी सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में ग्राम खरगहना तहसील बजाग से मनीषा चंदेल ने आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम खरगहना में आशा कार्यकर्ता की नियुक्ति के संबंध में उचित कार्यवाही कराने की मांग की है। जिस पर आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया है। इसी प्रकार से आवेदिका अंजू नंदेहा ने अनुग्रह सहायता राशि के लिए अपने पुत्र के आधार कार्ड में संशोधन न होने की समस्या बताई। सरपंच ग्राम पंचायत मडियारास ने आवेदन प्रस्तुत करते हुए कृषक रामप्रकाश के खेत से विद्युत ट्रांसफार्मर हटवाने की मांग की। हेमराज सिंह ने बताया कि ग्राम सिमरिया में मेरे द्वारा पूर्व में धान एवं आटा चक्की हेतु विद्युत कनेक्शन कराया गया था जिसे 4 माह पूर्व अधिकारियों की उपस्थिति में कनेक्शन हटवा दिया गया है बावजूद इसके अभी भी विद्युत बिल भेजा जा रहा है उन्होंने बिजली बिल बंद करवाने की मांग की।

## शालाओं मे नामांकन के लिए दिशा- निर्देश जारी

सिवनी (सी-टाइम्स)

जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि शासन के निदेर्शानुसार नवीन शिक्षा सत्र 2025-26 मे समस्त विद्यालयो मे प्रवेश एवं संचालन हेतु नये दिशा निर्देश जारी कर दिये है। राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल ने आगामी सत्र मे विद्यालय मे होने वाली विभिन्न गतिविधियों जैसे- प्रवेश उत्सव, बाल सभा, शाला प्रबंधन समिति की बैठक आदि के लिये विस्तृत कार्यक्रम जारी किया है। उन्होंने बताया कि 30 सितम्बर 2025 तक 6 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले बच्चों को कक्षा 1 मे प्रवेश हेतु पात्र घोषित किया है। पत्र के माध्यम से नामांकन हेतु पात्र सभी बच्चों को विद्यालय मे दर्ज करने समस्त शासकीय/अशासकीय संस्थाओ को आदेशित किया गया है,

## रिसोर्ट संचालक कर रहे हैं मनमानी शासकीय मंद की राशि से बना शवदाह घाट की छत तोड़ कर फेंका


कुरई (सी-टाइम्स)

ब्लॉक के थाना के अंतर्गत टूरिया गेट नेशनल पार्क के अंतर्गत ग्राम में रिसोर्ट की बाढ़ सी आ गई है जहां रिसोर्ट मालिकों की मनमर्जी का खेल चलता है जहां बाहर की पार्टियों के द्वारा दो चार एकड़ भूमि लेकर रिसोर्ट निर्माण करते हैं और राजस्व की शासकीय भूमि पर कब्जा कर लेते हैं ऐसे अनेक रिसोर्ट की जानकारी सूत्र बताते हैं जहां कई प्रकार के गोरख धंधे भी रिसोर्ट के माध्यम से किया जाता है ऐसे ही मामला कुरई थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोहका के ग्राम जामुन टोला में शासकीय भूमि पर बने शब्द दहा ग्रह को तोड़ दिया गया है स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि शब्द के पास रिजॉर्ट संचालक एवं राजस्व अधिकारी से साठ गांठ कर शासकीय भूमि में बना शवदाह ग्रह तोड़ा गया है । बताया जाता है रिसोर्ट में आने वाले पर्यटकों को इससे परेशानी हो रही थी जिला पंचायत उपाध्यक्ष राकेश सनोडीया के द्वारा बताया जा रहा है कि शमशान घाट के पास एक एकड़ शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किया गया है जबकि शासकीय भूमि पर 1 वर्ष पूर्व मनरेगा योजना से दो लाख रुपए की लागत से ग्राम पंचायत ने शवदाह ग्रह का निर्माण किया था ग्रामीणों का कहना है कि हमारे द्वारा 25 वर्ष से लगभग यहां अंतिम संस्कार किया जाता है सामाजिक दृष्टिकोण से देखा जाए किसी को दफनाया जाता है तो किसी को यहां जलाया जाता है लेकिन रिजॉर्ट बनने के बाद परेशान किए जाने लगा जबकि शवदाह ग्रह को बिना किसी बड़े अधिकारी के आदेश के तोड़ दिया गया क्या रिसोर्ट मालिक ने शवदाह ग्रह को तोड़ने की पंचायत से एनओसी लिया या कोई बड़े अधिकारी का हाथ पेंच नेशनल पार्क से लगे ग्राम पंचायत टुरिया, कोहका और सतोषा के ग्रामों में अधिकांश रिसोर्ट निर्माण हुआ है, रिसोर्ट संचालकों द्वारा स्वयं की भूमि के अतिरिक्त राजस्व मद की भूमि, तालाब,मार्ग, नहर, चरनोई की भूमि पर अवैध अतिक्रमण किया गया है।

## शासकीय महाविद्यालय केवलारी में प्रदेश स्तरीय विशेष भर्ती अभियान प्लेसमेंट ड्राइव का 14 फरवरी को आयोजन



सिवनी (सी-टाइम्स)

शासकीय महाविद्यालय केवलारी में उच्च शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में प्रदेश स्तरीय विशेष भर्ती अभियान के अंतर्गत प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन दिनांक 14 फरवरी 2025 को किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ.डी.एल. मानेश्वर ने बताया है कि इस ड्राइव का मुख्य उद्देश्य बेरोजगार युवक और युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करना है निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियां इस प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से कई पदों पर नियुक्ति करेगी । डॉ. मानेश्वर ने सभी वर्तमान विद्यार्थियों और भूतपूर्व विद्यार्थियों से अनुरोध किया है कि वह अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन करवा कर और आयोजन की तिथि पर उपस्थित होकर इस विशेष भर्ती अभियान को सफल बनाने में अपना अमूल्य योगदान दें। स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय में 8 फरवरी को वाणिज्य संकाय एवं 10 फरवरी को कला संकाय स्नातकोत्तर, स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन का कार्यक्रम पीपीटी के माध्यम से दिखाया गया शासन के निदेर्शानुसार स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन कार्यक्रम का सुचारू रूप से संचालन किया गया।

## गोवंशीय पशु का वध करते हुए गौ मांस के साथ आरोपियों को धर दबोचा

सिवनी (सी-टाइम्स)



पुलिस अधीक्षक महोदय सुनील कुमार मेहता के द्वार अवैध गोवंश के विरुद्ध अभियान वी कार्यवाही हेतु जारी दिशा निदेर्शों के पालन में वह अति. पुलिस अधीक्षक गुरुदत्त शर्मा एवं अनु . अधि. बरघाट ललित गठरे के कुशल मार्गदर्शन में थानाप्रभारी निरिक्षक मोहनश सिह बेस के नेत्रत्व में दिनांक 10/02/2025। को मुखबीर की सूचना प्रति ग्राम बोरी काला पहुंचकर अनवर के घर पर दबिश दी गई दबिश के दौरन अनुभव के घर के पीछे खलिहान में मोटरसाइकिल प्रति किशोर लोग बैठे हुए जो प्रतिक मोटरसाइकिल प्रति प्लास्टिक की बोरी बंदी हुई थी जो पुलिस द्वार घेरा बंदी करने पर एक व्यक्ति मौके से भाग गया तथा शेष दो व्यक्ति को स्टाफ के द्वारा पकड़ा गया पकड़े गए व्यक्तित्वों ने अपना नाम अनवर उर्फ कचोरी पिता नजीर खान उमरा 55 साल अतीक पिता शा फी खान उमरा 36 साल डोनों निवासी बुरी काला तथा भगाने वाली व्यक्ति का नाम मोहसिन उर्फ काले पिता मोहम्मद खान बोरी कला बतायें जो मौके पर तीन मोटरसाइकिल की तलाश में मोटरसाइकिल में बंदी बोरियों के अंदर गोमास रखा हुआ पाया गया एवीएन घर की तलाश लेने पर घर के पीछे नहाने के पास भी अवैध गोमास एव उसके अवशेश काटने में प्रयुक्त औजार मौजुद द मौके प्रति अपस्थित पुलिस टीम के द्वार कार्यवाही कर कुल एक क्विंटल 18 किलो 900 ग्राम गोमस तीन नाग मोटरसाइकिल तीन छुरी तीन कुल्हाड़ी दो बाका को विधिवत जपत कर कब्जा पुलिस में लिया गया है एवीएन अरोपी गनों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 84/2024 धारा 4 5 9 मध्य प्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2024 .11(1) पशुओ के प्रति कुर्ता निवारण अधिनियम 1960। 325.3(5) बीएनएस के तथा पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है

## विवेकानंद युवा शक्ति मिशन कार्यक्रम का हुआ आयोजन


बालाघाट (सी-टाइम्स)

शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में मंगलवार को विवेकानंद युवा शक्ति मिशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्षन प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. पल्लवी जाटव ने अपने उद्बोधन में युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डाला एवं विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य एवं उद्देष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. क्रांति जैन सहायक प्राध्यापक राजनीति शास्त्र के द्वारा विकसित भारत की संकल्पना में प्रकाष डाला एवं युवाओं को गुणवतापूर्ण शिक्षा कौशल प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. देवराज चौरे ने अपने उद्बोधन में स्वामी विवेकानंद के जीवन आदर्श को अपने जीवन में अमल करने को कहां एवं युवाओं की समाज में सक्रिय एवं सकारात्मक भागीदारी होने की बात कहीं। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. कामाक्षा बिसेन द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्षन श्री संदीप चौरसिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ एवं विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा।

## विद्युत कर्मचारी पेंशनरों का सम्मेलन 16 फरवरी को होगा आयोजित

नरसिंहपुर (सी-टाइम्स)

मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन नरसिंहपुर का एक दिवसीय सम्मेलन दिनांक 16 फरवरी 2025 को दिन रविवार को सुबह 10:00 बजे बरमान के सूरजकुंड में आयोजित किया गया है। सम्मेलन जनता यूनियन के प्रदेश संयोजक एम.एल. चौकसे की अध्यक्षता में एवं विशेष अतिथि ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज यूनियन के राष्ट्रीय दलों मोहन शर्मा की उपस्थिति में आयोजित किया गया है। श्री शर्मा द्वारा पूरे देश में विद्युत मंडलों के निजीकरण के विरुद्ध चल रहे आंदोलन की विस्तृत जानकारी प्रदान की जावेगी। मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन के प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष ओ.पी. सोनी ने सम्मेलन समारोह को सफल बनाने के लिए विद्युत विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों, पेंशनर साथियों और पत्रकारों से सम्मेलन में शामिल होने के लिए आग्रह किया है।

## भालू शावक के बाद अब माँ की भी मौत,यतीम नन्हे शावक का अब बांधवगढ में होगी परवरिश

शहडोल (सी-टाइम्स)

रेस्क्यू कर बांधवगढ ला रहे मादा भालू की मौत के बाद पीएम आदि की कार्यवाही कर छपडौर स्थित वन चौकी के बगल से फारेस्ट के उच्च अधिकारियों के समक्ष अंतिम संस्कार कर दिया गया है ।आपको बता दे अभी हाल के दिनों में मृत मादा शहडोल स्थित जैतपुर वन परिक्षेत्र में दो नन्हे शावकों को जन्म दी थी। शावकों की बेहतर परवरिश और दूसरे मांसाहार वन्य प्राणियों से सुरक्षित रखने इन दोनों शावकों को रहवासी क्षेत्र में मादा भालू ले कर आ गई थी,जिसके बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल हो गया था,बताया जाता है कि



इस बीच ग्रामीणों ने उसे काफी सताया भी था।

## एकात्म मानववाद के प्रवर्तक थे पंडित दीनदयाल-राकेश शर्मा

उमरिया (सी-टाइम्स)

एकात्म मानववाद के प्रवर्तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मुख्यालय स्थित सिंधी धर्मशाला में पुण्य तिथि मनाई गई,इस अवसर पर भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राकेश शर्मा,शम्भू खट्टर,मंडल अध्यक्ष नीतू सिंह,नीरज चंदानी,घनस्याम बाधवानी संजय तिवारी,,सविता सोंधिया,कपूरिया बाई,हिमांशु दुबे,सुनील खटीक,शिवम असाटी,दीपक दर्दवसी सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।इस अवसर पर सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया।इस अवसर पर भाजपा



के पूर्व अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि पंडित एक ऐसे युगदृष्टा थे,जिनके विचारों व सिद्धांतों ने देश को प्रगतिशील विचारधारा देने का काम किया।वर्ष 1950 में कांग्रेस के विरुद्ध जनसंघ की स्थापना की और अथक प्रयास कर लोगों को जनजागृत किया।1952 में मौजूदा सरकार में इस्तीफा देकर कश्मीर में भारतीय संविधान हो,इसको लेकर संघर्ष किया।सर्वप्रथम उमरिया मंडल अध्यक्ष नीतू सिंह ने उद्बोधन में कहा कि पंडित के मूल विचारों के साथ हमे आगे बढ़ना है,हम उन्ही विचारों को वित रखने एकत्रित हुए है।इस मौके पर घनश्याम वाधवानी ने कहा कि भाजपा अंतिम छोर के व्यक्ति को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है,इन्ही कारणों से आज देश की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में भाजपा मजबूती से खड़ी है।इस मौके पर पार्टी ने समर्पण दिवस मनाया,जिसमें आशुतोष तिवारी,शाश्वत सिंघई,सविता सोंधिया,सुनील खटीक,राकेश दर्दवंशी ने आवन सहयोग निधि दी।

## एन.एस.यू.आई. जिला उमरिया ने शासकीय आर.व्ही.पी.एस. महाविद्यालय उमरिया में शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टॉफ के पदस्थापना के संबंध में सौंपा ज्ञापन


उमरिया (सी-टाइम्स)

रिक्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक पदों पर पदस्थापना किए जाने के संबंध में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन जिला उमरिया के अध्यक्ष मोहम्मद असलम शेर ने इंदर सिंह जी परमार, मंत्री, उच्च शिक्षा, म.प्र. शासन भोपाल, अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल, आयुक्त, उच्च शिक्षा, म.प्र. शासन, सतपुडा भवन भोपाल, कलेक्टर, जिला उमरिया, प्राचार्य, शासकीय आर.व्ही.पी.एस. महाविद्यालय उमरिया जिला उमरिया को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें यह उल्लेख किया गया कि शासकीय आर व्ही. पी एस महाविद्यालय उमरिया की स्थापना 1972 में हुई थी, तब स्नातक स्तर पर कला संकाय संचालित होती थी। बाद में महाविद्यालय में वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय स्नातक स्तर पर संचालित होने लग गई। तत्पश्चात महाविद्यालय के स्ववित्तीय योजनांतर्गत एम एससी. (रसायनशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, प्राणीशास्त्र, भौतिकशास्त्र, गणित) तथा एम.कॉम कक्षाएं प्रारंभ हो गई, किन्तु जनभागीदारी स्थानीय प्रबंधन समिति की वित्तीय स्थिति सुदृढ़ न होने के कारण स्ववित्तीय योजना से संचालित एम एससी एवं एम कॉम की कक्षाएं बंद कर दी गई। म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय भोपाल के आदेश क्र. एफ4/1/1/0010 /2023/38-2 भोपाल, दिनांक 15/03/2024 द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 से शासकीय आर. व्ही. पी एस महाविद्यालय उमरिया को उन्नयित कर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में स्वीकृति प्रदान कर दी गई। जिसके फलस्वरूप शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय उमरिया में कला संकाय में हिन्दी में एक पद, अंग्रेजी में दो पद, राजनीतिशास्त्र में एक पद, समाजशास्त्र में तीन पद, भूगोल में चार पद, संस्कृत में एक एवं मनोविज्ञान में एक अतिरिक्त रूप से सहा प्राध्यापक के पद सृजित कर दिए गए। इसी प्रकार विज्ञान संकाय में वनस्पतिशास्त्र में 05 पद, प्राणीशास्त्र में 05. रसायनशास्त्र में 05, गणित में 04, भौतिकशास्त्र में 05, बायोटेक्नालॉजी में 05, कम्प्यूटर साइंस में 05. सहा. प्राध्यापक के अतिरिक्त पद निर्मित कर दिए गए और वाणिज्य संकाय में सहा. प्राध्यापक के 03 पद अतिरिक्त रूप से भी सृजित किए गए। इसके अलावा प्रयोगशाला तकनीशियन के 03 पद, प्रयोगशाला परिचारक के 04 पद एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर का 01 पद आउटसोर्स के अतिरिक्त रूप से सृजित किए गए। महाविद्यालय में जिन विषयों में पूर्व से स्नातक स्तर के विषयों का अध्यापन होता रहा है, उनमें शैक्षणिक सत्र 2024-25 से स्नातकोत्तर कक्षाएं प्रारंभ कर दी गई, जैसे एम.एससी में वनस्पतिशास्त्र, प्राणीशास्त्र, रसायनशास्त्र, गणित, भौतिकशास्त्र तथा एमए में राजनीति, इतिहास, हिन्दी, अर्थशास्त्र एवं एम.कॉम की कक्षाएं शासन स्तर पर प्रारंभ हो गई। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का उद्देश्य प्रत्येक जिले में बहुसंकायी विषय एवं कक्षाएं खोलने का रहा, ताकि अंचल के छात्र-छात्राएं अपने रूचि के अनुसार विषयों को जिले में ही लेकर स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में अध्यापन कर सकें। किन्तु ग्रामीण क्षेत्रों से गरीब, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं का सपना चकनाचूर हो गया, जब रसायनशास्त्र विषय में कोई भी सहा. प्राध्यापक की शैक्षणिक सत्र में नियुक्ति नहीं हुई और छात्र-छात्राओं ने स्वयं से सालभर बी.एससी. एवं एम.एससी. की कक्षाओं की सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक कक्षाओं का बिना किसी शिक्षक के स्वयं अध्ययन किया। इसी प्रकार से समाजशास्त्र, संस्कृत, मनोविज्ञान, भूगोल के बीए में कक्षाएं / विषय प्रारंभ तो कर दिए गए, किन्तु किसी भी प्रोफेसर की नियुक्ति नहीं की गई। बीएससी में बॉयोटेक्नालॉजी तथा कम्प्यूटर साइंस के नए विषय तो खेल दिए गए,

# संत रविदास ने अपनी वाणी और विचारों से किया समरसता लाने का प्रयास

■ संत रविदास जयंती पर समरसता सेवा संगठन ने किया विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन






**सी टाइम्स जबलपुर।** समरस भारत - समर्थ भारत के लिये सब सबको जाने - सब सबको माने, एक अभियान के अंतर्गत समरसता सेवा संगठन द्वारा संत रविदास जी की जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन मुख्य अतिथि श्रीनिवास राव (उपाध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा मंडल), मुख्य वक्ता डॉ. राजलक्ष्मी त्रिपाठी (प्राचार्य फाइन आर्ट कॉलेज) सारस्वत अतिथि प्रो. शिवकुमार व्यास, विशिष्ठ अतिथि युवराज आचार्य (अध्यक्ष, विश्व वैदिक फाउंडेशन नेपाल) अतिथि रविकरण साहू (अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड), समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन की उपस्थिति में आर्य समाज भवन में किया गया है।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीनिवास राव ने विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा हमारे विशाल देश और विश्व में जातियां पहले कर्मो से हुई, पर कालांतर में जन्म से जातियां हो गई इसीलिए अपने कर्मो को सुधारना होगा। रविदास जी भी 15वीं शताब्दी में ऊंच नीच के भेद को मिटाना चाहते थे और अपनी वाणी से उन्होंने इसका प्रयास भी किया। संत रविदास जी के चरणो में सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम सभी को लेकर आगे बड़ेंगे। विचार गोष्ठी की मुख्य वक्ता प्रो. राजलक्ष्मी त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा समाज को इस तरह के कार्यक्रमों की आवश्यकता है। संत रविदास जी को हम जानते है उन्हे हम रैदास या रूहीदास के नाम से भी जानते है, क्योंकि उनके विचार हमारी रूह को छू लेते थे। उनका जन्म चर्मकार समाज में हुआ था पर उन्होंने इससे ऊपर उठकर सर्व समाज को भक्ति का मार्ग दिखाया। उनने कहा %मन चंगा तो कठौती में गंगा% इस विचार को हमे आज अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है। आज रविदास जी सशरीर हमारे साथ नही नही किंतु उनके विचार और वाणी आज भी हमारा मार्गदर्शन कर रहे है।
उन्होंने कहा जातियों के विभाजन से लोगो को बांटा जाता है इससे लोग तो समाप्त हो जाते है और अंत में कुछ नही बचता। जाति महत्पूर्ण नही होती हमारी संस्कृति में कार्य के अनुसार नाम दिया गया किंतु कुरुतियो के चलते उन्हे भेदभाव का आधार बना दिया गया। कार्यक्रम के सारस्वत अतिथि प्रो.शिवकुमार व्यास ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा भारत भूमि ने अनेक रत्नों को जन्म दिया जिन्होंने अपनी कीर्ति न सिर्फ भारत में फैलाई अपितु संपूर्ण विश्व उनके ज्ञान प्रकाश से जगमग हुआ। ऐसे संत जिन्होंने ईश्वर के आराधना के साथ ही समाज के अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया और समाज को आध्यात्मिक ज्ञान देने के साथ समाज सुधार की दिशा में भी कार्य किया ऐसे संतो में ही गुरुनानक देव, संत नामदेव, संत रविदास, संत कबीरदास, संत सूरदास हुए। ऐसे ही महान संत रविदास जी की जन्म जयंती पर आज हम एकत्र होकर सभी मिलकर समाज को दिए उनके योगदान को याद कर रहे है। संत ऐसे पारस पत्थर की तरह है जिनके स्पर्श मात्र से सोने की तरह चमक सकते है।
विशिष्ठ अतिथि रविकिरण साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा संत रविदास जी ने सामाजिक समरसता के लिए समाज को संदेश दिया और उनके विचार को लेकर हम साथ साथ आगे चलेंगे ऐसा विश्वास है।
संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने कार्यक्रम के प्रस्तावना एवं स्वागत भाषण देते हुए कहा पिछले दो वर्षो से हम सभी संगठन से जुड़े है और संगठन का एकमात्र उद्देश्य है कि सब सबको जाने और सब सबको माने। इस उद्देश्य को लेकर जब हमने कार्य प्रारंभ किया तो समरस भारत से समर्थ भारत के लिए ऐसे महापुरुषों, देवियों जिन्होंने सर्व समाज के लिए अपने विचार दिए उन्हे सभी सनातनी समाज माने और उनके दिखाए मार्ग पर सभी साथ मिलकर कार्य करे। संगठन वक्ता के रूप में आर्यन मिश्रा ने संत रविदास जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विचार व्यक्त किए।
कार्यक्रम के दूसरे चरण में समाज क्षेत्र में विशिष्ठ कार्य करने वाले श्याम लाल अहिरवार, एलएन चौधरी, शंकरलाल अहिरवार, बिहारीलाल सोनारिया, रोशनलाल चौधरी, लखन अहिरवार, विजय कुरील, गोपीचंद सेठजी, विनोद चौधरी, मनोज मास्टर जी, पंकज प्रवीण जी, डॉ तुलाराम लड़ैया, शंकर चौधरी नेता, आशीष चौधरी, राजेंद्र चौधरी, मूलचंद्र मोरे को सम्मानित किया गया।
कार्यक्रम में पं रोहित दुबे, अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, शरदचंद्र पालन, अभिमन्यु जैन, गंगाचरण मिश्रा, अनिल जैन गुड्डा, रामबाबू विश्वकर्मा, सुरेश पांडे, आभा साहू, डॉ विनोद श्रीवास्तव, संतोष राठौर, चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव, रविंद्रनाथ दुबे, मनोहर विश्वकर्मा, संजय पांडे, नीरज बजाज, परमवीर सिंह, प्रवीण चावड़ा, सुमेश सराफ, सुनील सिंह ठाकुर, अरुण विश्वकर्मा, दिलीप गुप्ता, विवेक साहू, अभिनव यादव, हितेश रोहरा, अमित वर्मा, संतोष मांझी आदि बड़ी संख्या में जन उपस्थित थे।

# स्कूल माफियाओं के बढ़ते हौसले

**आरटीआई एक्ट की उड़ा दी धज्जियां**

## कक्षा एक के बच्चे को नहीं दी परीक्षा में बैठने की अनुमति



**सी टाइम्स जबलपुर।** नचिकेता विजयनगर स्कूल में पेरेंट्स एसोसिएशन ने किया धरना प्रदर्शन और उग्र आंदोलन पेरेंट्स एसोसिएशन की जानकारी के अनुसार विगत एक हफ्ते से यहां के पेरेंट्स एवं बच्चों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है और आज कक्षा पहली बच्चों को वार्षिक परीक्षा से वंचित किया गया है जोकि संविधान में मौजूद शिक्षक के अधिकार एक्ट का खुलेआम उल्लंघन है एक तरफ लोकल प्रशासन द्वारा स्कूलों पर 268 करोड़ों रुपए की फीस वापस करने का आदेश जारी किया जा चुका है, वही मामला कोर्ट में कई माह से विचार दिन चल रहा है, इस सबके बावजूद भी लगातार शिक्षा माफियाओं द्वारा हर दिन शहर की अलग-अलग स्कूलों से बच्चों को मानसिक प्रताड़ना की खबरें आ रही हैं लगातार पेरेंट्स एसोसिएशन हर एक स्कूल में प्रदर्शन व आंदोलन कर रहा है इस सबके बावजूद प्रशासन द्वारा अभी तक कोई ऐसा रास्ता नहीं निकाला जा रहा जिससे बच्चों को राहत मिल सके कई स्कूलों में वार्षिक परीक्षा चालू हो चुकी है और कुछ स्कूलों में परीक्षाएं चालू होने वाली है जहां तक की 10ह्लद्ध और 12ह्लद्ध बोर्ड परीक्षाएं भी 15 फरवरी से चालू हो रही है इन परिस्थितियों में पीड़ित अभिभावक, छात्र आखिर किसके शरण में जाएं। पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सचिन गुप्ता से इस विषय में चर्चा करने पर उन्होंने अपनी बात रखी की क्या प्रशासन शहर में कोई बड़ी घटना या किन्हीं छात्राओं द्वारा कोई अनहोनी होने का इंतजार कर रही है क्या हमारा प्रशासन इन स्कूल माफिया के सामने इतना लाचार और कमजोर हो चुका है कि हम किसी परिवार के बच्चे को खोने का इंतजार कर रहे हैं आखिर इनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही है, बाल अपराध के तहत और आरटीआई एक्ट का उल्लंघन के तहत थाने में प्रकरण दर्ज होना चाहिए। आज नचिकेता स्कूल में पेरेंट्स एसोसिएशन द्वारा प्रदर्शन के बाद कई बच्चों के प्रवेश पत्र दिलाने के लिए आवेदन दिया और स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती कृष्णा नीयोगी ने आश्वासन दिया कि कल सभी को प्रवेश पत्र दिया जाएगा मुख्य रूप से प्रदर्शन के दौरान मनीष शर्मा अमित पलिया विजय सूर्यवंशी विकास पॉल धीरेंद्र मालवीय नरेंद्र बर्मी अर्चना शर्मा अमित पटेल अन्य पेरेंट्स शामिल रहे।

# स्लग-पनागर हाइवे पर वाहन चालको से अवैध वसूली

**सभी कागजात होने के बावजूद 500 रु की वसूली**



**सी टाइम्स जबलपुर।** जबलपुर के पनागर हाइवे में वाहन चालकों से वसूली किये जाने का मामला सामने आया है।जहा प्रयागराज व अन्य जगह से आ रहे वाहन चालकों को पनागर हाइवे पर रोककर उनसे 500 रु की वसूली की जा रही है।जहा पनागर में विधायक इंदु तिवारी द्वारा प्रयागराज जा रहे श्रद्दालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।जिसमे प्रयागराज से वापस आ रहे वाहन चालकों ने भंडारे में पहुचकर बताया की हाईवे में उनके वाहनों को रोककर वाहन के पेपर चैक किये जा रहे है।वही परमिट और पूरे पेपर होने के बावजूद भी पुलिस की वर्दी और सिविल ड्रेस में खड़े लोगो के द्वारा 500 रु वसूले जा रहे है।जिसमे एक पर्ची बिना किसी नाम के काटकर दी जा रही हैं।न ही पर्ची में जबलपुर पुलिस न ही जबलपुर का परिवहन विभाग लिखा हुआ हैं।वही देखने वाली बात है की सभी पेपर होने के बावजूद किन लोगों के द्वारा अवैध वसूली की जा रही है।

*ट्रक ड्राइवर*

# स्वामी नरसिंह देवाचार्य महाराज के आगमन पर भक्तों को मिलेगा त्रिवेणी जल

(श्रीमद् जगतगुरु रामरंगी द्वाराचार्य डॉ स्वामी नरसिंह देवाचार्य जी महाराज के नगरागमन पर स्वागतम यात्रा 13 फरवरी को दोपहर 3 बजे)



**सी टाइम्स जबलपुर।** जगतगुरु रामरंगी व्दाराचार्य, नरसिंहपीठाधीश्वर नरसिंह देवाचार्य जी महाराज के आगमन पर 13 फरवरी को दोपहर 3 बजे स्वागतम् यात्रा का आयोजन किया गया है। स्वागतम् यात्रा बंजरग मठ मानस मंदिर सूपाताल से मदन महल चौक होते हुए शंकराचार्य चौक से नरसिंह मंदिर शास्त्री ब्रिज में महाप्रसाद भंडारे के साथ विश्राम होगा। महाराज श्री त्रिवेणी संगम का जल भक्तों पर सिंचित कर प्रसाद स्वरूप वितरित किया जाएगा। महाकुंभ प्रयागराज से जबलपुर आगमन पर विभिन्न स्थानों पर सामाजिक सांस्कृतिक संस्थाओं व्दारा स्वागत वंदन,पुष्प वर्षा, प्रसाद वितरण, किया जाएगा। श्री सनातन धर्म महासभा के आचार्य वासुदेव शास्त्री, अध्यक्ष व नरसिंह मंदिर के न्यासी श्री श्याम साहनी महासभा के महामंत्री श्री अशोक मनोध्या, कोषाध्यक्ष श्री गुलशन माखीजा, चंद्र कुमार भनोत,लकी भाटिया, सुनीता चावला ,अंजू भार्गव, अनिल तिवारी,बाबू विश्व मोहन, सुधांशु गुप्ता ने आरती पुष्प वर्षा कर महाराज जी का स्वागत वंदन का आग्रह किया है।
श्रीमद् जगतगुरु रामरंगी व्दाराचार्य नरसिंह पीठाधीश्वर डॉ स्वामी नरसिंह देवाचार्य जी महाराज के नगरागमन के उपलक्ष्य में आयोजित स्वागतम् यात्रा में प्रवेश खेड़ा ,विष्णु पटेल, विध्येश भापकर डॉ संदीप मिश्रा, इंदूमती प्यासी, आभा दीपक साहू,सीमा सिंह, सहित श्री नरसिंह मंदिर गीता धाम परिवार श्री सनातन धर्म महासभा गीता परिषद सहित भक्तगणों ने की है

# आज अवकाश के दिन भी करदाताओं की सुविधा के लिए खुले रहेगें नगर निगम के सभी कैश काउंटर

31 मार्च के बाद करों पर लगेगा अधिभार

अधिभार से बचने 31 मार्च के पूर्व बकाया करों की राशि जमा करने करदाताओं से निगमायुक्त ने की अपील

**सी टाइम्स जबलपुर।** नगर निगम द्वारा निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानसुर सभी वार्डो में राजस्व वसूली अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिनके द्वारा अभी तक बकाया करों की राशि जमा नहीं की गयी है उनके विरूद्ध कुर्की की कार्रवाई भी की जा रही है। जिसकी समीक्षा निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव लगातार स्वयं कर रहीं हैं। निगमायुक्त श्रीमती यादव के द्वारा राजस्व अमले को सख्त निर्देश दिये हैं कि अवकाश दिनों में भी करदाताओं की सुविधा के लिए सभी कैश काउंटर खुले रखें और जिन करदताओं के द्वारा अभी तक बकाया सम्पत्तिकर एवं जलकर की राशि जमा नहीं की गयी है, उनके विरूद्ध तेजगति से कार्रवाई करें।
कार्रवाई के संबंध में उपायुक्त श्री सनखेरे ने जानकारी दी है कि समस्त करदाता अपना सम्पत्ति कर, जलशुल्क एवं अन्य कर 31 मार्च तक जमा करें। 31 मार्च के पश्चात करों की राशि जमा करने पर अधिकभार लगेगा। उन्होंने कहा कि करदाताओं की सुविधा के लिए अवकाश दिवस में भी सभी कैश काउंटर खुले रहेगें।
उपायुक्त राजस्व ने बताया कि करदाताओं को फोन व मैसेज कर आज दिनांक 12 फरवरी 2025 रविदास जयंती अवकाश में भी कैश काउंटर खुले होने की सूचना से अवगत कराया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक नागरिक टैक्स जमा कर सकें। उन्होंने बताया कि मैदानी अमले को निर्देश दिये गए हैं कि वे जितने भी करदाताओं को जानते हैं, उनसे सम्पर्क कर टैक्स जमा करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि बहुत से करदाता समय के आभाव के कारण कैश काउंटर्स तक नहीं पहुॅच पाते और ऐसे में उनकी सहूलियत को ध्यान में रखकर समय-समय पर अवकाश के दिन काउंटर खोला जाता है। इसी कड़ी में आज दिनांक 12 फरवरी 2025 दिन बुधवार संत रविदास जयंती अवकाश के दिन करदाताओं की सहूलियत के लिए कैश काउंटर खोले रखने का निर्णय लिया गया है, ताकि करदाता आसानी से अपना टैक्स जमा कर सकेगें। इसलिए नगर निगम के निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने सभी करदाताओं एवं सभी शासकीय विभागों तथा संस्थाओं के प्रमुखों से भी अपील की है कि आज बुधवार अवकाश के दिन निगम प्रशासन द्वारा प्रदत सुविधा का लाभ उठाकर समस्त बकाया कारों की राशि का भुगतान करें एवं निगम की अप्रिय कार्यवाही से बचें।

# सी.एम. हेल्प लाइन में प्राप्त प्रकरणां का समय सीमा पर निराकरण न कराने वाले अधिकारियों को निगमायुक्त ने लगाई कड़ी फटकार

निगमायुक्त प्रीति यादव ने सही उत्तर नहीं भेजने पर अधिकारियों के प्रति जताई नाराजगी - अधिकारियों को नोटिस जारी

सभी अधिकारियों को शिकायतों का अध्ययन करने और स्वतः कार्यवाही करने निगमायुक्त की हिदायत



**सी टाइम्स जबलपुर।** सी.एम. हेल्प लाइन के प्रकरणों की समीक्षा बैठक में आज निगमायुक्त ने तीखे तेवर दिखते हुए शिकायतों पर हीलाहवाली करने वाले अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने बैठक में कहा कि सभी अधिकारी दो दिन के अंदर शिकातयों का अध्ययन करें और व्यक्तिगत रूप से सही कार्रवाइ सुनिश्चित करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करें। आगे अब कोई लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी। जिन अधिकारियों के द्वारा लापरवाही की जाती है, उन अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। इस बात की हिदायत आज निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बैठक के दौरान सभी अधिकारियों को दी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लापरवाही करने वाले अधिकारी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।
समीक्षा बैठक के दौरान पी.पी.टी. के माध्यम से अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा एवं उपायुक्त श्रीमती अंकिता जैन ने विभागवार प्रचलित एवं विचाराधीन शिकायतों की जानकारी से अधिकारियों को अवगत कराया।

# अलवर राजस्थान में आयोजित 44वीं राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 गेम्स में जिला जबलपुर में पदस्थ महिला आरक्षक रंजना शर्मा ने हैमर थ्रो , डिस्कस थ्रो, शॉटपुट थ्रों मे जीता गोल्ड मैडिल



**सी टाइम्स जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सम्पत उपाध्याय ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये दी बधाई अलवर राजस्थान में दिनॉक 6-2-25 से 8-2-25 तक 44वीं राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 गेम्स आयोजित किये गये। उक्त स्पर्धा में भाग लेते हुये 3 इवेंट- हैमर थ्रो, डिस्कस थ्रो, शॉटपुट थ्रों में गोल्ड मैडिल जीत कर लौटी जिला जबलपुर में पदस्थ महिला आरक्षक रंजना शर्मा को पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सम्पत उपाध्याय (भा.पु.से.) द्वारा उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये बधाई दी गयी।

# परीक्षा पर चर्चा को लेकर केवी वन में रहा उत्साह का माहौल

छात्र-छात्राओं की जिज्ञासा का हुआ समाधान - तालिब हुसैन

**सी टाइम्स जबलपुर।** परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के 8 वां संस्करण विधार्थियों के लिए यादगार रहा. पीएम श्री केन्द्रीय विधालय क्र. 1 जीसीएफ में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उदबोधन को लेकर विधार्थियों में खासा उत्साह नजर आया. उन्होंने परीक्षा पर चर्चा के मंच से विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनकी जिज्ञासाओं का समधान किया. हज़ारों विद्यार्थियों ने बड़ी स्क्रीन के माध्यम से इस कार्यक्रम का लाईव देखा. इससे पूर्व प्राचार्य रजनीश कुमार सिंघई ने इस कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए इसके महत्त्व पर प्रकाश डाला. विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री मोदी से खुल कर सवाल पूछे और परीक्षा के दौरान अपनी मानसिक स्थिति के बारे में बात की. प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को परीक्षा के दबाव से निपटने के नायाब सुझाव दिए . शिक्षकआनन्द स्वरूप ने बताया कि दसवीं तथा बारहवीं बोर्ड के विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम का विशेष लाभ लिया.विद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों व शिक्षकों के साथ बड़ी तादात में अभिभावक उपस्थित रहे व इस सार्थक आयोजन से लाभान्वित हुए.

## अंत्योदय और एकात्म मानववाद के प्रेणता को किया नमन

# पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर किया माल्यार्पण



**सी टाइम्स जबलपुर।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा दीनदयाल चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर जबलपुर महानगर के सभी 967 बूथों पर दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।
इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी महान चिंतक एवं विचारक थे आज भारतीय जनता पार्टी का जो विशाल स्वरूप देश एवं दुनिया के सामने है उसमें पंडित जी की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है आज देश ही नहीं दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी है एवं देश सहित कई प्रदेशों में भाजपा का शासन है, सरकार के रूप में भारतीय जनता पार्टी अंतिम पंक्ति तक के व्यक्ति की चिंता करते हुए योजनाएं बनाकर उन पर काम कर रही है, ताकि समाज के सबसे कमजोर वर्ग को भी देश की गति के साथ आगे बढ़ाया जा सके।
उन्होंने कहा पंडित जी द्वारा एकात्म मानववाद का जो दर्शन दिया गया देश की सरकार ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उसी विचारधारा पर काम किया है आज हम एकात्म मानववाद के प्रणेता को नमन कर रहे हैं। भाजपा द्वारा 967 बूथों में पं दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित की गई है और वक्ताओ द्वारा दीनदयाल जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया।
पं दीनदयाल जी की पुण्यतिथि पर भाजपा की आजीवन सहयोग निधि का समर्पण कार्यक्रम का आरंभ सभी 18 मंडलों के किया गया जिसमे कार्यकर्ताओ ने समर्पण किया।
इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, विधायक अशोक रोहाणी, रविकरण साहू, विनोद गोटिया, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज बिज, संदीप जैन, महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव, अश्वनी परांजपे, अभय सिंह ठाकुर, जय सचदेवा, रंजीत पटेल, अतुल जैन दानी, कमलेश अग्रवाल, श्रीराम शुक्ला, मधुबाला राजपूत, रेणु कोरी, प्रतिभा भापकर, सोनिया रंजीत सिंह, योगेश बिलोहा, राहुल दुबे, रवि शर्मा उपस्थित थे।


# निगम के शासकीय ठेकेदार कमिश्नर आफिस के सामने बैठे धरने पर

भुगतान न होंने की वजह से भुगतान

**सी टाइम्स जबलपुर।** जबलपुर के नगर निगम में शाशकीय ठेकेदारों के भुगतान न होने के चलते आक्रोशित ठेकेदारों ने नगर निगम कमिश्नर कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते हुए धरना दे दिया।जहा ठेकेदारों ने बताया की दीपावली के समय नगर निगम के द्वारा काम का महज 25 प्रतिशत भुगतान किया था।जबकि कई बार आयुक्त नगर निगम से सभी ठेकेदारों ने पूर्ण भुगतान दिए जाने की मांग की इस पर सिर्फ आयुक्त नगर निगम ने पूर्ण भुगतान किए जाने का आश्वाशन दिया।लेकिन आज दिनांक तक उनका पूरा भुगतान नही किया गया।जिससे ठेकेदारों को आर्थिक परेशानियों से जूझना पड़ रहा है ।वही ठेकेदारों ने धरने पर बैठकर मांग की है की जल्द से जल्द उनका पूरा भुगतान किया जाए।ऐसे में कोई भी ठेकेदार काम नही करेगा।

*पंकज अग्रवाल*
*पशु गौतम*

## शोक संदेश



श्रीमती सुमति विप्रदास सिध्द गणेश मंदिर शास्त्री नगर जबलपुर निवासी श्री प्रवीण विप्रदास जी की पूज्य माता जी श्रीमती सुमति विप्रदास 90 वर्ष का निधन हो गया है। अंतिम यात्रा दिनांक 12/02/2025 को प्रातः 10ः00 बजे निज निवास शास्त्री नगर से ग्वारीघाट के लिए प्रस्थान करेगी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक डॉ. प्रकाश शर्मा द्वारा इंटू न्यूज प्रोवाइडर प्राइवेट लिमिटेड 1101, नेपियर टाऊन, जबलपुर, म.प्र. से मुद्रित कर 1101 नेपियर टाउन जबलपुर मप्र से प्रकाशित संपादक गंगा चरण मिश्रा*, प्रबंध संपादक शिव यादव, समाचार संपादक संजय गोस्वामी, डिजीटल संपादक स्पर्श शर्मा, न्यायालयीन क्षेत्राधिकारी जबलपुर आरएनआई MPBIL 2000/04271 email-seetimes.in@ gmail.com whatsApp +91 83195 83156 , फोन नं. 0761-4700600 (* पीआरबी एक्ट के तहत के लिए समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)

# ब्यूटी ब्लेंडर को आसानी से साफ करने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके

*ब्यूटी ब्लेंडर का उपयोग मेकअप में एक अहम भूमिका निभाता है। यह चेहरे पर मेकअप को समान रूप से लगाने में मदद करता है, लेकिन इसका सही तरीके से सफाई करना भी उतना ही जरूरी है।अगर इसे ठीक से साफनहीं किया जाए तो यह बैक्टीरिया का घर बन सकता है और त्वचा पर दाने या संक्रमण पैदा कर सकता है।*




आइए आज हम आपको ब्यूटी ब्लेंडर को आसानी से साफकरने की कुछ सरल टिप्स देते हैं।गुनगुने पानी और साबुन का उपयोग करेंब्यूटी ब्लेंडर की सफाई के लिए सबसे आसान तरीका गुनगुने पानी और साबुन का उपयोग करना है।लाभ के लिए सबसे पहले एक कटोरी में गुनगुना पानी लें और उसमें थोड़ा सा माइल्ड फेसवॉश या बेबी शैंपू मिलाएं। अब अपने ब्यूटी ब्लेंडर को इस मिश्रण में डुबोएं और हल्के हाथों से निचोड़ें ताकि सारा मेकअप निकल जाए। इसके बाद इसे साफ पानी में धोकर सुखा लें।माइक्रोवेव विधि अपनाएंमाइक्रोवेव विधि ब्यूटी ब्लेंडर की सफाई के लिए असरदार है।इसके लिए एक माइक्रोवेव-सुरक्षित कप में पानी भरें और उसमें थोड़ा लिक्विड सोप मिलाएं।

अब ब्यूटी ब्लेंडर को इसमें डालकर कप को माइक्रोवेव में 30 सेकंड तक गर्म करें। इस प्रक्रिया से बैक्टीरिया मर जाते हैं और स्पंज पूरी तरह साफहो जाता है।ध्यान रखें कि कप को माइक्रोवेव से निकालते समय सावधानी बरतें क्योंकि यह गर्म हो सकता है।जैतून के तेल का प्रयोग करेंअगर आपके ब्यूटी ब्लेंडर पर जिद्दी दाग हैं तो जैतून तेल आपकी मदद कर सकता है।

एक प्लेट में थोड़ा जैतून तेल डालें और उसमें स्पंज को घुमाएं ताकि तेल हर जगह लग जाए। यह प्रक्रिया दागों को ढीला करने में मदद करती है। इसके बाद इसे साबुन वाले पानी में अच्छी तरह से धोएं ताकि सारा तेल और दाग निकल जाएं।यह तरीका आपके स्पंज को मुलायम बनाए रखेगा और उसकी सफाई भी सुनिश्चित करेगा।सिरका और नींबू का मिश्रण आजमाएंसिरका और नींबू का मिश्रण ब्यूटी ब्लेंडर की सफाई के लिए एक बेहतरीन उपाय है। ये प्राकृतिक क्लीनिंग एजेंट्स बैक्टीरिया हटाने में मदद करते हैं।एक कटोरी में बराबर मात्रा में सिरका और नींबू का रस मिलाएं, फिर इसमें अपने ब्यूटी ब्लेंडर को कुछ मिनटों के लिए भिगो दें ताकि गंदगी ढीली हो जाए।

इसके बाद इसे ठंडे पानी से अच्छी तरह धो लें।यह प्रक्रिया आपके स्पंज को साफकर देती है।ब्रश क्लीनिंग पैड का इस्तेमाल करेंब्रश क्लीनिंग पैड का उपयोग ब्यूटी ब्लेंडर की सफाई के लिए बहुत कारगर होता है।सबसे पहले पैड पर हल्का साबुन लगाएं, फिर अपने स्पंज को इस पर गोल-गोल घुमाते हुए रगड़ें। इससे स्पंज में फंसी गंदगी आसानी से बाहर आ जाती है और वह पूरी तरह से साफहो जाता है।इसके बाद इसे साफपानी में अच्छी तरह धो लें और फिर सूखने के लिए रख दें ताकि यह दोबारा उपयोग के लिए तैयार हो सके।





## वैलेंटाइन डे पर अपने प्यार का इजहार करने के लिए आजमाएं ये 5 रचनात्मक और रोमांटिक तरीके

*वैलेंटाइन डे प्यार का त्योहार है, जब लोग अपने खास व्यक्ति को अपनी भावनाएं व्यक्त करते हैं। इस मौके पर अगर आप भी किसी को अपना वैलेंटाइन बनाना चाहते हैं तो यह लेख आपके लिए मददगार हो सकता है।यहां हम आपको कुछ अनोखे और रोमांटिक तरीके बताएंगे, जिनसे आप अपने दिल की बात कह सकते हैं और अपने रिश्ते में एक नई शुरुआत कर सकते हैं।*

ये तरीके सरल होते हुए भी बहुत प्रभावशाली साबित हो सकते हैं।एक प्यारा-सा नोट लिखेंकभी-कभी शब्दों में वो जादू होता है, जो किसी और चीज में नहीं।एक प्यारा-सा नोट लिखकर आप अपनी भावनाओं को खूबसूरती से व्यक्त कर सकते हैं। इसमें आप अपनी पसंदीदा यादें साझा कर सकते हैं या फिर उनके बारे में कुछ खास बातें लिख सकते हैं, जो आपको बहुत पसंद हों।

इस नोट को एक सुंदर लिफाफे में डालकर उन्हें दें या उनके बैग में छुपा दें ताकि वे इसे अचानक पाकर खुश हो जाएं।फूलों के साथ सरप्राइज करेंफूल हमेशा से ही प्यार का प्रतीक रहे हैं।गुलाब के फूलों का गुलदस्ता देकर आप अपने दिल की बात आसानी से कह सकते हैं। अगर आपके पास समय हो तो खुद जाकर फूल चुनें और उन्हें खूबसूरती से सजाएं।इसके साथ एक छोटा सा कार्ड जोड़ें, जिसमें लिखा हो कि क्या तुम मेरी वैलेंटाइन बनोगी? यह तरीका सरल होते हुए भी बहुत प्रभावशाली होता है।रोमांटिक डिनर प्लान करेंअपने प्यार का इजहार करने के लिए एक खास डिनर डेट प्लान करना भी एक बेहतरीन तरीका हो सकता है।

घर पर ही कैंडल लाइट डिनर तैयार करें या फिर किसी अच्छे रेस्टोरेंट में टेबल बुक करें, जहां माहौल रोमांटिक हो।खाने के दौरान सही समय देखकर उनसे पूछें कि क्या वे आपकी वैलेंटाइन बनना चाहेंगी? यह पल आपके रिश्ते को और मजबूत बना सकता है।गाने के जरिए इजहार करेंअगर आपको गाना आता है तो यह तरीका आपके लिए सबसे अच्छा साबित हो सकता है।उनके लिए कोई खास गाना गाएं, जो आपकी भावनाओं को व्यक्त करता हो।लाइव गाना मुश्किल लगे तो पहले से रिकॉर्ड करके भेज दें या वीडियो कॉल पर गाकर सुनाएं।संगीत की ताकत शब्दों से ज्यादा होती है और यह आपके दिल की बात को उनके दिल तक पहुंचाने का बेहतरीन जरिया बन सकता है।

इससे आपका इजहार और भी खास बन जाएगा।फोटो एलबम बनाएंअपनी भावनाओं को जाहिर करने के लिए अपने पार्टनर के साथ बिताए गए पलों की तस्वीरों का एलबम बनाकर देना भी एक अनोखा तरीका हो सकता है।इसमें उन सभी यादगार पलों की तस्वीरें शामिल करें, जिन्हें आपने साथ बिताया हो और हर तस्वीर के नीचे कुछ प्यारे शब्द लिखें जो उस पल की अहमियत बताते हों।अंत में उनसे पूछें कि क्या वे आपकी वैलेंटाइन बनना चाहेंगे?

# 2047 तक 350 अरब डॉलर पहुंच जाएगा भारत का फार्मा निर्यातः रिपोर्ट

*भारत का फार्मास्युटिकल निर्यात 2023 में लगभग 27 अरब डॉलर से दोगुना होकर 2030 तक 65 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है और 2047 तक यह बढ़कर 350 अरब डॉलर हो सकता है। यह जानकारी एक नई रिपोर्ट में दी गई।*



भारत वैश्विक स्तर पर जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है। दुनिया भर में बिकने वाली पांच जेनेरिक दवाओं में से एक देश में बनती है। भारत वर्तमान में निर्यात मूल्य के मामले में 11वें स्थान पर है। बेन एंड कंपनी द्वारा इंडियन फार्मास्युटिकल अलायंस (आईपीए), इंडियन ड्रग्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईडीएमए) और फार्मेक्सिल के सहयोग से तैयार की गई रिपोर्ट में बताया गया कि कैसे भारत स्पेशलिटी जेनेरिक, बायोसिमिलर और इनोवेटिव उत्पादों को शामिल करने के लिए अपनी निर्यात बास्केट में इनोवेशन और विविधता लाकर संभावित रूप से 2047 तक निर्यात मूल्य में शीर्ष पांच देशों में एक स्थान सुरक्षित कर सकता है।केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, ÷भारत लंबे समय से दुनिया की फार्मेसी रहा है। अब हम भारत के लिए दुनिया के इस नैरेटिव को 'विश्व के स्वास्थ्य देखभाल के संरक्षक के रूप में' में बदलना चाहते हैं। सरकार इनोवेशन और अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देकर और निर्बाध नियामक प्रक्रियाओं को सुनिश्चित करके इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा, ÷शिक्षा एंव उद्योग जगत और सरकार के बीच सहयोग को मजबूत करके, हम वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी सेक्टर का निर्माण करना जारी रखेंगे, जो विकास को बढ़ावा और दुनियाभर में स्वास्थ्य देखभाल में योगदान देगा। भारत का एपीआई निर्यात बाजार वर्तमान में 5 अरब डॉलर से बढ़कर 2047 तक 80-90 अरब डॉलर होने का अनुमान है। भारतीय कंपनियों के पास वर्तमान में वैश्विक बायोसिमिलर बाजार में 5 प्रतिशत से भी कम हिस्सेदारी है। बढ़ते आरएंडडी निवेश, 40 से अधिक उत्पादों की विस्तारित पाइपलाइन और अगले 3-4 वर्षों में योजनाबद्ध क्षमता वृद्धि के कारण इसमें प्रगति दिखाई दे रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय बायोसिमिलर निर्यात वर्तमान में 0.8 अरब डॉलर है।

## क्या आप भी घंटों बैठकर करते हैं चेयर पर काम, तो ऐसे रखें अपने हेल्थ का ध्यान



*अक्सर सीटिंग जॉब करने वाले लोगों को कई तरह की शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है, लेकिन कई बार वो इन समस्याओं को लेकर अवेयर नहीं रहते हैं, जिसका नतीजा यह होता है कि उन्हें आगे चलकर इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ते हैं।*

शुरुआती दौर में जब सीटिंग जॉब करने वाले क?सी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की शारीरिक समस्या होती है, तो वो इस मामले में लापरवाही बरतते हैं। अगर वो उसी समय गंभीरता दिखाएं, तो उनकी स्थिति गंभीर नहीं होगी।

उधर, सीटिंग जॉब करने वाले लोगों को किस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है? और वो कैसे इससे बच सकते हैं? इस बारे में आईएएनएस ने सीके बिरला अस्पताल के डॉ. अंकुश गर्ग से खास बातचीत की।


डॉ. गर्ग बताते हैं कि आज की तारीख में बड़ी संख्या में लोग डेस्क जॉब करते हैं। वो घंटों चेयर पर बैठते हैं। ऐसा करने से उनके बैक में दर्द शुरू हो जाता है। ऐसा आमतौर पर उनके दोषपूर्ण तरीके से बैठने से होता है, तो ऐसी स्थिति में सबसे पहले अगर आप डेस्क जॉब करते हैं, तो आपको अपने बैठने की अवस्था सुधारनी होगी।

डॉ. के मुताब?िक अगर आप डेस्क जॉब करते हैं, तो यह कोशिश कीजिए कि आप झुक कर ना बैठें। अब ऐसे में सवाल यह है कि हम कैसे बैठें? आखिर बैठने की सही अवस्था क्या है? सबसे पहले आपको कोशिश करनी चाहिए कि आप सहज अवस्था में बैठें। आपके बैक को प्रॉपर सपोर्ट मिले। अगर उसे प्रॉपर सपोर्ट नहीं मिलेगा, तो दर्द हो सकता है और यह दर्द आगे चलकर बढ़ भी सकता है।

डॉ. गर्ग बताते हैं कि डेस्क जॉब करने वाले हर व्यक्ति को 30 से 45 मिनट में ब्रेक जरूर लेना चाहिए। आप यह नियम बना लीजिए। ब्रेक लेना बिल्कुल भी मत भूलिए। इससे आपको ना महज शारीरिक, बल्कि मानसिक शांति भी मिलेगी। कई बार लोग मुझसे कहते हैं कि हमारे दफ्तर में कई बार स्थिति ऐसी बन जाती है, हमें एक दो घंटे लगातार चेयर पर बैठना पड़ता है, तो मैं उन्हें एक आसान सा तरीका बताता हूं कि आप पानी का ग्लास अपने चेयर के पास मत रखिए। जाहिर सी बात है कि आपको प्यास लगेगी और आप पानी लेने के लिए उठेंगे, तो इसी बहाने आपकी बॉडी को रिलैक्स मिलेगा। वहीं, जब कभी कॉफी पीने का समय आए, तो आप खुद कॉफी लेने जाइए। इस तरह से आप बिना कुछ किए हर 40 मिनट में ब्रेक पर चले जाएंगे।

डॉ. ने बताया क? डेस्क जॉब करने वाले को रोजाना एक्सरसाइज करनी चाहिए। एक्सरसाइज करने से आपके शरीर में दर्द नहीं रहेगा। इसके अलावा, आप लैपटॉप को अपने बिस्तर पर रखकर काम ना करें, क्योंकि कई बार ऐसा करने से भी बैक में दर्द होना शुरू हो जाता है। इसके साथ ही अपने शरीर की मुद्रा सही रखें।

## अमेरिकी शोधकर्ताओं ने फेंटेनल दवा में उच्च स्तर का औद्योगिक रसायन पाया



*अमेरिका के वैज्ञानिकों ने एक शोध में पाया है कि बाजार में बिक रही फेंटेनल नामक नशीली दवाओं में एक खतरनाक रासायनिक पदार्थ बड़ी मात्रा में मौजूद है, जो इंसानों के लिए हानिकारक हो सकता है।*

यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया-लॉस एंजेलिस (यूसीएलए) के शोधकर्ताओं के अनुसार, इस नए रसायन को बीटीएमपीएस कहा जाता है। यह 2024 में अमेरिका के कई हिस्सों में नशीली दवाओं की आपूर्ति में एक साथ दिखाई दिया। यह अध्ययन शोध पत्रिका जेएएमए में प्रकाशित हुआ है।

जून से अक्टूबर 2024 के दौरान, टीम ने फेंटेनिल के रूप में बेची जाने वाली दवाओं के नमूनों का परीक्षण किया। इन नमूनों में एक रसायन की उच्च मात्रा पाई गई, जिसे ÷हिंडर्ड अमीन लाइट स्टेबलाइजर÷ कहा जाता है। यह रसायन आमतौर पर सीलेंट, चिपकाने वाले पदार्थ और प्लास्टिक में इस्तेमाल किया जाता है। यूसीएलए की प्रोफेसर चेल्सी शोवर के अनुसार, बीटीएमपीएस बहुत तेजी से अवैध दवा आपूर्ति में शामिल हुआ है और इसे व्यापक स्तर पर मिलाए जाने की आशंका है। यह चिंता का विषय इसलिए है क्योंकि इसे इंसानों के सेवन के लिए सुरक्षित नहीं माना गया है। जानवरों पर किए गए शोध में यह पाया गया कि इससे हृदय को नुकसान पहुंच सकता है, आंखों की समस्याएं हो सकती हैं, और अधिक मात्रा में लेने से अचानक मृत्यु भी हो सकती है। जांच में यह भी पता चला कि बीटीएमपीएस की मात्रा, फेंटानिल से औसतन 7 गुना अधिक थी। कई मामलों में, किसी दवा में 50त्न से अधिक हिस्सा बीटीएमपीएस का था, जबकि इसे फेंटानिल के रूप में बेचा जा रहा था। बीटीएमपीएस कोई प्रतिबंधित रसायन नहीं है और चूहों पर हुए प्रयोगों में यह निकोटिनिक रिसेप्टर्स को प्रभावित करता पाया गया है, लेकिन इसे पारंपरिक रूप से नशीला पदार्थ नहीं माना जाता।

अभी यह नहीं पता कि इसे फेंटानिल में क्यों मिलाया जा रहा है। साथ ही, इसे पहचानने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले पारंपरिक तरीके ङ्क जैसे मृत्यु के बाद टॉक्सिकोलॉजी, अपराध जांच या क्लीनिकल टेस्ट शायद इसे पकड़ न पाएं। बीटीएमपीएस का इंसानों पर पूरा असर अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन वैज्ञानिक इसे लेकर गंभीर चिंता जता रहे हैं।

## ऑस्ट्रेलियाई शोध में कोविड और क्रोनिक फटीग के रोगियों में मस्तिष्क की सूजन का पता लगाया



एक नए अध्ययन में पाया गया है कि लॉन्ग कोविड और क्रोनिक फटीग (थकान) से पीड़ित लोगों के मस्तिष्क में सूजन हो सकती है, खासकर उस हिस्से में जो याददाश्त और ध्यान केंद्रित करने से जुड़ा होता है। यह अध्ययन ऑस्ट्रेलिया के ग्रिफिथ विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने किया, जिसमें उन्होंने अल्ट्रा-हाई-फील्ड मैग्नेटिक रेजोनेंस इमेजिंग (एमआरआई) तकनीक का उपयोग किया। इस अध्ययन का उद्देश्य यह समझना था कैसे लंबे समय तक कोविड और मायलगिक एन्सेफ्लोमाइलाइटिस - जिसे क्रॉनिक फटीग सिंड्रोम (सीएफएस) भी कहा जाता है - समान रूप से मस्तिष्क की संरचना को प्रभावित करते हैं। शोध में 17 लंबे समय तक रहे कोविड मरीज , 29 सीएफएस मरीज और 15 स्वस्थ लोग शामिल थे। शोधकर्ताओं ने पाया कि लंबे समय तक रहे कोविड और सीएफएस से पीड़ित लोगों के मस्तिष्क के हिप्पोकैम्पस नामक हिस्से का आकार स्वस्थ लोगों की तुलना में बड़ा था। हिप्पोकैम्पस वह हिस्सा है जो सीखने, याददाश्त और ध्यान केंद्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वैज्ञानिकों ने यह भी देखा कि हिप्पोकैम्पस की सूजन का सीधा संबंध मरीजों में लक्षणों की गंभीरता से था। अध्ययन की प्रमुख शोधकर्ता किरण थपलिया ने बताया कि हिप्पोकैम्पस में आए बदलावों के कारण मरीजों को याददाश्त से जुड़ी समस्याएं, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई और बातचीत के दौरान प्रतिक्रिया देने में देरी जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि हिप्पोकैम्पस के बड़े आकार का कारण मस्तिष्क में नई कोशिकाओं का बनना (न्यूरोजेनेसिस) हो सकता है या यह वायरस के प्रभाव की वजह से भी हो सकता है। इसके अलावा, शोध में यह भी पाया गया कि जिन मरीजों के हिप्पोकैम्पस का आकार अधिक था, उन्हें एकाग्रता की कमी, नींद में परेशानी, दर्द और अधिक थकान जैसी समस्याएं थीं।

## इंफ्लेमेटरी बाउल डिजीज के लिए सामान्य एंटीबायोटिक उम्मीद की किरण

*एक नए अध्ययन के अनुसार, संक्रमक दस्त के इलाज के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एंटीबायोटिक एक प्रकार के इंफ्लेमेटरी बाउल डिजीज (आईबीडी) के लिए प्रभावी दवा हो सकती है।*



ब्रिटेन के बर्मिंघम विश्वविद्यालय के रिसर्चर ने दिखाया कि वैंकोमायसिन नामक एंटीबायोटिक उन लोगों के इलाज में भी कारगर हो सकता है, जिन्हें एक खास तरह की आईबीडी है। यह प्राइमरी स्क्लेरोजिंग कोलांगाइटिस (पीएससी) नामक लाइलाज ऑटोइम्यून लिवर बीमारी के कारण विकसित होती है। क्रोन और कोलाइटिस जर्नल में प्रकाशित एक क्लिनिकल ट्रायल के हिस्से के रूप में इस दवा लेने के बाद, अध्ययन में शामिल पांच में से चार रोगियों ने रोगमुक्ति हासिल की। यह रिसर्च महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस बीमारी से पीड़ित कई प्रतिभागियों ने अन्य आईबीडी ट्रीटमेंट पर प्रतिक्रिया नहीं दी थी। सके अलावा, आईबीडी और पीएससी का आपस में गहरा संबंध है। पीएससी से पीड़ित अधिकांश व्यक्तियों में आईबीडी विकसित होता है। इसके साथ ही आईबीडी से पीड़ित 14 प्रतिशत रोगियों में भी पीएससी विकसित होता है। बर्मिंघम विश्वविद्यालय के डॉ. मोहम्मद नबील कुरैशी ने कहा, ÷हमारे निष्कर्षों से पता चलता है कि वैंकोमायसिन आईबीडी और ऑटोइम्यून लिवर रोग के इस चुनौतीपूर्ण संयोजन वाले रोगियों के लिए एक नया चिकित्सीय विकल्प प्रदान कर सकता है। साथ में, इस स्थिति ने कोलन सर्जरी की आवश्यकता को बढ़ा दिया। इसमें कोलन या लीवर कैंसर विकसित हो सकता है, जिसके लिए उन्हें लीवर ट्रांसप्लांट की आवश्यकता होगी। यह मृत्यु के जोखिम को भी बढ़ाता है। परीक्षण के दौरान, प्रतिभागियों को चार सप्ताह तक मौखिक एंटीबायोटिक दवाओं के साथ इलाज किया गया। उपचार के बाद लगभग 80 प्रतिशत रोगियों ने क्लीनिकल छूट मिल गई। उन्होंने सूजन संबंधी मार्करों में भी महत्वपूर्ण कमी दिखाई, और 100 प्रतिशत म्यूकोसल हीलिंग हो गई। हालांकि, जब 8 सप्ताह के बाद उपचार बंद कर दिया गया, तो लक्षण वापस आ गए।

## 44 की उम्र में कटआउट ड्रेस पहन **श्वेता तिवारी** ने सोशल मीडिया पर बरपाया कहर



बॉलीवुड एक्ट्रेस श्वेता तिवारी आए दिन अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस के बीच लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस 44 साल की हो चुकी हैं, लेकिन आए दिन अपनी हॉटनेस से फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। इन तस्वीरों में उनका बोल्ड और सेक्सी अंदाज देखकर लोगों की नजरें उनपर से हटने का नाम नहीं ले रही हैं।भोजपुरी इंडस्ट्री से बॉलीवुड तक का सफर तय करने वाली एक्ट्रेस श्वेता तिवारी आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। वो आए दिन अपनी शोख अदाओं से फैंस को इस कदर दीवाना बनती हैं कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।अब हाल हे में एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं।



इन फोटोज में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस की निगाहें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही हैं।श्वेता तिवारी जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही फैंस के बीच तबाही मचाने लगता है।एक्ट्रेस की इन लेटेस्ट फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने ब्राउन कलर का स्टाइलिश कटआउट बॉडीकॉन ड्रेस पहना हुआ है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही शानदार नजर आ रही हैं।बालों का हाई बन बनाकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। इन फोटोज में उनका किलर लुक देखकर फैंस भी मंत्रमुग्ध हो गए हैं।श्वेता तिवारी सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं। वो आए दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़े अपडेट्स फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं।

## 'परीक्षा पे चर्चा' में अपना अनुभव बताएंगी दीपिका, पीएम मोदी ने शेयर किया प्रोमो





*अभिनेत्री दीपिका पादुकोण 'परीक्षा पे चर्चा' के 8वें संस्करण के दूसरे एपिसोड में छात्रों से बात करती नजर आएंगी। पीएम ने एपिसोड का प्रोमो शेयर किया है, जिसमें अभिनेत्री छात्रों से बात करती नजर आईं।*




एक्स हैंडल पर 'परीक्षा पे चर्चा' के दूसरे एपिसोड के प्रोमो वीडियो को शेयर करते हुए पीएम ने लिखा, ÷एग्जाम वॉरियर्स के चर्चा किए जाने वाले सबसे आम विषयों में से एक मानसिक स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती है, इसलिए इस साल की 'परीक्षा पे चर्चा' में इस विषय पर विशेष रूप से एक एपिसोड है, जो कल 12 फरवरी को प्रसारित होगा।÷ पीएम मोदी ने अभिनेत्री के एपिसोड में शामिल होने की जानकारी देते हुए आगे लिखा, ÷हमारे साथ दीपिका पादुकोण हैं, जो इस विषय के बारे में बहुत भावुक हैं और इस पर बात कर रही हैं। शेयर किए गए प्रोमो वीडियो में दीपिका न केवल अपने अनुभव को शेयर करती हैं, बल्कि वह छात्रों को यह भी बताती नजर आईं कि इस समस्या से बाहर कैसे निकलें। दीपिका खुद मानसिक स्वास्थ्य की समस्या की शिकार रह चुकी हैं। इससे पहले दीपिका ने 'परीक्षा पे चर्चा' के 8वें संस्करण में 'मानसिक स्वास्थ्य' पर छात्रों से बात करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। इंस्टाग्राम पर प्रोमो को शेयर करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि वह इसे लेकर काफी उत्साहित हैं। दीपिका पादुकोण मानसिक स्वास्थ्य को लेकर अक्सर लोगों को जागरूक करती नजर आती हैं। ऐसे में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर दीपिका ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया कि इस एपिसोड में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में महत्वपूर्ण बातचीत होगी, खासकर शिक्षा के संदर्भ में।

## इम्तियाज अली और संजय लीला भंसाली के साथ काम करना चाहती हैं रश्मि देसाई





अभिनेत्री रश्मि देसाई कई सफल टीवी शो में काम कर चुकी हैं। हालांकि, कुछ निर्देशकों के साथ वह काम नहीं कर पाई हैं। उन्होंने अपनी ख्वाहिश का इजहार किया और बताया कि कौन-कौन से निर्देशकों के साथ वह काम करना चाहती हैं।रश्मि देसाई ने कहा, मैंने यह कई बार कहा है और आज फिर कहूंगी। मैं इम्तियाज अली और संजय लीला भंसाली के साथ काम करना चाहती हूं। मैं ऑडिशन देने के लिए तैयार हूं और मुझे उम्मीद है कि मुझे इस जीवन में उनके साथ काम करने का अवसर जरूर मिलेगा। जिस तरह से वे लोगों को जीवन के प्रति एक नया नजरिया देते हैं, वह बहुत खूबसूरत है।उनसे जब यह पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि बॉलीवुड, टीवी कलाकारों को टाइपकास्ट करता है। इस पर उन्होंने जवाब देते हुए कहा, वे करते हैं, कठिनाई जीवन का एक हिस्सा है। जब आप कड़ी मेहनत करते हैं, जब आप अच्छा काम करते हैं, तो आपको अपने परिश्रम का फल जरूर मिलता है। आपको चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। वे आपको टीवी एक्टर, ओटीटी एक्टर, फिल्म एक्टर बनाते हैं, लेकिन मुझे लगता है, एक एक्टर एक एक्टर है।रश्मि देसाई आखिरी बार व्यंग्य एक्शन कॉमेडी हिसाब बराबर' में नजर आई थीं। फिल्म की कहानी लिखने के साथ निर्देशन भी अश्विनी धीर ने ही किया। फिल्म का निर्माण जियो स्टूडियो ने एसपी सिनेकॉर्प के सहयोग से किया है।रश्मि देसाई के साथ इस प्रोजेक्ट में आर. माधवन मुख्य भूमिका में हैं। इसके साथ ही फिल्म में नील नितिन मुकेश, कीर्ति कुल्हारी और फैजल राशिद समेत अन्य कलाकार महत्वपूर्ण भूमिका में हैं।फिल्म की कहानी एक रेलवे टिकट परीक्षक राधे मोहन शर्मा पर आधारित है, जो अपने बैंक खाते में एक छोटी सी गड़बड़ी को नोटिस करता है। इस मुद्दे को सुलझाने के अपने प्रयास के दौरान वह एक बैंकर मिकी मेहता से जुड़े एक बड़े वित्तीय घोटाले का पर्दाफाश करता है।हिसाब बराबर' का प्रीमियर 26 नवंबर 2024 को गोवा में भारत के 55वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में हुआ था। फिल्म को 24 जनवरी 2025 को जी5 पर रिलीज किया गया था।



## पर्सनल स्टाइल पर खूब प्रयोग करती हैं जैकलीन

*अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात की। उन्होंने न केवल फैशन और काम को लेकर बात की, बल्कि बताया कि वह पर्दे पर फ्रांसीसी फैशन डिजाइनर कोको चैनल की भूमिका निभाना चाहती हैं।*

चंडीगढ़ में ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर में डिजाइनर कनिका गोयल के लिए रैंप पर उतरीं जैकलीन ने कहा, ÷मुझे लगता है कि फैशन का मतलब रचनात्मक होने के साथ यूनिक होना है। आप फैशन के साथ हर दिन खुद के होने का जश्न मनाते हैं। फैशन खूबसूरत और पॉजिटिव चीज है।÷

यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें स्क्रीन पर एक फैशन आइकन की भूमिका निभानी है। अभिनेत्री ने कहा, ÷ हां मैं 'कोको चैनल' की भूमिका निभाना चाहूंगी। अभिनेत्री ने आगे बताया, ÷जब ड्रेसिंग या कैजुअल होने के बीच चयन की बात आती है तो सब कुछ मूड पर निर्भर करता है। मुझे अक्सर मूड स्विंग्स होते हैं। मैं ज्यादातर समय कैजुअल में रहती हूं। मेरे कई स्टाइलिस्ट्स मुझसे कहते हैं, 'जैकी, आपका वॉर्डरोब बहुत साधारण है!' क्योंकि मुझे हमेशा स्टाइल किया जाता है, इसलिए मैं अपने कपड़ों को लेकर ज्यादा परेशान नहीं होती हूं, वे सामान्य से ही अच्छे लगते हैं। अभिनेत्री ने आगे बताया, ÷मुझे एक बहुत अच्छी, हॉट ड्रेस पहननी हो और मौज-मस्ती करनी हो या फिर जब बात रेड कार्पेट या खासकर स्टेज पर जाने की बात आती है तो मुझे स्टेज के लिए तैयार होना बहुत पसंद है। हालांकि, मैं 90 प्रतिशत समय में कैजुअल रहती हूं।÷

## साहस, एकता और शिक्षा की मजबूत कहानी है 'रूल ब्रेकर्स' : अली फजल

*अभिनेता अली फजल की अपकमिंग फिल्म 'रूल ब्रेकर्स' 7 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से पहले अमेरिका में रिलीज के लिए तैयार है। अभिनेता ने बताया कि फिल्म में साहस, एकता और शिक्षा की एक मजबूत कहानी है।*



अभिनेता ने अपने किरदार के पहले लुक की झलक शेयर की। फिल्म में अली लॉस एंजिल्स के एक तकनीकी विशेषज्ञ की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म में उनके किरदार का नाम 'समीर सिन्हा' है। अपनी उत्सुकता को शेयर करते हुए अली ने कहा, ÷यह फिल्म एक रत्न है और मैं इसका हिस्सा बनकर गर्व महसूस कर रहा हूं। 'रूल ब्रेकर्स' सिर्फएक कहानी नहीं है। यह साहस, एकता और शिक्षा के साथ बनी एक मजबूत कहानी है। उन्होंने कहा, ÷अमेरिका में महिला दिवस की पूर्व संध्या पर रिलीज करना इसे और भी खास बनाता है क्योंकि यह महिलाओं की ताकत के साथ जुड़ा है। मैं फिल्म की रिलीज को लेकर उत्साहित हूं। मनोरंजक-ड्रामा 'रूल ब्रेकर्स' महिला-केंद्रित फिल्म है और एक ऐसी महिला की कहानी बताती है, जो ऐसे समाज में युवा लड़कियों को शिक्षित करने का साहस करती है, जहां इसे एक विद्रोह के रूप में देखा जाता है। 'रूल ब्रेकर्स' का निर्देशन ऑस्कर विजेता फिल्म निर्माता बिल गुटेंटैग ने किया है। इस बीच बता दें, 2025 काम के लिहाज से अली के लिए बेहद खास साल है। बॉलीवुड, ओटीटी, हॉलीवुड के साथ उनके पास साउथ के कई प्रोजेक्ट्स हैं।

## प्रियंका और निक ने सिद्धार्थ की शादी के 'अनमोल पल' किए शेयर

*प्रियंका चोपड़ा और निक जोनास ने सिद्धार्थ चोपड़ा की शादी के अनमोल पलों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर शेयर किया।*

शादी के विभिन्न समारोहों से अपने लुक को दिखाते हुए, 'बर्फी' अभिनेत्री ने अपने आईजी पर लिखा, भाई की शादी लेकिन फैशन भी,÷ साथ में रेड हार्ट इमोजी भी लगाई। वहीं, निक जोनास ने पोस्ट पर टिप्पणी करते हुए लिखा, ÷वाह। बहुत खूबसूरत था सब। भाई की शादी में प्रियंका चोपड़ा मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन किए गए नीले रंग के लहंगे में नजर आईं। इससे पहले, उन्होंने संगीत समारोह के लिए फाल्गुनी शेन पीकॉक का डिजाइनर लहंगा चुना था। मेहंदी के मौके पर ग्लोबल स्टार ने राहुल मिश्रा का कोर्सेट लहंगा गाउन पहना था। प्रियंका चोपड़ा ने हल्दी समारोह के लिए खूबसूरत पीले रंग की कुर्ती और लहंगा लुक अपनाया। दूल्हे की बहन को शादी से पहले के एक समारोह में नारंगी रंग की स्लीवलेस कुर्ती, सुनहरे पलाजो पैंट और कढ़ाईदार ऑर्गेना दुपट्टा पहने देखा गया। पूर्व ब्यूटी क्वीन ने अपने भाई सिद्धार्थ चोपड़ा की शादी में हर लुक में जलवा बिखेरा।

अभिनेत्री प्रियंका के साथ-साथ जीजू निक जोनास ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल का इस्तेमाल कर शादी के अनमोल क्षणों को साझा किया। इस पोस्ट में संगीत की रात, वरमाला समारोह, फेरे और शादी के बाद की रस्मों की झलकियां शामिल थीं। अमेरिकी गायक और अभिनेता ने फोटो-शेयरिंग ऐप पर लिखा, ÷इन दो अद्भुत इंसानों के खूबसूरत मिलन को देखने के लिए भारत की एक क्विक ट्रिप (त्वरित यात्रा)।

## महाकुंभ : ईशा कोप्पिकर की तीन पीढ़ियों ने संगम में लगाई डुबकी





*प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में आम लोगों के साथ कई हस्तियां भी शिरकत कर चुकी हैं। अभिनेत्री ईशा कोप्पिकर अपने माता-पिता और बेटी रिआना के साथ महाकुंभ पहुंची, जहां उन्होंने आस्था की डुबकी लगाई।*

ईशा कोप्पिकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उनकी यात्रा झलक शामिल है। रील में अभिनेत्री अपनी बेटी के साथ पानी में डुबकी लगाती नजर आईं। एक फ्रेम में उनके माता-पिता भी साथ नजर आ रहे हैं। अभिनेत्री पूजा-अर्चना करती दिखीं।

वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, ÷तीन पीढ़ियां, एक पवित्र क्षण। यहां आस्था, परंपरा और आशीर्वाद है। हमने महाकुंभ के दिव्य जल में डुबकी लगाई।

ईशा कोप्पिकर से पहले निर्माता एकता कपूर भी प्रयागराज में पवित्र स्नान करने पहुंची थीं। उन्होंने अपनी यात्रा की कुछ झलकियां इंस्टाग्राम पर शेयर की थी। ईशा कोप्पिकर, एकता कपूर और शिवांगी जोशी से पहले मनोरंजन जगत की कई हस्तियां महाकुंभ जा चुकी हैं। भोजपुरी अभिनेता दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' और अभिनेत्री आम्रपाली समेत अन्य कलाकार महाकुंभ में शिरकत कर चुके हैं।

महाकुंभ जाने वाले सितारों की लिस्ट में अभिनेता राजकुमार राव और उनकी पत्नी पत्रलेखा का भी नाम शामिल है, जहां वह संगम में डुबकी लगाने के बाद परमार्थ निकेतन आश्रम पहुंचे और स्वामी चिदानंद सरस्वती से मुलाकात कर आशीर्वाद भी लिया था।

अभिनेत्री ईशा गुप्ता भी अपनी मां के साथ संगम नगरी पहुंची थीं।

पूनम पांडे, किटू गिडवानी, फिल्म निर्माता कबीर खान, कॉमेडियन-अभिनेता सुनील ग्रोवर, गायक-अभिनेता गुरु रंधावा, अविनाश तिवारी, अनुपम खेर, भाग्यश्री, रेमो डिसूजा, सिद्धार्थ निगम, प्रियंका चोपड़ा की मां मधु चोपड़ा, तनीषा मुखर्जी, ममता कुलकर्णी समेत कई मशहूर हस्तियां इस भव्य आध्यात्मिक समागम में भाग ले चुकी हैं।



## रणवीर और समय रैना पर भड़के सुदीप्तो सेन, बोले- आधुनिकता के दायरे में नहीं आती ये चीजें

*समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में यूट्यूबर-पॉडकास्टर रणवीर अलाहाबादिया के 'अश्लील जोक्स' का मामला गर्माता जा रहा है। इस मामले पर 'द केरल स्टोरी' के निर्देशक सुदीप्तो सेन ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात की।*



सेन ने इस घटना पर अपनी चिंता व्यक्त की और इसे प्लेटफॉर्म का गलत इस्तेमाल बताने के साथ उनकी आलोचना की। निर्देशक ने कहा, ÷मैंने हाल ही में कुछ घटनाओं के बारे में पढ़ा, जहां प्रभावशाली लोगों ने अश्लील विषयों पर खुलेआम चर्चा की। मुझे यह गंदा और अनावश्यक लगता है।÷ सुदीप्तो ने कहा, ÷अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जिम्मेदारी के साथ आती है। भारत में अभी भी बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जो ज्यादा पढ़े-लिखे नहीं हैं। ऐसे में उन शिक्षित लोगों को ऐसे मामलों में सचेत रहना चाहिए। सार्वजनिक रूप से ऐसे विषयों पर चर्चा करना आधुनिकता के दायरे में नहीं आता है। सामाजिकता को भी समझना होगा। कॉमेडियन सुनील पाल ने भी साथी कॉमेडियन समय और पॉडकास्टर रणवीर के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में 'अश्लील जोक्स' पर अपनी कड़ी नाराजगी जताई। सुनील ने कहा, ÷उन्हें स्टैंड-अप कॉमेडियन न कहें। यह वास्तविक स्टैंड-अप कॉमेडी का अपमान होगा। वे अशिक्षित व्यक्ति हैं, जिनके साथ आतंकवादियों जैसा व्यवहार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ÷आज की युवा पीढ़ी जिम्मेदार और सुसंस्कृत व्यक्ति बनने की कोशिश कर रही है। हालांकि, इन तथाकथित कॉमेडियन को सार्वजनिक मंचों पर आमंत्रित किया जाता है, जहां वे अश्लीलता और आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करते हैं और विडंबना यह है कि इन कार्यक्रमों के आयोजक पढ़े-लिखे लोग हैं।